राष्ट्रीय हिन्दी दैनिक

Www.gauravshalibharat.com



# गौरवशाली भारत

नई दिल्ली से प्रकाशित

वर्ष : 11
अंक : 266
पृष्ठ : 08
नई दिल्ली
शुक्रवार 08 अप्रैल 2022
मूल्य : 1.50/-
RNI No .DELHIN/2011/38334

मुख्य अपडेट

पेज 3 सत्येन्द्र जैन को अगर 24 घंटे के अंदर बर्खास्त नहीं किया गया तो मुख्यमंत्री के खिलाफ भाजपा करेगी प्रचंड प्रदर्शन : आदेश गुप्ता

पेज 5 एमएलसी चुनाव से पहले सपा को झटका - पूर्व सांसद राधेमोहन सिंह ने छोड़ी पार्टी, अखिलेश यादव के फैसलों पर जताई

पेज 7 अफगान क्रिकेटर राशिद खान ने अपना नया मेन्स फैशन ब्रांड आरके 19 लॉन्च किया

वार्षिक सम्मेलन



केंद्रीय गृह और सहकारिता मंत्री, अमित शाह नई दिल्ली में राष्ट्रीय आपदा प्रतिक्रिया बल द्वारा आयोजित आपदा प्रतिक्रिया के लिए क्षमता निर्माण - 2022 पर वार्षिक सम्मेलन में भाग लेते हुए।

## एनसीसी, एनएसएस और होमगार्ड को भी आपदा प्रबंधन तंत्र से जोड़ें : शाह

नयी दिल्ली। केन्द्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने राष्ट्रीय कैडेट कोर, राष्ट्रीय सेवा योजना, होमगार्ड और महिला स्वयंसेवकों को भी आपदा प्रबंधन तंत्र से जोड़ने को कहा है जिससे कि विपदा के समय स्वयंसेवकों तथा जन संसाधन की कमी न रहे और आपदा संबंधी एलर्ट लोगों को तुरंत पहुंचाये जा सकें।

शाह ने गुरूवार को यहां राष्ट्रीय आपदा मोचन बल द्वारा क्षमता निर्माण पर आयोजित दो दिवसीय वार्षिक सम्मेलन को संबोधित करते हुए कहा कि अब देश ने तकनीक के बल पर यह क्षमता हासिल कर ली है कि ज्यादातर आपदाओं के बारे में समय से पहले ही चेतावनी और संकेत मिल जाते हैं। उन्होंने कहा कि अब यह जरूरी है कि यह चेतावनी और एलर्ट समय रहते प्रभावित क्षेत्र के हर व्यक्ति तक पहुंचे और उसे तुरंत सहायता मिले।

गृह मंत्री ने कहा कि इसके लिए राष्ट्रीय कैडेट कोर, राष्ट्रीय सेवा योजना, होमगार्ड और महिला स्वयंसेवकों को भी आपदा प्रबंधन के तंत्र से जोड़ने की जरूरत है। उन्होंने कहा कि इन सबको व्यवस्थित तरीके से प्रशिक्षित किया जाना चाहिए जिससे कि विपदा के समय प्रशिक्षित स्वयंसेवकों तथा जन संसाधन की कमी न रहे और आपदा संबंधी एलर्ट लोगों को तुरंत पहुंचाये जा सकें। उन्होंने कहा कि ये प्रशिक्षित युवा एनडीआरएफ की टीम पहुंचने से पहले एक तरह से फर्स्ट एड की सुविधा देने का काम करेंगे। उन्होंने कहा कि आपदा प्रबंधन के तंत्र को गांवों तक पहुंचाने के लिए आपदा मित्र योजना शुरू की गयी है जिसमें गांव गांव में प्रशिक्षित युवाओं की टीमों का गठन किया जा रहा है। इसके अलावा विभिन्न तरह की ऐप भी बनायी जा रही हैं । इन ऐप को भी जमीनी स्तर तक पहुंचाने के लिए काम किये जाने की जरूरत है जिससे लोग इस पर उपलब्ध जानकारी का फायदा उठा सकें।

गृह मंत्री ने कहा कि आपदा मोचन का काम केवल कागजों पर अनुसंधान से नहीं किया जा सकता इसके लिए व्यापक स्तर पर संबंधित लोगों का क्षमता निर्माण जरूरी है।

# बिहार एमएलसी चुनाव

## एनडीए को 13, आरजेडी को 6 सीट, मंत्री नीरज सिंह बबलू की पत्नी हारी

पटना। बिहार विधान परिषद के स्थानीय प्राधिकार कोटे की 24 सीटों के चुनाव परिणाम आने शुरू हो चुके हैं। इनमें अब तक 13 सीटों पर एनडीए, 6 सीट पर आरजेडी और 4 सीट पर निर्दलीय प्रत्याशी की जीत हुई है। भाजपा को सबसे बड़ा झटका सहरसा में लगा है, यहां से मंत्री नीरज सिंह बबलू की पत्नी चुनाव हार गईं हैं। सीतामढ़ी से जेडीयू प्रत्याशी रेखा कुमारी ने महज 68 वोट से चुनाव जीत लिया। वहीं, सारण से निर्दलीय प्रत्याशी सच्चिदानंद राय जीते हैं। वहीं, बेगूसराय में भारी उलटफेर हो गया है। वहां से कांग्रेस के राजीव कुमार ने भाजपा के बड़े नेता रजनीश कुमार को हरा दिया है। आरजेडी ने चुनाव में धांधली करने का आरोप लगाया है। पार्टी का शिष्टमंडल चुनाव आयोग जाने की तैयारी में है।

वहीं, सीवान से आरजेडी के विनोद जायसवाल जीते हैं। अंतिम समय तक




हठ करके भाजपा से टिकट लेने वाले मनोज सिंह तीसरे नंबर पर रहे हैं। रईस खान दूसरे नंबर पर रहा है।

### वैशाली मतगणना केंद्र पर हंगामा

वहीं, वैशाली जिले के हाजीपुर के जीए इंटर स्कूल मतगणना केंद्र के अंदर मतगणना के दौरान मतपत्र में सीधी लाइन और तिरछी लाईन को लेकर हंगामा हुआ। इस दौरान एक अफरातफरी मची रही। वहीं, एक उम्मीदवार के मतगणना अभिकर्ता को मतगणना केंद्र से बाहर कर दिया गया है।

### वरीयता वोट के आधार पर होती है मतगणना

**विधान परिषद के चुनाव में 24 सीटों की मतगणना वरीयता वोट के आधार पर होती है। प्रथम वरीयता के वोट के आधार पर कोटा का निर्धारण किया जाता है। इस चुनाव में बूथवार वोटों की गिनती नहीं होती, सबसे पहले सभी वोटों को आपस में मिला दिया जाएगा। मान्य वोट को अलग कर लिया जाएगा। अमान्य वोट की गिनती नहीं होती है। मान्य वोटों की संख्या जितनी भी होती है उसको आधे आधे दो भागों में बांटा जाता है, उसमे को जिस प्रत्याशी को वोट ज्यादा आएंगे उन्हें जीत घोषित कर दिया जाएगा।**

### किसे मिला कितना वोट?

औरंगाबाद भाजपा प्रत्याशी दिलीप कुमार सिंह 284 वोट से और मुजफ्फरपुर से दिनेश कुमार सिंह 5171 मत से जीते। भोजपुर-बक्सर से एनडीए प्रत्याशी राधा चरण साह की 1043 वोट से जीत हुई है। पश्चिमी चंपारण से सौरभ कुमार 604 वोट से विजयी घोषित किए गए। रोहतास से एनडीए उम्मीदवार संतोष सिंह को 3051 मत मिले हैं। वहीं, समस्तीपुर से भाजपा प्रत्याशी डॉ. तरुण कुमार को 3338 मत प्राप्त हुए। सीतामढ़ी से जेडीयू प्रत्याशी रेखा कुमारी ने 68 वोट से चुनाव जीत लिया है।

### 14 टेबल पर चल रही थी काउंटिंग

मतगणना केंद्र स्थल पर बैलेट बॉक्स से सभी मतपत्रों को निकाल कर उसकी गिनती हुई। इसके लिए सभी मतगणना केंद्र में 14 टेबल बनाए गए थे।

# आंध्र की पूरी कैबिनेट का इस्तीफा

## 24 मंत्रियों ने मुख्यमंत्री जगनमोहन को इस्तीफा सौंपा, नई कैबिनेट का गठन 11 अप्रैल को संभव

अमरावती। आंध्र प्रदेश में 2024 विधानसभा चुनाव से पहले बड़ा फेरबदल हुआ है। राज्य की पूरी कैबिनेट ने गुरुवार को इस्तीफा दे दिया। 24 मंत्रियों ने अपना इस्तीफा सीएम जगन मोहन रेड्डी को सौंपा है। जगन मोहन पूरी कैबिनेट को बदलने की तैयारी कर रहे हैं। सूत्रों के मुताबिक नए मंत्रिमंडल में केवल एक या दो पुराने चेहरों को ही जगह दी जाएगी। इस बदलाव की पूरी संभावना थी, क्योंकि 2019 के चुनाव में भारी जीत के तुरंत बाद जगन रेड्डी ने ऐलान किया था कि वे अपने कार्यकाल के आधे समय में ही पूरी तरह से नई टीम का चुनाव करेंगे। मंत्रिमंडल में यह फेरबदल पिछले साल दिसंबर में ही होना था, लेकिन कोरोना की वजह से इसे टालना पड़ा।

### 9 अप्रैल को नए मंत्रिमंडल की शपथ संभव

मुख्यमंत्री जगन ने कल शाम राज्यपाल विश्वभूषण हरिचंदन से मुलाकात की और उन्हें मंत्रिमंडल में होने वाले बदलाव की जानकारी दी। संभावना है कि वे जल्द ही राज्यपाल से मुलाकात करेंगे और नए मंत्रियों की लिस्ट सौपेंगे। सूत्रों का कहना है कि 11 अप्रैल को नई कैबिनेट का गठन किया जा सकता है।



### 26 नए जिलों से मंत्रियों का चुनाव

सूत्रों के मुताबिक आज 2 घंटे चली बैठक के बाद मंत्रियों के इस्तीफे हुए हैं। मंत्रियों ने कहा कि उन्हें जिम्मेदारी सौंपते समय ही बता दिया गया था कि मंत्री पद ढाई साल के लिए ही रहेगा। अब 26 नए जिले बनने के बाद हर जिले में से एक मंत्री को कैबिनेट में जगह दी जा सकती है। हर जाति, क्षेत्र, धर्म के महिला-पुरुष को जगह दी जाएगी। जून 2019 में जगन मोहन ने मुख्यमंत्री के तौर पर कार्यभार संभालने के दौरान ऐसा ही संतुलन कैबिनेट में बनाया था। जगन मोहन ने अनुसूचित जाति, अनुसूचित जनजाति, पिछड़ा वर्ग, कापू और मुस्लिम समुदाय से कुल 5 डिप्टी सीएम चुने थे। कैबिनेट में तीन महिलाएं शामिल की गई थीं।

### पार्टी में नई जिम्मेदारी संभालेंगे

**एक मंत्री ने कहा कि मंत्रियों को हटाए जाने का मतलब खराब प्रदर्शन नहीं है। मंत्रियों को पता है कि उनमें से ज्यादातर को नए कैबिनेट में जगह नहीं मिलेगी। उन्हें पार्टी की भूमिका दिए जाने की संभावना है। मंत्री के तौर पर उन्होंने जो तालमेल विकसित किया है, उसका इस्तेमाल जिलों के बीच कोऑर्डिनेशन के लिए जरूरी होगा।**

# देश में 24 घंटों के दौरान 1222 लोगों ने दी कोरोना के मात

## देश में कोरोना रोगियों की संख्या 11 हजार 639 रह गयी है



नयी दिल्ली। देश में पिछले 24 घंटों के दौरान 1222 लोगों ने कोरोना वायरस को मात दी है। इसके बाद इस संक्रमण से निजात पाने वाले लोगों की संख्या 42498789 हो गयी है।

केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने गुरुवार को यहां बताया कि आज सुबह सात बजे तक 185 करोड़ 20 लाख 32 हजार 469 कोविड टीके दिये जा चुके हैं।

मंत्रालय ने बताया कि पिछले 24 घंटों में कोविड संक्रमण के एक हजार 33 नये मरीज सामने आये हैं। इनके साथ ही देश में कोरोना रोगियों की संख्या 11 हजार 639 रह गयी है।

यह संक्रमित मामलों का 0.03 प्रतिशत है। दैनिक संक्रमण दर 0.21 प्रतिशत हो गयी है।

मंत्रालय ने बताया कि इसी अवधि में एक हजार 222 लोग कोविड से मुक्त हुए हैं। अभी तक कुल चार करोड़ 24 लाख 98 हजार 789 लोग कोविड से उबर चुके हैं। स्वस्थ होने की दर 98.76 प्रतिशत है।

देश में पिछले 24 घंटे में चार लाख 82 हजार 39 कोविड परीक्षण किए गये हैं। देश में कुल

79 करोड़ 25 लाख नौ हजार 451 कोविड परीक्षण किए हैं। वहीं इस दौरान देश में 43 मरीजों की मौत होने से इस जानलेवा विषाणु के कारण जान गंवाने वाले लोगों की कुल संख्या बढ़कर 521530 हो गयी है। इस समय कोविड-19 से होने वाली मौतों की दर 1.21 प्रतिशत है।

केरल में पिछले 24 घंटे में सक्रिय मामलों में 40 घटकर इनकी संख्या 3305 रह गयी। वहीं, 369 लोगों के स्वस्थ होने के बाद इससे निजात पाने वाले लोगों की संख्या 6463180 हो गई है, जबकि मृतकों का आंकड़ा 68228 हो गया है।

कर्नाटक में सक्रिय मामले 53 घटकर 1457 रह गए हैं। इस दौरान 85 मरीजों के ठीक होने से इस महामारी से निजात पाने वालों की कुल संख्या 3904247 हो गई है। राज्य में मृतकों का आंकड़ा 40056 है।

पूर्वोत्तर राज्य मिजोरम में 56 सक्रिय मामले घटने से इनकी संख्या 856 हो गयी है। इस दौरान राज्य में 157 लोगों के स्वस्थ होने के बाद इस महामारी को मात देने वालों की संख्या बढ़कर 223670 हो गई है। राज्य में मृतकों का आंकड़ा 687 पर पहुंच गया है।

महाराष्ट्र में इस दौरान 05 सक्रिय मामले बढ़ने के साथ इनकी संख्या 865 हो गई है। इस दौरान राज्य में 106 लोगों के स्वस्थ होने के बाद इस महामारी को मात देने वालों की संख्या बढ़कर 7726025 हो गई है। राज्य में मृतकों का आंकड़ा 147800 हो गया है।पश्चिम बंगाल में इस दौरान सक्रिय मामले 21 घटकर 517 रह गए हैं तथा मृतकों का आंकड़ा 21200 है। राज्य में 1995861 मरीज संक्रमण मुक्त हो चुके हैं।

पर्वतीय राज्य उत्तराखंड में कोरोना के सक्रिय मामलों की संख्या चार घटकर 475 रह गई है और राज्य में अभी तक 429117 लोग इस जानलेवा वायरस से निजात पा चुके हैं। मृतकों का आंकड़ा 7692 पर स्थिर है।

### कोविड टीकाकरण में 185.20 करोड़ टीके लगे

नयी दिल्ली 07 अप्रैल (वार्ता) देशभर में राष्ट्रीय कोविड टीकाकरण अभियान के अंतर्गत 185.20 करोड़ से अधिक कोविड टीके लगाए गए हैं। केंद्रीय स्वास्थ्य एवं परिवार कल्याण मंत्रालय ने गुरुवार को यहां बताया कि आज सुबह सात बजे तक 185 करोड़ 20 लाख 32 हजार 469 कोविड टीके दिये जा चुके हैं। मंत्रालय ने बताया कि पिछले 24 घंटों में कोविड संक्रमण के एक हजार 33 नये मरीज सामने आये हैं। इनके साथ ही देश में कोरोना रोगियों की संख्या 11 हजार 639 रह गयी है। यह संक्रमित मामलों का 0.03 प्रतिशत है। दैनिक संक्रमण दर 0.21 प्रतिशत हो गयी है। मंत्रालय ने बताया कि इसी अवधि में एक हजार 222 लोग कोविड से मुक्त हुए हैं। अभी तक कुल चार करोड़ 24 लाख 98 हजार 789 लोग कोविड से उबर चुके हैं। स्वस्थ होने की दर 98.76 प्रतिशत है। देश में पिछले 24 घंटे में चार लाख 82 हजार 39 कोविड परीक्षण किए गये हैं। देश में कुल 79 करोड़ 25 लाख नौ हजार 451 कोविड परीक्षण किए हैं।

### श्रीलंका को यथासंभव मदद करेगा भारत

नयी दिल्ली। भारत ने आज कहा कि वह श्रीलंका का पड़ोसी एवं मित्र देश होने के नाते उसे कोविड पश्चात आर्थिक संकट से उबारने के लिए यथासंभव मदद करेगा। विदेश मंत्रालय के प्रवक्ता अरिंदम बागची ने यहां नियमित ब्रीफिंग में श्रीलंका के बारे में एक सवाल के जवाब में कहा कि हम पड़ोसी एवं मित्र देश हैं। वहां तेजी से बदलती आर्थिक स्थिति और अन्य घटनाक्रम को देखते हुए हमने बीते दो तीन माह में श्रीलंका को ढाई अरब डॉलर की आर्थिक सहायता दी है जिसमें सर्वाधिक जरूरी ईंधन एवं खाद्यान्न के लिए ऋण सुविधा शामिल है। भारत एवं श्रीलंका के बीच संबंधों की जड़े साझे सांस्कृतिक मूल्यों एवं हमारे लोगों की आकांक्षाओं तथा समानताओं पर आधारित हमारे सहयोग और हितों में निहित हैं जो हाल के माह में और मजबूत हुए हैं।

### चीनी हैकर्स का साइबर अटैक : इंटेलिजेंस फर्म का दावा

# हैकर्स ने लद्दाख के पास पावर ग्रिड को टारगेट किया; सरकार ने कहा- हमारा सिस्टम मजबूत

एजेंसी

लद्दाख। चीनी हैकर्स ने कुछ महीने पहले लद्दाख के पास पावर ग्रिड को निशाना बनाया था। इनका मकसद जरूरी जानकारी चुराना था। अमेरिका के मैसाचुसेट्स की निजी खुफिया फर्म रिकॉर्डेड फ्यूचर ने अपनी एक रिपोर्ट में इस बात का दावा किया है। फर्म ने कहा कि उसने भारत सरकार को ये जानकारी देने के बाद ही रिपोर्ट पब्लिश की है।

केंद्रीय ऊर्जा मंत्री आरके सिंह ने इस बारे में कहा है कि चीनी हैकर्स ने लद्दाख के पास इलेक्ट्रिसिटी



डिस्ट्रीब्यूशन सेंटर्स को निशाना बनाने की दो कोशिशें की थीं, लेकिन इसमें वे सफल नहीं हुए। हमने पहले से ही अपने डिफेंस सिस्टम को मजबूत बना रखा है ताकि ऐसे साइबर हमलों से सुरक्षित रह सकें।

### क्या दावा किया गया रिपोर्ट में

रिपोर्ट में दावा किया गया कि हाल के महीनों में हैकर्स ने कम से कम 7 इंडियन स्टेट लोड डिस्पैच सेंटर को निशाना बनाया।

ये सेंटर्स लद्दाख में भारत-चीन सीमा के पास मौजूद इलाकों में ग्रिड कंट्रोल और रियल टाइम पावर डिस्ट्रिब्यूशन करते हैं।

रिपोर्ट में बताया गया कि हैकर्स के इसी ग्रुप ने नेशनल इमरजेंसी रिस्पॉन्स सिस्टम को भी निशाना बनाने की कोशिश की।

### लोड डिस्पैच सेंटर्स भी बने थे निशाना

रिपोर्ट में बताया गया कि हैकर्स ने पिछले 18 महीनों में स्टेट और रीजनल लोड डिस्पैच सेंटर्स को लगातार टारगेट किया। पहले RedEcho नाम के ग्रुप ने हैकिंग की कोशिश की और उसके बाद ञ्जत्र-38 ग्रुप सामने आया है। ये दिखाता है कि भारत में चीन प्रायोजित खतरे लंबे समय से एक्टिव हैं। ऐसे ग्रुप खुफिया जानकारी जुटाने के मौकों की तलाश में रहते हैं।

# महंगाई पर चर्चा के डर से पहले कर दिया सदन स्थगित: कांग्रेस

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** कांग्रेस ने कहा है कि सरकार ने महंगाई और बेरोजगारी जैसे महत्वपूर्ण मुद्दों पर चर्चा से बचने के लिए संसद की कार्यवाही निर्धारित अवधि से एक दिन पहले स्थगित की है।

राज्यसभा में विपक्ष के नेता मल्लिकार्जुन खड़गे, लोकसभा में कांग्रेस के नेता अधीर रंजन चौधरी, कांग्रेस सांसद के सुरेश तथा जयराम रमेश ने गुरुवार को यहां पार्टी मुख्यालय आयोजित संयुक्त संवाददाता सम्मेलन में कहा कि सबसे महत्वपूर्ण मुद्दा महंगाई का है। देश में महंगाई आसमान छू रही है और



बेरोजगारी का आंकड़ा अब तक के सबसे ऊंचे स्तर है और इन मुद्दों को विपक्ष संसद में नहीं उठाए इसलिए कार्यवाही पहले ही स्थगित की गई है। श्री खडगे ने कहा कि कांग्रेस पेट्रोल, डीजल और रसोई गैस के दाम बढ़ने पर लगातार चिंता व्यक्त कर रही है और सड़क से लेकर संसद तक इस मुद्दे को उठा रही है और सरकार पर महंगाई कम करने के लिए दबाव बना रही है लेकिन सरकार विपक्ष की बात सुनकर अनसुना करती रही। सरकार पहले पांच राज्यों के विधानसभा चुनाव तक चुप रही लेकिन उसके बाद पेट्रोल डीजल के दाम 10 रुपए तक और एलपीजी के दाम 50 रुपए बढ़ा दिये हैं। उर्वरकों के दाम भी बढ़ गये हैं और लगभग सभी आवश्यक वस्तुओं के दाम 15 से 17 फीसदी बढ़े हैं और इसको लेकर भी विपक्ष ने सरकार से संसद में चर्चा कराने की मांग की लेकिन सरकार उनकी मांग टालती गई ताकि देश की जनता के सामने हकीकत नहीं आये इसलिए सरकार ने चर्चा की अनुमति नहीं दी।

### फर्जी कॉल सेंटर

### 17 अधिकारी-कर्मचारी पकड़े, कनाडा और अमेरिका के लोगों को जाल में फंसाते थे

# गुरुग्राम में फर्जी कॉल सेंटर का भंडाफोड़ : साढ़े 22 लाख कैश बरामद

गुरुग्राम। देश की राजधानी दिल्ली से सटे हरियाणा के जिला गुरुग्राम में गुरुवार को सीएम फ्लाइंग, क्राइम ब्रांच और उद्योग विहार थाना पुलिस ने मिलकर फर्जी कॉल सेंटर पकड़ा। कॉल सेंटर से 17 लोगों को पकड़ा है। लोग कॉल सेंटर के जरिए अमेरिकी नागरिकों के साथ पिछले 4 माह से ठगी की जा रही थी। पुलिस ने साढ़े 22 लाख कैश और अन्य सामान बरामद किया है।

सीएम फ्लाइंग को सूचना मिली थी कि गुरुग्राम के उद्योग विहार फेज-4 में बनी साइबिज कॉर्प नामक बिल्डिंग के एक से तीन फ्लोर तक फर्जी कॉल सेंटर चल रहे हैं। इसके बाद संयुक्त रूप से टीम गठित की गई। पुख्ता सूचना पर पुलिस ने रेड की तो ठीक उसी प्रकार की गतिविधियां चलती मिली, जैसी जानकारी मिली थी। पहले फ्लोर पर 28 युवक और 13 युवतियां, दूसरे फ्लोर पर 47 युवक और 14 युवतियां तथा तीसरे फ्लोर पर 31 युवक और 16 युवतियां अग्रेजी भाषा में हेडफोन लगाकर बात कर रही थीं। सभी के सामने कंप्यूटर सिस्टम थे।

### कागजात नहीं कर पाए पेश

रेड के बाद पुलिस अधिकारियों ने कर्मचारियों से सेंटर संचालन के लिए आवश्यक कागजात मांगे, लेकिन



कुछ भी पेश नहीं किया गया। इसके बाद पुलिस टीम ने सेक्टर-67 में रह रहे मूल रूप से अहमदाबाद निवासी देव प्रकाश उर्फ मोनू, दिल्ली के द्वारका निवासी अनिरुद्ध अग्रवाल, राहुल शर्मा, रानीबाग निवासी आशीष आनंद, सुभाष नगर निवासी गोविंद सिंह, गुरुग्राम के सेक्टर-48 में रह रहे मूल रूप से अहमदाबाद निवासी अनिस अनथेनी, बाबू राजन, शोविक सैन, दिल्ली के शास्त्री नगर निवासी विक्रम शर्मा, बसंत विहार निवासी शुभम सुनाम, कराला निवासी सुमित, आजाद नगर निवासी आयुष सिंघल, उत्तम नगर निवासी स्वर्णजीत सिंह, रमित विग, ओखला निवासी मनीष कुमार और मुनिरका निवासी नीमा वोंगदी शेरपा तथा उत्तर प्रदेश के प्रयागराज निवासी अभिलाष कुमार को अरेस्ट कर लिया।

### कॉल सेंटर पिछले 4 माह से चल रहा था

आरोपियों से हुई पूछताछ में पता चला कि कॉल सेंटर पिछले 4 माह से चलाया जा रहा था। कर्मचारी कनाडा और अमेरिका के नागरिकों के पास कंप्यूटर द्वारा पहले वॉइस मेल या पापअप भेजने के बाद माइक्रोसॉफ्ट टेक्निकल सपोर्ट देने के नाम पर 500 से 1000 डॉलर तक के गिफ्ट कार्ड खरीदवाते थे। कर्मचारियों को वेतन के अलावा कमीशन भी अलग से दिया जाता था। हालांकि अभी यह साफ नहीं हो पाया कि कितने लोगों के साथ ठगी हुई और कितनी राशि वसूली गई।

## शार्ट न्यूज

### जम्मू कश्मीर के पुलवामा में आतंकियों ने गैर कश्मीरी को मारी गोली, 5 दिनों में तीसरी घटना

**श्रीनगर।** जम्मू-कश्मीर के पुलवामा जिले में गुरुवार को आतंकवादियों ने एक ड्राइवर को गोली मारकर घायल कर दिया। गोली लगने वाले शख्स को अस्पताल में भर्ती किया गया है। वह पंजाब का रहने वाला बताया जा रहा है। पांच दिनों में गैर स्थानीय लोगों पर यह तीसरा हमला है। इससे पहले भी पंजाब के पठानकोट के ही दो लोगों को आतंकियों ने निशाना बनाया था। मिली जानकारी के अनुसार, पंजाब के पठानकोट के रहने वाले सोनू शर्मा को जम्मू कश्मीर के पुलवामा ने आतंकवादियों ने गोली मार दी। घटना यादेर गांव की बताई जा रही है। जानकारी मिली है कि आतंकियों ने उसे इसलिए निशाना बनाया क्योंकि वह गैर कश्मीरी है। पुलिस सूत्रों का कहना है कि उसे इलाज के लिए अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी हालत स्थिर है। उधर, पुलिस और सेना की टीम ने इलाके की घेराबंदी कर दी है और आतंकियों की तलाश शुरू कर दी है। गौरतलब है कि 3 अप्रैल को इसी जिले के लिटर गांव में आतंकवादियों ने पठानकोट के दो लोगों ड्राइवर सुरिंदर सिंह और कंडक्टर धीरज दत्ता को गोली मारकर घायल कर दिया था।

### वीडीसी सदस्य के बेटे ने पिता के बंदूक से खुद को गोली मारी, मामला दर्ज

जम्मू। जम्मू-कश्मीर में पुंछ जिले के सुरनकोट में ग्राम रक्षा समिति (वीडीसी) के एक सदस्य के बेटे ने गुरुवार को पिता के लाइसेंसी राइफल से खुद को गोली मार ली जिससे उसकी मौत हो गयी। पुलिस ने बताया है कि मृतक की पहचान सुरनकोट के मुर्राह निवासी मोहम्मद फजल के पुत्र गुलजार अहमद(26) के रूप में की गयी है। उसने अपने पिता के बंदूक से खुद को गोली मार ली। पुलिस ने बताया कि बताया जा रहा है कि वह मानसिक तौर पर परेशान था, जिसके कारण उसने अपनी जान ले ली। पुलिस ने बताया है कि इस सिलसिले में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी गयी है।

### हंदवाड़ा में सुरक्षा बल की गोलीबारी में दो नागरिक घायल

श्रीनगर। केंद्र शासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के हंदवाड़ा में सुरक्षा कर्मी द्वारा कथित रूप से की गई गोलीबारी की घटना में दो नागरिक घायल हो गए। अधिकारियों एवं चश्मदीदों ने यह जानकारी दी। अधिकारियों ने कहा कि यह घटना उस समय हुई जब हंदवाड़ा में नमाज अदा करने के दौरान वीडियो बनाने को लेकर सुरक्षा बलों और स्थानीय नागरिकों के बीच बहस होने के बाद यह घटना हुई। अधिकारियों ने कहा कि यह घटना हंदवाड़ा की एक मस्जिद में नमाज अदा करने के दौरान हुई। जिसकी वीडियो बनायी जा रही है और इसको लेकर सुरक्षा बलों और स्थानीय लोगों के बीच हुई बहस हो गई। उन्होंने कहा, कुल लोगों ने वीडियो बनाने को लेकर आपत्ति जताई, जिसपर विवाद खड़ा हो गया। विवाद के दौरान गोलीबारी हुई जिसमें दो नागरिक घायल हो गए। दोनों घायलों को अस्पताल में इलाज के लिए भर्ती कराया गया। चश्मदीद ने कहा कि एक सुरक्षा कर्मी ने नागरिकों पर गोलीबारी की। जम्मू कश्मीर की पूर्व मुख्यमंत्री महबूबा मुफ्ती ने इस घटना की निंदा की है।

### श्रीनगर में घायल एसपीओ ने दम तोड़ा

श्रीनगर। केंद्रशासित प्रदेश जम्मू-कश्मीर के विशेष पुलिस अधिकारी (एसपीओ) ने गुरुवार यहां एक अस्पताल में उपचार के दौरान दम तोड़ दिया। एसपीओ चार दिन पहले श्रीनगर-जम्मू राजमार्ग पर सड़क दुर्घटना में गंभीर रूप से घायल हो गए थे। अधिकारियों ने यह जनकारी दी है। यह सड़क दुर्घटना तीन अप्रैल को काजीगुंड के नुसू बदरागुंड इलाके में हुई थी, जिसमें ट्रक और मोटरसाइकिल की भिडंत में एसपीओ शब्बीर अहमद भट्ट गंभीर रूप से घायल हो गए थे। उनका शेर-ए-कश्मीर आयुर्विज्ञान संस्थान (एसकेआईएमएस) अस्पताल में उपचार किया जा रहा था, जहां उन्होंने आज दम तोड़ दिया।

### उच्च न्यायालय का 7.5 प्रतिशत आरक्षण बरकरार रखना ऐतिहासिकः स्टालिन

**चेन्नई।** तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम. के. स्टालिन ने गुरुवार को कहा कि मेडिकल कॉलेज में दाखिलों में सरकारी विद्यालयों के बच्चों के लिए 7.5 प्रतिशत आरक्षण कायम रखने का मद्रास उच्च न्यायालय का फैसला ऐतिहासिक है। स्टालिन ने उच्च न्यायालय द्वारा फैसला सुनाये जाने के कुछ समय बाद राज्य विधानसभा में कहा कि यह कानून आंकड़ों के अध्ययन और बातचीत पर आधारित था। उन्होंने कहा कि उच्च न्यायालय ने इस फैसले के साथ आरक्षण को बड़ी मान्यता दी है। मुख्यमंत्री ने सत्ता पक्ष की बेंच पर बैठे सदस्यों की डेस्क थपथपाने के बीच कहा, द्रमुक सरकार के दस माह लंबे शासन काल में यह हमारी तीसरी जीत है। राज्य में सरकारी विद्यालय के छात्रों के लिए मेडिकल दाखिलों में आरक्षण 2020 में अन्नाद्रमुक लेकर आयी थी। श्री स्टालिन ने कहा कि द्रमुक सरकार ने सरकारी महाविद्यालयों, विश्वविद्यालयों और स्व-वित्त पोषण कालेजों में इंजीनियरिंग/कृषि/मछली पालन/पशु चिकित्सा अध्ययन में 7.5 प्रतिशत आरक्षण देने का कानून पारित किया था।

### किसानों की 6.81 करोड़ रुपये की सरकारी सब्सिडी का गबन करने के दो आरोपी गिरफ्तार

**भुवनेश्वर।** ओडिशा में आर्थिक अपराध शाखा (ईओडब्ल्यू) के अधिकारियों ने कृषि उपकरण की आपूर्ति के लिए आवंटित 6.81 करोड़ रुपये की सरकारी सब्सिडी का गबन करने के आरोप में दो लोगों को गिरफ्तार किया है। ईओडब्ल्यू के सूत्रों ने गुरुवार को बताया कि दो भाई मानस रंजन दास तथा तापस कुमार दास को बुधवार को जगतसिंहपुर से गिरफ्तार किया गया तथा दोनों के खिलाफ कई धाराओं में मामले दर्ज कर एसडीजेएम जगतसिंहपुर कोर्ट भेज दिया गया। मानस रंजन दास शीतल एग्रो इनपुट्स प्राइवेट लिमिटेड का निदेशक है तथा तापस कुमार दास मिशिता इंटरप्राइजेज का मालिक है। यह दोनों कंपनियां जगतसिंहपुर में पुरोहितपुर तथा तारदापाड़ा में स्थित है। भुवनेश्वर के ईओडब्ल्यू के पुलिस उपाधीक्षक एके मिश्रा द्वारा जांच रिपोर्ट जमा किये जाने के बाद दोनों के खिलाफ मामला दर्ज किया गया है। दोनों आरोपियों ने जाली दस्तावेजों के माध्यम से लाभार्थी किसानों की 6.81 करोड़ रुपये की सरकारी सब्सिडी का गबन किया है।

### महावीर जयंती पर पूरे पंजाब में मीट की दुकानें बंद करने का सुझाव

**जालंधर।** पंजाब अल्पसंख्यक आयोग ने महावीर जयंती पर स्मपूर्ण पंजाब में मीट की दुकानें और बुचरखाने बंद करने का सुझाव दिया है। आयोग के चेयरमैन प्रो इमैनुअल नाहर की अध्यक्षता में पंजाब अल्प संख्यक आयोग के कार्यालय में गुरुवार को एक बैठक हुई जिसमें आयोग के सदस्य डा सलिल कुमार जैन, बहादुर खान, नासीर सलमानी, अहमद अली गुड्डू, सुभाष कुमार टोबा आदि शामिल हुए। डा. सलिल जैन ने बताया कि होशियारपुर में कुछ व्यक्तियों द्वारा जामा मस्जिद के सामने मुस्लिम समुदाय के विरोध में नारेबाजी की थी। कमीशन की टीम वहां पर स्थिति जानने के लिए गई थी। टीम ने मीटिंग में सम्पूर्ण घटना को विस्तार से बताया और अपनी जांच रिपोर्ट पेश की। मजीठा हल्के के गांव अनाइतपुरा में गुज्जर भाईचारे और जीमीदार भाईचारे में आपसी टकराव हो गया था। कमीशन की एक टीम वहां की सारी स्थिति जानने के लिए गई थी। उस टीम ने सारी स्थिति को विस्तार से बताया और अपनी जांच रिपोर्ट पेश की। डा. सलिल जैन ने महावीर जयंती पर स्मपूर्ण पंजाब में मीट की दुकानें और बुचरखाने बंद करने का भी सुझाव दिया। चेयरमैन ने उस पर कार्यवाही करते हुए सरकार को मीट की दुकानें और बुचरखाने बंद करने के लिए पत्र लिख दिया। बैठक में आयोग ने अपनी 2020-2021 की सलाना रिपोर्ट जारी की। इस रिपोर्ट में आयोग के पास साल 2020-2021 में दर्ज सभी शिकायते का विवरण दिया गया है। मीटिंग में 2021-2022 की भी सलाना रिपोर्ट को भी जल्द तैयार करने का प्रस्ताव पास किया गया। आयोग द्वारा तैयार अल्प संख्यक समाज को भारत सरकार से मिलने वाली स्कीमों और स्कॉलरशिप की बुकलेट में भी संशोधन करने का प्रस्ताव पारित किया।

# यूक्रेन से युद्ध के बीच एयर इंडिया ने रद की रूस के लिए उड़ान सेवा, दी अहम सूचना

## जिन यात्रियों ने टिकट बुक कर लिया है उनका पूरा पैसा वापस किया जाएगा

एजेंसी

**नई दिल्ली।** रूस और यूक्रेन में युद्ध के बीच एयर इंडिया ने दिल्ली से मॉस्को के लिए उड़ान रद कर दी है। जिन यात्रियों ने पहले ही फ्लाइट की टिकट बुक कर रखी थी उन्हें पूरा किराया वापस किया जाएगा। सूत्रों का कहना है कि सुरक्षा को खतरा देखते हुए यह कदम उठाया गया है। रूस की न्यूज एजेंसी के मुताबिक रूस के दूतावास ने बयान



जारी किया था। इसमें कहा गया था, हम आपको बताना चाहते हैं कि एयर इंडिया ने दिल्ली-मॉस्को-दिल्ली फ्लाइट के लिए टिकट बेचने बंद कर दिए हैं। अभी यह स्पष्ट नहीं है कि यह फ्लाइट दोबारा कब शुरू की जाएगी। एयर इंडिया के मुताबिक जिन यात्रियों ने टिकट बुक कर लिया है उनका पूरा पैसा वापस किया जाएगा। इससे पहले एयर इंडिया की दो फ्लाइट मॉस्को जाती थीं। अगर कोई सूचना नहीं दी जाती है तो अब रविवार को दिल्ली से मॉस्को की फ्लाइट रवाना होगी।

बता दें कि रूस और यूक्रेन के बीच युद्ध गंभीर स्थिति में पहुंच गया है। कीव में रूसी सेना के द्वारा किए गए नरसंहार के बाद पूरी दुनिया आक्रोश में है। अब गुरुवार को यूएन जनरल असेंबली में एक प्रस्ताव पर वोटिंग होनी है।

इसमें रूस को एनएचसी से बाहर करने का प्रस्ताव रखा गया है। इस मामले में भी भारत के सामने मुश्किल खड़ी है। रूस ने भी चेतावनी दी है कि जो सदस्य देश वोटिंग से दूरी साधेगा उसे भी विरोधी माना जाएगा।

### डब्ल्यूबीसीएचएसई की छात्रों को चेतावनी, उत्तर पुस्तिकाओं में न लिखें राजनीतिक संदेश

कोलकाता। पश्चिम बंगाल उच्च माध्यमिक शिक्षा परिषद (डब्ल्यूबीसीएचएसई) के अधिकारियों ने छात्रों को चेतावनी दी है कि यदि किसी छात्र ने 12वीं की परीक्षा की उत्तर पुस्तिकाओं में राजनीतिक संदेश लिखा या चित्र बनाया तो उसके खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई की जाएगी। डब्ल्यूबीसीएचएसई बोर्ड के अध्यक्ष डॉ. चिरंजीव भट्टाचार्य ने कहा कि यदि कोई छात्र 12वीं की परीक्षा में उत्तर पुस्तिकाओं में राजनीतिक संदेश लिखता है या चित्र बनाता है, तो उसकी प्रतियों की जांच नहीं की जाएगी। इसके अलावा ऐसे छात्रों के खिलाफ दंडात्मक कार्रवाई भी की जाएगी।इस संबंध में शिक्षा परिषद ने एक उच्चाधिकार प्राप्त समिति का गठन किया है, जो तय करेगी कि ऐसे छात्रों की कितनी सजा दी जानी चाहिए। गौरतलब है कि इस साल पश्चिम बंगाल में 10वीं की बोर्ड परीक्षा में कई छात्रों ने अपनी उत्तर पुस्तिकाओं पर - खेला होबे लिखा था। पिछले साल बंगाल विधानसभा चुनाव के दौरान मुख्यमंत्री ममता बनर्जी ने विपक्ष को घेरने के लिए खेला होबे शब्द का इस्तेमाल किया था। इसके बाद यह शब्द पूरे देश में काफी लोकप्रिय हो गया। अब छात्रों ने बंगाल की परीक्षाओं में भी इसका इस्तेमाल किया है, जिस पर पश्चिम बंगाल बोर्ड के अधिकारियों ने सख्त चेतावनी दी है। पश्चिम बंगाल माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की 10वीं कक्षा की परीक्षाएं पिछले महीने आयोजित की गई थीं।

## जी-20 देशों की देहरादून में बैठक प्रस्तावित

देहरादून। इस वर्ष के अंतिम माह दिसम्बर से आगामी एक वर्ष के लिए भारत जी-20 राष्ट्रों की अध्यक्षता करेगा। इस अवधि में सम्पूर्ण भारतवर्ष में लगभग 200 बैठकें एवं सेमिनार आयोजित किए जाएंगे। इसके लिये उत्तराखंड के देहरादून का नाम भी प्रस्तावित है। इसके लिये विदेश मंत्रालय की एक टीम गुरुवार को देहरादून पहुंची। सहायक निदेशक, सूचना, बद्रीचन्द ने यूनीवार्ता को बताया कि आज भारत सरकार के विदेश मंत्रालय की यहां पहुंची टीम के साथ, बीजापुर गेस्ट हाऊस में जिलाधिकारी डॉ0 आर राजेश कुमार की अध्यक्षता में जनपद देहरादून में प्रस्तावित सेमिनार और मीटिंग की तैयारियों एवं व्यवस्थाओं के संबंध में चर्चा हुई। इसके उपरान्त, डीएम ने विदेश मंत्रालय की टीम को जनपद के होटल और ऐतिहासिक स्थलों का अवलोकन कराया। उन्होंने बताया कि इन मीटिंग्स और सेमीनार में लगभग 40 देशों के उच्च पदस्थ राजनीतिज्ञ, अधिकारी प्रतिभाग करेंगे। बद्रीचन्द ने बताया कि भारत सरकार की अध्यक्षता में हो रही इन बैठकों व सेमीनार के बाद, सभी विदेशी प्रतिनिधियों को भारतीय संस्कृति तथा ऐतिहासिक महत्व के स्थानों का अवलोकन कराया जाएगा। इसीलिये विदेश मंत्रालय की टीम ने इन स्थानों का अवलोकन किया। इस अवसर पर, वित्त एवं राजस्व के.के. मिश्रा, विदेश मंत्रालय भारत सरकार की टीम के सदस्य सहित नगर मजिस्ट्रेट कुश्म चौहान, निदेशक संस्कृति विभाग बीना भट्ट, परिवहन कर अधिकारी प्रज्ञा पंत आदि अधिकारी उपस्थित थे।

## हस्तियों की जयंती मनाने पर 5 साल में खर्च हुए 616 करोड़ रुपये, सरकार ने राज्यसभा में दिया जवाब

एजेंसी

**नई दिल्ली।** सरकार ने पिछले पांच साल के दौरान भक्तिमार्गी संत रामानुजार्य, गुरु नानक देव, गुरु रविदास, परमहंस योगानंद और उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री हेमवंती नंदन बहुगुणा सहित विभिन्न हस्तियों की जयंती मनाने पर करीब 616 करोड़ व्यय किए गए। संस्कृति मंत्री जी. किशन रेड्डी ने जवाहर सरकार के एक सवाल के लिखित जवाब में राज्यसभा को यह जानकारी दी।

संस्कृति मंत्री जी. किशन रेड्डी ने बताया कि गुरु गोबिन्द सिंह की 350वीं जयंती, सतगुरु राम सिंह की 200वीं जयंती, रामानुजाचार्य की 1000वीं जयंती, गुरु नानक देव की 550वीं



जयंती, परमहंस योगानंद की 125वीं जयंती, हेमवंती नंदन बहुगुणा का शताब्दी स्मरणोत्सव, महात्मा गांधी की 150वीं जयंती, गुरु तेग बहादुर की 400वीं जयंती और जैनाचार्य विजय वल्लभ सुरेश्वर की 150वीं जयंती मनायी गयी।

रेड्डी ने कहा कि इनके साथ ही दत्तोपनाथ थेंगड़ी की जन्मशती, नेताजी सुभाष चन्द्र बोस की 125वीं जयंती, सत्यजीत रे की जन्मशती, संत शिरोमणि गुरु रविदास की 644वीं जयंती और पंडित भीमसेन जोशी की जन्मशती भी मनायी गयी।

इससे पहले तृणमूल कांग्रेस सदस्य सरकार ने सवाल किया था कि विगत पांच साल के दौरान सरकार द्वारा किन-किन प्रतिष्ठित व्यक्तियों के उल्लेखनीय जीवन पर समारोह आयोजित किया गया है और ऐसे समारोहों पर कुल कितनी व्यय हुआ है।

रेड्डी ने बताया कि ऐसे आयोजनों पर 2017-18 में 150.06 करोड़ रुपये खर्च किए गए जबकि 2018-19 में 159.10 करोड़ रुपये, 2019-20 में 102.73 करोड़ रुपये; 2020-21 में 79.42 करोड़ रुपये, 2021-22 में 125.59 करोड़ रुपये खर्च किए गए। उन्होंने कहा कि सरकार महान समाज एवं धर्म सुधारक राजाराम मोहन राय की 250वीं जयंती पर भी कई कार्यक्रमों के आयोजन पर विचार कर रही है।

## कलकत्ता हाई कोर्ट ने सीबीआई को दिया शिक्षण कर्मचारियों की भर्ती में अनियमितता की जांच करने का निर्देश

**कोलकाता।** कलकत्ता उच्च न्यायालय ने गुरुवार को केंद्रीय जांच ब्यूरो (सीबीआई) को पश्चिम बंगाल सरकार की ओर से वित्त पोषित नौवीं और दसवीं कक्षा के शिक्षण स्टाफ की भर्ती में कथित अनियमितता की जांच करने का निर्देश दिया और संघीय जांच एजेंसी को इस मामले में प्राथमिकी दर्ज करने को भी कहा।

कलकत्ता हाई कोर्ट के न्यायाधीश अभिजीत गंगोपाध्याय की एकल पीठ ने स्कूल सेवा आयोग के पूर्व सलाहकार शांति प्रसाद सिन्हा पर मामले में झूठा बयान देकर अदालत को गुमराह करने का आरोप लगाते हुए उन पर रोक लगाने के साथ ही सीबीआई को शुक्रवार तक मामले की



रिपोर्ट पेश करने को कहा।

अदालत ने सीबीआई को निर्देश दिया कि वह स्कूलों में शिक्षकों की भर्ती में कथित घोटाले के मामले में सच्चाई का पता लगाने के लिए समाज के किसी भी व्यक्ति से पूछताछ कर सकती है। सीबीआई एसएससी के पूर्व सलाहकार और एसएससी की सलाहकार समिति के चार अन्य सदस्यों से भी पूछताछ कर सकती है।

न्यायमूर्ति गंगोपाध्याय ने कहा कि एसएससी के पूर्व सलाहकार ने अदालत में 'गलत बयान' दिया कि सलाहकार समिति में कोई बैठक नहीं हुई, लेकिन समिति के सदस्यों की इस मुद्दे पर अलग राय थी।

कलकत्ता उच्च न्यायालय ने मंगलवार को सीबीआई को राज्य सरकार के सहायता प्राप्त स्कूलों में ग्रुप-डी (गैर-शिक्षण) की नियुक्ति में कथित अनियमितताओं के संबंध में सरकार कर्मचारी) स्कूल सेवा आयोग की सलाहकार समिति के पूर्व अध्यक्ष एसपी सिन्हा और पूर्व शिक्षा सचिव आलोक से पूछताछ करने की अनुमति दे दी, लेकिन एजेंसी को उन्हें हिरासत में लेने से रोक दिया। गौरतलब है कि सरकारी सहायता प्राप्त स्कूलों में लगभग 13,000 गैर-शिक्षण कर्मचारियों की भर्ती की निगरानी के लिए राज्य सरकार द्वारा एक उच्चाधिकार प्राप्त समिति का गठन किया गया था।उच्चाधिकार प्राप्त समिति के पांच सदस्य, पश्चिम बंगाल केंद्रीय विद्यालय सेवा आयोग के सलाहकार एस.पी. सिन्हा, शिक्षा विभाग के प्रभारी मंत्री के निजी सचिव एस. आचार्य, शिक्षा विभाग के प्रभारी मंत्री के ओएसडी पीके बंद्योपाध्याय, स्कूल शिक्षा विभाग निदेशालय के उप निदेशक (जीए अनुभाग) एके सरकार और विभाग के वरिष्ठ विधि अधिकारी टी. पांजा थे।

## जालंधर में गेहूं की खरीद शुरू, छह लाख टन आमद की उम्मीद

**जालंधर।** पंजाब के जिला जालंधर के सभी 78 खरीद केन्द्रों पर आज गेहूं की खरीद शुरू हो गई है। इस सीज़न दौरान 5.91 लाख मीट्रिक टन गेहूं आने की उम्मीद है।

जालंधर पश्चिम से विधायक शीतल अंगुरल, करतारपुर से विधायक बलकार सिंह और जिला उपायुक्त घनश्याम थोरी ने आज न्यू ग्रेन मार्केट जालंधर में गेहूं की खरीद शुरू की। उन्होने अधिकारियों को निर्देश दिया कि वे किसानों को अपनी उपज लाने की सुविधा के उद्देश्य से संपूर्ण खरीद कार्यों का सुचारू संचालन सुनिश्चित करें।

विधायकों और डीसी ने कहा कि इस साल जिलों के सभी 78 खरीद केंद्रों पर 5.91 लाख मीट्रिक टन गेहूं आने की उम्मीद है और पूरे अनाज की खरीद के लिए व्यापक व्यवस्था की जा चुकी है। उन्होंने कहा कि कोविड-19 की स्थिति को ध्यान में रखते हुए इस वर्ष फिर से एहतियाती उपाय किए जाएंगे, जिसमें अस्थायी मंडी-यार्ड स्थापित करना भी शामिल है। उन्होंने कहा कि पीने के पानी की उपलब्धता, साफ-सफाई, शेड, तिरपाल के अलावा अन्य व्यवस्थाएं अधिकारियों द्वारा पहले ही की जा चुकी हैं। किसानों को उठान और भुगतान पर जोर देते हुए, उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि किसानों को समय पर भुगतान करने में कोई कसर नहीं छोड़ी जाए क्योंकि सभी भुगतान खरीद के 48 घंटे के भीतर और 72 घंटे के भीतर उठाकर किया जाएगा।

## अलवर में होगा नौ हजार करोड़ का निवेश, 34 हजार रोजगार के नए अवसर

अलवर। राजस्थान के अलवर में जिला प्रशासन, उद्योग एवं वाणिज्य केंद्र तथा रीको के संयुक्त तत्वाधान में आज आयोजित की गईअलवर इन्वेस्ट समिट में 306 औद्योगिक इकाइयों द्वारा लगभग नौ हजार करोड रूपये के निवेश के साथ ही जिले के करीब 34 हजार लोगों को रोजगार के अवसर उपलब्ध होंगे। कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में अपने संबोधन में पूर्व केंद्रीय मंत्री भंवर जितेन्द्र सिंह ने कहा कि इन्वेस्ट समिट जैसे कार्यक्रम के पीछे मुख्यमंत्री अशोक गहलोत का उद्देश्य यह है कि राजस्थान निवेशकों के लिए पहली पसंद बने। इसके लिए उन्होंने उद्योग प्रोत्साहन हेतु ऐतिहासिक कदम उठाए हैं। इनसे निवेशकों को राज्य में अधिक से अधिक सुलभ सुविधाएं, संसाधन और सहयोग उपलब्ध होगा जिससे निवेशकों और राज्य का विकास होगा। कार्यक्रम की अध्यक्षता करते हुए उद्योग मंत्री शकुंतला रावत ने कहा कि अलवर इन्वेस्ट समिट के मंच से वे आज प्रदेश ही नही अपितु देश-विदेश के सभी निवेशकों को आमंत्रित करती हूं कि वे यहां आएं और अलवर में फल फूल रहे औद्योगिक विकास और यहां पर उपलब्ध विपुल संभावनाओं और अवसरों को देखे, परखे, समझे और फिर यहां निवेश करें। रावत ने बताया कि अलवर इन्वेस्ट समिट में 190 औद्योगिक इकाइयों में लगभग 5 हजार 516 करोड रूपये का निवेश और 17 हजार 366 लोगों को रोजगार देने के प्रस्तावों पर एमओयू साइन किए गए हैं।

उन्होंने बताया कि इसी कडी में अलवर जिले के लिए दिल्ली सहित अन्य राज्यों में रोड शो किये जिसमें 116 इकाइयों से लगभग 3 हजार 430 करोड रूपये के निवेश तथा लगभग 17 हजार रोजगार के अवसरों के प्रस्ताव पर एमओयू साइन हुए थे। इस प्रकार कुल मिलाकर अलवर जिले में 9 हजार करोड रुपए का निवेश अर्जित किया है जिसमें 306 निवेशकों से एमओयू किया गया।

### अनुसूचित जाति के खिलाफ टिप्पणी करने वालों पर होगी कार्रवाई

अमृतसर। पंजाब राज्य अनुसूचित जाति आयोग के वरिष्ठ उपाध्यक्ष दीपक कुमार और सदस्य राज कुमार हंस ने गुरुवार को कहा कि अनुसूचित जाति के लोगों के खिलाफ टिप्पणी करने वाले लोगों के खिलाफ सख्त कार्रवाई की जाएगी। दीपक कुमार ने बताया कि पंजाब अनुसूचित जाति आयोग को जैमल सिंह निवासी गाँव रडाला, तहसील अजनाला की तरफ से मारपीट की शिकायत प्राप्त हुई थी। परंतु पुलिस की तरफ से प्राथमिकी तो दर्ज की गई है परन्तु एससी एसटी प्रीवेन्शन आफ ऐटरोसिटी एक्ट 1989 अधीन पर्चा दर्ज नहीं किया गया जिस पर आयोग ने पुलिस अधिकारी को हिदायत की कि जुर्म की धारा में विस्तार किया जाये और सम्बन्धित दोषी को गिरफ़्तार करके 15 अप्रैल तक कमीशन के सामने पेश कर अपनी रिपोर्ट पेश की जाये।

## दिव्यांग बच्चों को समाज में विशेष जगह दिलाने की ज़रूरत : कौर

जालंधर 07 अप्रैल (वार्ता) पंजाब की सामाजिक सुरक्षा, महिला और बाल विकास मंत्री डा. बलजीत कौर ने गुरुवार को कहा कि दिव्यांग बच्चे हमारे समाज का अटूट अंग हैं, जिनको हर सुविधा प्रदान करने के लिए पंजाब सरकार की तरफ से प्राथमिक्ता के आधार पर काम किया जाएगा।

कैबिनेट मंत्री ने स्थानीय स्वामी दास ए.एस. सीनियर सकैंडरी स्कूल में विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर स्पैशल ओलम्पिक्स भारत की तरफ से 'आज़ादी का अमृत महोत्सव' को समर्पित 'नैशनल हैल्थ फेस्ट फार दिव्यांगजन -वी केयर' शीर्षक के तहत करवाए गए समागम में मुख्य मेहमान के तौर पर शिरकत करते हुए दिव्यांग बच्चों को समाज में विशेष जगह दिलाने की ज़रूरत पर ज़ोर दिया। उन्होंने कहा कि मुख्य मंत्री भगवंत मान के नेतृत्व वाली राज्य सरकार दिव्यांगजनों की भलाई, उनको समाज में बराबरी के मौके दिलाने और पूर्ण भागीदारी को यकीनी बनाने के लिए वचनबद्ध है

कैबिनेट मंत्री ने कहा कि विशेष ज़रूरतों वाले बच्चे किसी की अपेक्षा कम नहीं हैं। यदि इनको पूरा सहयोग और उनका मनोबल बढाया जाये तो यह किसी भी स्थान को हासिल करने की ताकत रखते है। उन्होंने कहा कि सरकार की तरफ से ऐसे बच्चों को अलग -अलग सुविधाएं मुहैया करवाने में कोई कमी बाकी नहीं छोड़ी जाएगी और ज़मीनी स्तर तक इन सुविधाओं को पहुँचाना यकीनी बनाया जाएगा। उपरांत कैबिनेट मंत्री ने स्कूल में विशेष ज़रूरतों वाले बच्चों के दाँतों की जांच के लिए लगाए गए कैंप का दौरा किया और वहां मौजूद दिव्यांग बच्चों और उनके माता-पिता के साथ बातचीत भी की।

उन्होंने स्थानीय गांधी वनिता आश्रम में करवाए गए एक सादे परन्तु प्रभावशाली समागम को संबोधन करते कहा कि यहाँ रह रही लड़कियों को उच्च शिक्षा प्रदान करने के लिए संजीदा प्रयास किए जाएंगे, जिससे वह देश के सामाजिक और आर्थिक विकास में योगदान डालने के समर्थ बन सकें। महिला सशक्तीकरण के लिए समाज में लड़कियों /महिलाओं को बराबर के अधिकार प्रदान करने की ज़रूरत पर ज़ोर देते कहा कि इसकी शुरुआत घर से होनी चाहिए और माता-पिता को अपनी, बेटियों को पुत्रों के बराबर मौके देने चाहिए। उन्होने परिवार, समाज, काम वाली जगह, प्राईवेट या पब्लिक स्थान पर हिंसा से पीडित औरतों की मदद के लिए सिविल अस्पताल जालंधर में चल रहे सखी -वन स्टाप सैंटर का भी दौरा किया।

## शिवराज ने किया मुख्यमंत्री विद्युत बिलों में राहत योजना-2022 का शुभारंभ

कटनी। मध्यप्रदेश के मुख्यमंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा कि कोरोना काल में सरकार ने 88 लाख घरेलू उपभोक्ताओं की 31 अगस्त 2020 तक की मूल बकाया एवं अधिभार की राशि की वसूली को स्थगित किया था, जिसे माफ करने का निर्णय लिया गया है।

मुख्यमंत्री श्री चौहान ने कटनी के समीप स्थित स्लीमनाबाद में मुख्यमंत्री बिजली बिलों में राहत योजना 2022'' का शुभारंभ करते हुए कहा कि प्रदेश अब कोरोना से उबर रहा है और अर्थव्यवस्था सामान्य हो रही है, परंतु स्थगित की गई राशि का भुगतान करने में उपभोक्ताओं को आ रही कठिनाई को देखते हुए राहत देने की दृष्टि से राज्य सरकार ने घरेलू कनेक्शन पर 31 अगस्त 2020 तक की स्थिति में स्थगित भुगतान की राशि को माफ करने का निर्णय लिया है। जिन उपभोक्ताओं ने समाधान योजना, 2021 के अंतर्गत स्थगित राशि के विरूद्ध भुगतान किये हैं, उन्हें भी आगामी बिलों में समायोजित किया जा रहा है। इस योजना में प्रदेश के 88



लाख घरेलू उपभोक्ताओं को रू. 6400 करोड़ की राहत प्रदान की गई है। उन्होंने कहा कि पात्र उपभोक्ता अपने वितरण केन्द्र में आयोजित शिविर में आवेदन देकर ''मुख्यमंत्री बिजली बिलों में राहत योजना 2022'' का लाभ लें।

इस संबंध में मध्य क्षेत्र विद्युत वितरण कंपनी ने कहा है कि राज्य शासन द्वारा जारी ''मुख्यमंत्री विद्युत बिलों में राहत योजना 2022'' के तहत कंपनी द्वारा कार्यक्षेत्र के सभी 16 जिलों में एक साथ कार्यक्रम आयोजित कर पहले दिन ही लगभग 18 हजार 587 उपभोक्ताओं से आवेदन प्राप्त कर 33 करोड़ 15 लाख से अधिक राशि माफ कर प्रमाण पत्र का वितरण किया गया है। कंपनी ने कहा है स्थायी रूप से विच्छेदित उपभोक्ताओं को योजना का लाभ लेने एवं पुन: कनेक्शन संयोजित कराने के लिए विद्युत प्रदाय संहिता के प्रावधानों के अनुसार औपचारिकतायें पूर्ण करना अनिवार्य होगा। पात्र उपभोक्ता योजना में मिलने वाले लाभ को एक अप्रैल 2022 के बाद जारी देयकों में देख सकेंगे।

ऊर्जा मंत्री प्रद्युम्न सिंह तोमर ने एक किलोवाट तक भार वाले पात्र घरेलू उपभोक्ताओं से अपील की है कि वे विद्युत वितरण कंपनी द्वारा आयोजित शिविर अथवा नजदीकी वितरण केन्द्र में निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र जमा कर योजना का लाभ लें और 'मुख्यमंत्री बिजली बिल में राहत योजना-2022' संबंधी प्रमाणपत्र प्राप्त करें।

## शार्ट न्यूज

### स्वस्थ रहने के लिए प्रेरित किया

**ग्रेटर नोएडा।** विश्व स्वास्थ्य दिवस पर आई बिजनेस इंस्टीट्यूट के पीजीडीएम बैच 2021-2023 के छात्रों के लिए जागरूकता सत्र का आयोजन किया गया। इसकी शुरुआत प्रबंध निदेशक सुजीत रॉय ने की। उन्होंने छात्रों बेहतर भविष्य के लिए फिट और स्वस्थ रहने के लिए प्रेरित किया। अतिथि वक्ता पर्यावरण प्रचारक डॉ कुलदीप मलिक ने अच्छे स्वास्थ्य के लाभों पर प्रकाश डाला। सत्र के दौरान छात्रों को योग और व्यायाम करने के लिए प्रोत्साहित किया गया। योग के लाभों को छात्रों के साथ साझा किया गया। संस्थान का दृढ़ विश्वास है कि प्रबंधन के छात्रों को योग सीखने और अभ्यास करने की आवश्यकता है। क्योंकि उन्हें दैनिक जीवन में तनाव की बहुत सारी समस्याओं का सामना करना पड़ता है।

### नोएडा में इस साल पौने दो लाख पौधे लगाने का लक्ष्य

**नोएडा।** नोएडा प्राधिकरण की सीईओ रितु माहेश्वरी ने गुरुवार को उद्यान विभाग की समीक्षा बैठक ली। इसमें उन्होंने कहा कि प्राधिकरण ने इस साल एक लाख 75 हजार पौधे लगाने का लक्ष्य तय किया है जिससे नोएडा को और अधिक हरा-भरा किया जा सके। इसके लिए 15 अप्रैल तक टेंडर निकाले जाएं। उद्यान विभाग द्वारा पार्क, ग्रीन बेल्ट और पौधारोपण के कामों के लिए 117 टेंडर निकाले जाने थे, जिसमें से अभी तक सिर्फ 54 अनुबंध ही हो सके हैं। उन्होंने अन्य अनुबंध को भी शीघ्र करने के निर्देश दिए। स्वच्छता सर्वेक्षण 2022 की प्रक्रिया के चलते साफ-सफाई पर भी विशेष ध्यान रखने के लिए। उन्होंने कहा कि ग्रीन बेल्ट और डस्ट फ्री के लिए नए जगह का चयन कर उनके प्रस्ताव दिए जाएं और नई ग्रीन बेल्ट को स्मार्ट तरीके से विकसित किया जाए। वहां पर ऐसे पौधे लगाए जाएं, जो प्रदूषण और धूल को नियंत्रित कर सकें। सीईओ ने कहा कि सेक्टर-54 और 91 के वेटलैंड और सेक्टर-33 के बच्चों के पार्क का काम 20 अप्रैल तक पूरा किया जाए। वेदवन पार्क का काम 30 जून तक पूरा कर लिया जाए। सेक्टरों में खेल सुविधा विकसित करने और कॉमर्शियल इलाकों के सौंदर्यीकरण के टेंडर अभी तक न होने पर भी सीईओ ने नाराजगी जताई और 15 दिन में इनके प्रस्ताव देने के निर्देश दिए।

### परिजनों ने होटल में महिला और उसके मित्र को पीटा

**ग्रेटर नोएडा।** ओयो होटल में बुधवार को दिल्ली निवासी शादीशुदा महिला अपने जेवर निवासी शादीशुदा मित्र से मिलने पहुंची थी। युवक की पत्नी और उसके परिजनों को इसकी जानकारी मिली तो वे होटल में पहुंच गए और दोनों की जमकर पिटाई की। युवक अपनी पत्नी और युवती अपने पति को छोड़कर एक दूसरे से साथ रहने की जिद पर अड़ गए। इसके बाद मामले की जानकारी पुलिस को दी गई। पुलिस में दोनों को समझा बुझाकर उनके परिजनों के सुपुर्द कर दिया।

### वाहनों की टक्कर से दो लोगों की मौत

**नोएडा।** शहर में अलग-अलग जगह हुए सड़क हादसों में दो लोगों की मौत हो गई। पुलिस ने अज्ञात चालकों के खिलाफ केस दर्ज कर उनकी तलाश शुरू कर दी है। गाजियाबाद के इंदिरापुरम निवासी अशोक कुमार मंगलवार को सेक्टर-57 से गुजर रहे थे। इसी दौरान अज्ञात वाहन चालक ने उन्हें टक्कर मार दी। इससे वह गंभीर रूप से घायल हो गए। लोगों की मदद से उन्हें नजदीक के अस्पताल में पहुंचाया गया। यहां पर डॉक्टरों ने उनको मृत घोषित कर दिया। वहीं, आगरा के रहने वाले 48 वर्षीय हरिओम को सेक्टर-137 में अज्ञात वाहन ने टक्कर मार दी। पुलिस ने उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया। यहां पर उपचार के दौरान उनकी मौत हो गई। पुलिस ने मृतक का शव पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया है। साथ ही, उनके परिजनों को हादसे के बारे में सूचना दे दी है।

### ठेलीवाला बुलडोजर के पहिये के आगे लेटा

ग्रेटर नोएडा। ग्रेटर नोएडा प्राधिकरण के अतिक्रमण दस्ते के बुलडोजर के नीचे ठेली वाले के लेटने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। बताया जा रहा है कि प्राधिकरण के दस्ते ने सड़क से ठेली को हटा दिया था जिसके चलते पीड़ित मदद के लिए बुलडोजर के नीचे लेट गया। प्राधिकरण का दस्ता मंगलवार को परी चौक पर अतिक्रमण हटाने पहुंचा था। इसी बीच प्राधिकरण के बुलडोजर ने सड़क किनारे खड़ी एक ठेली को तोड़ दिया। प्राधिकरण का दस्ता ठेली को उठाकर ले जाने लगा। उसे रोकने के लिए ठेली वाला बुलडोजर के नीचे लेट गया। ठेली वाले के बुलडोजर के नीचे लेटने का वीडियो सोशल मीडिया पर वायरल हुआ है। हालांकि, इस संबंध में पुलिस को किसी की तरफ से कोई शिकायत नहीं दी गई है।

### आनंद विहार मेट्रो स्टेशन पर महिला ने दिया बच्चे को जन्म, सीआईएसएफ महिलाकर्मी ने की मदद

नई दिल्ली। दिल्ली के आनंद विहार मेट्रो स्टेशन पर एक महिला ने बच्चे को जन्म दिया है। इस दौरान सीआईएसएफ की महिलाकर्मी ने उसकी मदद की। सीआईएसएफ अधिकारियों के मुताबिक, सात अप्रैल को दोपहर 3:25 बजे प्लेटफॉर्म नंबर 3 पर मौजूद एक गर्भवती महिला को लेबर पेन होने लगा। सीसीटीवी सर्विलांस से सीआईएसएफ कर्मियों को इसका पता लगा तो उन्होंने मौके पर मौजूद आला अधिकारियों को सूचना दी। इसके बाद महिला को मेडिकल सहायता मुहैया कराई गई। मेट्रो स्टेशन पर तैनात सीआईएसएफ की महिला सिपाही अनामिका कुमारी भी महिला की मदद के लिए पहुंची। सिपाही की मदद से महिला ने बच्चे को सकुशल जन्म दिया। इसके बाद एंबुलेंस आने पर समीप के अस्पताल पहुंचाया गया। सीआईएसएफ कर्मी की सूझ-बूझ से महिला और बच्चा सकुशल हैं। सीआईएसएफ अधिकारियों ने महिला कर्मी द्वारा समय रहते सही कदम उठाने पर उसकी हौसला आफजाई की।

### दिनदहाड़े बदमाशों ने सर्राफ व्यापारी को मारी गोली, चौकी इंचार्ज सस्पेंड

गाजियाबाद। गाजियाबाद के राकेश मार्ग पर दिनदहाड़े ज्वैलरी शॉप लूटने आए बदमाशों ने विरोध करने पर सर्राफ को गोली मार दी। घटना के बाद बदमाश कुछ दूरी पर स्कूटी लेकर खड़े साथी के साथ फरार हो गए। ड्यूटी में लापरवाही के आरोप में एसएसपी ने चौकी इंचार्ज को सस्पेंड कर दिया। साथ ही जिस रूट से बदमाश फरार हुए, उस रूट पर चेकिंग कर रहे पुलिसकर्मियों को निलंबित करने की बात भी कही है। राकेश मार्ग निवासी अरविंद कुमार वर्मा की राकेश मार्ग मैन रोड पर ही भगवत स्वरूप बनवारी लाल ज्वेलर्स (भग्गू सुनार) के नाम से ज्वैलरी शॉप चलाते हैं। उनके साथ बेटा विकास वर्मा भी दुकान संभालते हैं। बृहस्पितवार दोपहर करीब एक बजे पिता-पुत्र दुकान पर बैठे थे। इसी दौरान मास्क व हेलमेट लगाए दो बदमाश दुकान में घुसे। पिता-पुत्र कुछ समझ पाते, उससे पहले ही एक बदमाश ने पिस्टल निकालकर अरविंद वर्मा पर तान दी और गोली मारने की धमकी देकर दुकान में रखा माल निकालने को कहा। अरविंद कुमार वर्मा ने हिम्मत दिखाते हुए बदमाश की पिस्टल पकड़ ली। विकास वर्मा पिता की तरफ दौड़े तो बदमाश ने पिस्टल छुड़ाकर उन्हें गोली मार दी। पेट में गोली लगने से विकास बुरी तरह लहूलुहान हो गए। घटना को अंजाम देकर बदमाश दुकान से निकले और करीब 50 मीटर दूर स्कूटी लेकर खड़े अपने साथी के साथ फरार हो गए। अरविंद कुमार वर्मा ने स्थानीय लोगों की मदद से बेटे विकास को यशोदा अस्पताल में भर्ती कराया, जहां उनकी हालत गंभीर बनी हुई है। घटना की जानकारी मिलने पर एसएसपी मुनिराज जी, एसपी सिटी निपुण अग्रवाल, एसपी क्राइम डॉ. दीक्षा शर्मा, एसपी थर्ड सुभाष चंद्र गंगवार, सीओ द्वितीय आलोक दुबे व सीओ प्रथम स्वतंत्र कुमार सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुंचे और घटना का जायजा लिया। एसएसपी मुनीराज जी ने बताया कि लापरवाही के चलते दयानंद नगर चौकी इंचार्ज अभिमन सिंह को निलंबित कर दिया गया है। साथ ही जिन रूट से बदमाश फरार हुए, उस रूट पर चेकिंग कर रहे पुलिसकर्मियों को भी निलंबित किया जाएगा। बदमाशों की धरपकड़ के लिए चार टीमें गठित कर दी गई हैं। बदमाशों को ट्रेस करने के लिए सीसीटीवी कैमरे खंगाले जा रहे हैं।

## शिवाजी कॉलेज का दो दिवसीय वार्षिकोत्सव 'वाईब्रेशंस 2022' धूमधाम और उत्साह के साथ मनाया गया

**नई दिल्ली।** विश्व व्यापी महामारी के दो साल बाद शिवाजी कॉलेज का वार्षिकोत्सव 5 और 6 अप्रैल 2022 को बड़े धूमधाम और उल्लास के साथ मनाया गया। जिसको लेकर छात्र, शिक्षक और कॉलेज कर्मचारियों में खास उत्साह देखने को मिला। वार्षिकोत्सव का शुभारंभ प्रसिद्ध कथक नृत्यांगना श्रीमती गौरी दिवाकर एवं स्पीक मैके से संबद्ध सुमन डूंगा द्वारा किया गया। इस अवसर पर शिवाजी कॉलेज की गवर्निंग बॉडी के चेयरमैन श्री गौरव शर्मा , प्राचार्य प्रो. शिवकुमार सहदेव , सांस्कृतिक समिति की संयोजक डॉ. अपर्णा जैन कॉलेज के सभी शिक्षक, कर्मचारी,







विद्यार्थी एवं विभिन्न महाविद्यालयों के विद्यार्थियों की उपस्थिति रही। दो दिवसीय इस वार्षिकोत्सव में विविध प्रतियोगिताएं एवं प्रदर्शन आयोजित किए गए जिनमें नृत्य, फैशन शो, कला एवं संगीत जैसे विविध रचनात्मक प्रदर्शनों द्वारा यह उत्सव यादगार बन गया। इस वार्षिकोत्सव में विभिन्न महाविद्यालयों से आए विद्यार्थियों ने पुरस्कार भी जीते। फुट्लूज़ नृत्य प्रतियोगिता में प्रथम एवं द्वितीय स्थान पर क्रमश: कमला नेहरू कॉलेज और गुरु गोविंद सिंह कॉलेज ऑफ कॉमर्स रहे। फैशन शो में मैत्रेयी कॉलेज, कमला नेहरू कॉलेज एवं गुरु गोविंद सिंह कॉलेज ऑफ कॉमर्स क्रमश पहले,दूसरे और तीसरे स्थान पर रहे। हिंदू कॉलेज के पुनीत बेस्ट मेल एवं कमला नेहरू कॉलेज की मानवी श्रीवास्तव बेस्ट फीमेल चुनी गयीं। आज के दिन का खास आकर्षण प्रसिद्ध बैंड सामवेद और डी जे नाइट रहा। जिनके संगीत की धुन पर छात्र थिरकते नज़र आए।वार्षिकोत्सव का दूसरा दिन बहुत खास रहा। इस दिन नुक्कड़ नाटक एवं वाद विवाद, संगीत और गायन प्रतियोगिताओं का आयोजन किया गया। इसके समानांतर फोटोग्राफी, स्केच पेंटिग आदि के प्रदर्शन भी आकर्षक रहे। रेवर्व की प्रस्तुति ने सबका मनमोह लिया। वाद विवाद प्रतियोगिता में शिवम राय (मोतीलाल कॉलेज) प्रथम स्थान पर रहे। नुक्कड़ नाटक प्रतियोगिता में बेहतरीन प्रस्तुतियां हुई इसमें गुरु तेग बहादुर इंस्टीट्यूट ऑफ टेक्नोलॉजी प्रथम स्थान पर रहा। इस प्रकार शिवाजी कॉलेज ने दो दिवसीय वार्षिकोत्सव को बड़े ही धूमधाम और उल्लास के साथ मनाया गया।

## विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में डॉ अनिल गोयल ने लगाया नि: शुल्क विशाल स्वास्थ्य जांच शिविर






**नई दिल्ली।** शाहदरा जिले के कृष्णा नगर विधान सभा में विश्व स्वास्थ्य दिवस के उपलक्ष्य में नि:शुल्क विशाल स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन गोयल हॉस्पिटल एंड यूरोलॉजी सेण्टर कृष्णा नगर में किया गया। इस स्वास्थ्य जांच शिविर में निःशुल्क डाक्टरी परामर्श , 27 तरह कि स्वास्थ्य जांच एवं दवाई वितरित की गयी। इस अवसर पर हैल्थ एटीएम मशीन का अनावरण एवं प्रधानमंत्री सेवा केंद्र का उद्घाटन भाजपा प्रदेश अध्यक्ष श्री आदेश गुप्ता जी द्वारा किया गया। श्री आदेश गुप्ता जी का भी स्वास्थ्य जांच शिविर में जांच की गयी और उनकी सभी रिपोर्ट सही पायी गयी। इस अवसर पर डॉ अनिल गोयल जी ने कहा भाजपा की नीति राष्ट्रवादी है। हम जनता की सेवा करते करते है। आज भारतीय जनता पार्टी ने विश्व स्वास्थ्य दिवस के अवसर पर शाहदरा जिला में सात स्थानों पर निःशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर लगाए गए है। गोयल हॉस्पिटल एंड यूरोलॉजी सेण्टर कृष्णा नगर में प्रधानमंत्री सेवा केंद्र भी बनाया गया है। जिसमे श्रम कार्ड, हेल्थ कार्ड, आधार कार्ड अपडेट, पहचान पत्र, दिव्यांग पेंशन, विधवा पेंशन, सुकन्या समृद्धि योजना आदि की सुविधा उपलब्ध रहेगी। इन सब सेवाओं के लिए लोगो को अब भटकना नहीं पड़ेगा। ये सभी सुविधाएं गोयल हॉस्पिटल एंड यूरोलॉजी सेण्टर कृष्णा नगर में उपलब्ध हो गयी है।

इस मौके पर जिलाध्यक्ष श्री राम किशोर शर्मा जी, पार्षद श्री संदीप कपूर जी एवं पार्षद श्री दीपक मल्होत्रा जी उपस्थित रहे।

### गाजीपुर लैंडफिल साइट पर कूड़ा कम करने को लगाई जाएंगी 12 अत्याधुनिक मशीनें

नई दिल्ली। गाजीपुर लैंडफिल साइट पर कूड़े के पहाड़ को कम करने के लिए कूड़ा निस्तारण की प्रकिया को और तेज कर दिया गया है। लैंडफिल साइट पर मई के अंत तक यहां 12 और आधुनिक मशीनें लगाई जाएगी जबकि आठ मशीनें काम कर रही हैं। इंजीनियरिंग विभाग के अधिकारियों का कहना है कि इन आठ मशीनों के माध्यम से प्रतिदिन एक हजार टन कूड़े का निस्तारण किया जा रहा है। उनका कहना है कि लैंडफिल साइट को वर्ष 2023 के अंत तक जीरों किया जाना है। जानकारी के मुताबिक गाजीपुर लैंडफिल साइट पर गत दिनों गर्मी बढ़ने के साथ अचानक आग लग गई थी। आग की घटना की वजह से आस-पास की कालोनियों में धुंआ फैल गया था और रात भर लोग प्रदूषण की वजह से परेशान रहे थे। इस घटना के बाद से साइट पर बायोमाइनिंग की प्रकिया में तेजी लाने के लिए कदम उठाने शुरू किए गए। इंजीनियरिंग विभाग का कहना है कि लैंडफिल साइट पर कचरे के निस्तारण का कार्य शुरू किया गया था और वर्ष 2019-20 में दो मशीनों के साथ यहां बायोमाइनिंग की जारी थी जो धीरे-धीरे 20 ट्रोमल मशीनों तक पहुंच गया था। इसके बाद यहां 12 मेगावाट बिजली उत्पादन वाला वेस्ट टू एनर्जी संयंत्र भी स्थापित किया गया। इंजीनियरिंग विभाग के अधिकारियों का कहना है कि एनजीटी के आदेश पर गाजीपुर लैंडफिल साइट के कूड़े को वर्ष 2023 तक जीरो किया जाना है। इसके लिए अब यहां उच्च क्षमता वाली अत्याधुनिक मशीनें लगाने की योजना बनाई गई , जिसके तहत पहले चरण में आठ मशीनें यहां स्थापित की गई और एक हजार टन कूड़े का निस्तारण किया जा रहा है। दूसरे चरण में 12 मशीनों को और स्थापित किया जाना है जो मई 2022 तक पूरा कर लिया जाएगा।

## लालकिले पर योग : 75 दिन के योग उत्सव का श्रीगणेश



नयी दिल्ली। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के नेतृत्व में कई केंद्रीय मंत्रियों, सांसदों, विभिन्न देशों के राजदूतों, वरिष्ठ अधिकारियों और गणमान्य व्यक्तियों समेत तीन हजार से ज्यादा लोगों ने गुरुवार को लालकिले पर योगभ्यास कर दुनियाभर में होने वाले 75 दिन के 'योग उत्सव'का श्रीगणेश किया।

आयुष मंत्रालय ने 21 जून को होने वाले अंतर्राष्ट्रीय योग दिवस की तैयारियों को लेकर आज विश्व स्वास्थ्य दिवस से 75 दिन के योग उत्सव कार्यक्रम की शुरुआत की। इसके तहत अगले 75 दिन तक 'इंडिया ब्रांड' को प्रोत्साहन देने के लिए 75 ऐतिहासिक, प्रसिद्ध और पर्यटन स्थलों पर योग का प्रदर्शन किया जाएगा। बिरला ने इस अवसर पर कहा कि योग भारत की समृद्ध सांस्कृतिक विरासत का प्रतीक है। उन्होंने विश्व स्वास्थ्य दिवस पर सभी को बधाई दी। श्री सोनोवाल ने कहा कि प्रमुख 'भारत ब्रांडिंग' के साथ 75 विरासत स्थलों पर योग प्रदर्शन की योजना बनाई है। यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के एक सूर्य, एक पृथ्वी अभियान से जुड़ा है। यह आयोजन लालकिले के 15 अगस्त मैदान पर तड़के किया गया। श्री बिरला इस कार्यक्रम में मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। कई केंद्रीय मंत्रियों, संसद सदस्यों, विभिन्न देशों के राजदूतों, योग गुरुओं, वरिष्ठ अधिकारियों और स्वयंसेवकों ने भी इसमें की सक्रिय भागीदारी की। कार्यक्रम में तीन हजार से अधिक व्यक्ति शामिल हुए।

## सत्येन्द्र जैन को अगर 24 घंटे के अंदर बर्खास्त नहीं किया गया तो मुख्यमंत्री के खिलाफ भाजपा करेगी प्रचंड प्रदर्शन : आदेश गुप्ता

### केजरीवाल के संरक्षण में सत्येन्द्र जैन कर रहे थे करोड़ो रुपये का हवाला कारोबार

नई दिल्ली। भारतीय जनता पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष श्री आदेश गुप्ता ने कहा कि केजरीवाल सरकार के मंत्री सत्येन्द्र जैन पर ईडी द्वारा 2017 से चल रही जांच के बाद हुए खुलासे में अवैध रुप से करोड़ों रुपये के लेन-देन इस बात का प्रमाण है कि ना सिर्फ मंत्री बल्कि उन्हें संरक्षण दे रहे अरविंद केजरीवाल भी भ्रष्टाचार में लिप्त हैं। आज नेता प्रतिपक्ष श्री रामवीर सिंह बिधूड़ी के साथ एक संयुक्त प्रेसवार्ता में श्री गुप्ता ने कहा कि हवाला कारोबारियों से 16.39 करोड़ रुपये के लेन-देन का खुलासा होने के बावजूद भी केजरीवाल ने सत्येन्द्र जैन को मंत्री पद से बर्खास्त नहीं किया। यदि केजरीवाल उन्हें 24 घंटे के अंदर बर्खास्त नहीं करते तो भाजपा मुख्यमंत्री के खिलाफ प्रचंड विरोध प्रदर्शन करेगी। आज हुए प्रेसवार्ता में प्रदेश मीडिया रिलेशन के प्रभारी श्री हरीश खुराना एवं मीडिया सह-प्रमुख श्री हरिहर रघुवंशी उपस्थित थे।




श्री आदेश गुप्ता ने कहा कि हवाला कारोबारी जीवेंद्र मिश्रा, अभिषेक चोखानी एवं राजेन्द्र बंसल ने खुद माना है कि उन्होंने सत्येन्द्र जैन को 16.39 करोड़ रुपये दिए हैं। उन्होंने कहा कि गंभीर बात यह है कि सत्येन्द्र जैन ने किसी को मोहरा बनाकर काम नहीं किया बल्कि स्वयं हवाला कारोबारियों से सीधे संपर्क में रहकर अपनी शैल कंपनियों को चलाते रहे। शैल कंपनियों के पते को अनाधिकृत कॉलोनियों पर दिखाए गए जिससे उनकी काली करतूतों पर किसी का ध्यान न जाए और वे करोड़ों रुपये की गाढ़ी कमाई करते रहे।

आदेश गुप्ता ने कहा कि फर्जी कंपनियों इंडो मेटल इम्पेक्स प्राइवेट लिमिटेड, अकिंचन डेवलपर्स प्राइवेट लिमिटेड, प्रयास इंफो सॉल्यूशंस प्राइवेट लिमिटेड, मंगलायतन प्रोजेक्ट्स प्राइवेट लिमिटेड के नाम पर दिल्ली में 123.16 बीघा और 36.07 विस्वा जमीन सत्येन्द्र जैन ने काले धन से खरीदी है। इसके साथ ही सत्येन्द्र जैन ने 27.69 करोड़ में 200 बीघा से अधिक कृषि योग्य जमीन कराला, औचंदी निजामपुर, बुद्ध नगर उत्तर एवं उत्तर-पश्चिमी दिल्ली में अनाधिकृत कॉलोनियों के साथ लगती हुई जमीन भी खरीदी ताकि उससे अधिक मुनाफा कमाया जा सके।

गुप्ता ने कहा कि आम आदमी पार्टी सरकार को पता है कि अवैध कॉलोनियों को नियमित करने की प्रक्रिया चल रही है और इन जमीनों को अनाधिकृत कॉलोनी में शामिल किया जाएगा और साथ ही सत्येन्द्र जैन दिल्ली के शहरी विकास एवं पीडब्ल्यूडी मंत्री भी हैं, इस बात का फायदा उठाकर सत्येन्द्र जैन पहले ही उन जमीनों को कौड़ियों के भाव खरीदकर सरकारी पैसे से वहां पर मुलभूत सुविधाएं विकसित कर करोड़ों रुपये कमाते रहे हैं। उन्होंने कहा कि केजरीवाल को इस बात की जानकारी पहले से ही थी इसलिए वे पहले ही शोर मचाना शुरु कर दिया कि सत्येन्द्र जैन के यहां ईडी छापेमारी करेगी।

रामवीर सिंह बिधूड़ी ने प्रदेश अध्यक्ष श्री आदेश गुप्ता द्वारा कही गई बातों का समर्थन करते हुए कहा कि भाजपा द्वारा इस विषय में जो भी फैसला लिया जाएगा विधायक दल कंधे से कंधा मिलाकर पार्टी के संघर्ष में भागीदार बनेगा।

## कैबिनेट मंत्री हरभजन सिंह ने नितिन गडकरी से की मुलाकात

### केंद्र सरकार को नए राष्ट्रीय हाईवेज़ प्रोजैक्ट मंजूर करने की अपील

नई दिल्ली/ चण्डीगढ़। पंजाब सरकार ने केंद्र सरकार को नए राष्ट्रीय मार्ग प्रोजैक्टों को जल्द मंजूर करने की अपील की है।

पंजाब के लोक निर्माण विभाग के मंत्री श्री हरभजन सिंह द्वारा आज नई दिल्ली में सडक़ यातायात और हाईवेज़ संबंधी केंद्रीय मंत्री श्री नितिन गडकरी से इस सम्बन्धी मुलाकात की गई और राज्य को सडक़ों के बुनियादी ढांचे के पक्ष से मुल्क का अग्रणी राज्य बनाने के लिए नक्शा पेश किया गया।



पंजाब के कैबिनेट मंत्री द्वारा मीटिंग के दौरान राज्य की 9 मुख्य सडक़ों को राष्ट्रीय मार्ग ऐलान करने के लिए अपील की, जिनमें बंगा-गढ़शंकर-आनंदपुर साहिब-नैना देवी सडक़, नवांशहर-राहों -माछीवाड़ा-समराला सडक़ और गुरदासपुर-मुकेरियाँ-तलवाड़ा सडक़ शामिल हैं। राज्य के ग्रामीण क्षेत्रों के निवासियों की मुश्किलों को ध्यान में रखते हुए और किसानों के लिए सुविधाजनक पहुँच की सुविधा के लिए राज्य के कैबिनेट मंत्री द्वारा श्री गडकरी को पंजाब के नए प्रस्तावित एक्सप्रैसवेज़ के साथ-साथ सर्विस सडक़ों का निर्माण करने की भी अपील की गई।

बैठक में पंजाब के कैबिनेट मंत्री के साथ मौजूद विभाग के प्रमुख सचिव श्री विकास प्रताप ने जानकारी दी कि राज्य सरकार द्वारा राज्य केंद्रीय सडक़ और बुनियादी ढांचा के सालाना फंड को बढ़ाकर 300 करोड़ किए जाने की माँग भी की है।

उन्होंने आगे जानकारी दी कि राज्य सरकार साल 2022-23 के लिए 3300 करोड़ रुपए के प्रोजैक्टों के शुमार वाला सालाना एक्शन प्लान केंद्रीय सडक़ यातायात और हाईवेज़ मंत्रालय को मंज़ूरी के लिए दाख़िल करने जा रही है। इन प्रोजैक्टों में शहरों जैसे कपूरथला, फ़िरोज़पुर, श्री मुक्तसर साहिब के लिए बाइपास, राज्य के अंदर कम चौड़ी सडक़ों को चार-मार्गी बनाने के अलावा नए अधिक ऊँचाई वाले पुलों (एच.एल.बी.) और रेलवे अतिरिक्त पुल (आर.ओ.बी.) शामिल हैं।

मीटिंग में मैंबर (प्रोजैक्ट) राष्ट्रीय मार्ग अथॉरिटी, भारत श्री मनोज कुमार, मुख्य इंजीनियर राष्ट्रीय मार्ग, पंजाब श्री एन.आर. गोयल के अलावा केंद्रीय सडक़ एवं हाईवेज़ और लोक निर्माण विभाग पंजाब के अधिकारी उपस्थित थे।

## महिला की मौत से गुस्साए परिजनों ने जेवर में जाम लगाया

ग्रेटर नोएडा। झोलाछाप चिकित्सक की इंजेक्शन लगाने से मरी महिला के परिजनों ने बुधवार को जेवर का मुख्य चौराहा जाम कर दिया। इससे खुर्जा रोड की तरफ से आ रही एंबुलेंस फंस गई। गुस्साए परिजनों ने इस मामले में धाराओं में फेरबदल करने का आरोप लगा आरोपियों के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट लगाने की मांग की। पुलिस अधिकारियों ने उनको थाने बुलाकर धाराएं बढ़ाने का आश्वासन दिया। करीब तीन घंटे के बाद जाम खोला जिसके बाद वाहन सवारों को राहत मिली।

मोहल्ला चामडवाला जेवर निवासी विनोद वाल्मीकि अपनी बेटी राखी उर्फ रेनू को पड़ोस के झोलाछाप चिकित्सक राजेंद्र को दिखाने ले गए थे। राजेंद्र ने रेनू और उसकी मां के मना करने के बावजूद जबरन उसको इंजेक्शन लगा दिया था जिससे रेनू की हालत बिगड़ गई थी। इसके बाद झोलाछाप चिकित्सक अपने कंपाउंडर कैलाश के साथ भाग गया था। रेनू के परिजन उसको लेकर जेवर के निजी अस्पताल पहुंचे थे। जहां चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया था। मृतका के भाई जितेंद्र कुमार ने मुख्य आरोपी झोलाछाप चिकित्सक पलवल हरियाणा निवासी राजेंद्र समेत सात लोगों के खिलाफ जबरन इंजेक्शन लगाने का आरोप लगा जेवर कोतवाली में केस दर्ज कराया था।

रेनू की मौत को लेकर मृतका के परिजनों और समाज के लोगों में झोलाछाप चिकित्सक और उसके सहयोगी यों के खिलाफ भारी आक्रोश था। इसके चलते कोतवाली प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस टीम गठित की गई थी। पुलिस टीम ने मंगलवार को झोलाछाप चिकित्सक राजेंद्र और कंपाउंडर ? कैलाश को जेवर खुर्जा अंडरपास के समीप से गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

मृतका के परिजनों ने बुधवार सुबह 11 बजे जेवर कोतवाली पुलिस पर धाराओं में बदलाव करने का आरोप लगा जेवर चौराहे पर खुर्जा-झाझर टप्पल मार्ग को जाम कर दिया और जेवर पुलिस चौकी के सामने ट्रैक्टर ट्राली में भरकर गंदगी के ढेर डाल दिए।

इससे पुलिस में हड़कंप मच गया और जेवर सर्किल के अलावा भारी पुलिस बल वह पीएसी के जवान मौके पर पहुंच गए। एसीपी रुद्र कुमार सिंह व कोतवाली प्रभारी ने मृतका के परिजनों से वार्ता कर थाने बुलाकर जाम को खुलवाया तब जाकर पुलिस प्रशासन ने राहत की सांस ली। इस मामले में कोतवाली प्रभारी अंजनी कुमार सिंह का कहना है कि मृतका के परिजनों को आश्वस्त किया गया है कि आरोपियों के खिलाफ एससी-एसटी एक्ट की धारा बढ़ाई जाएगी जिसकी जांच एसीपी रुद्र कुमार सिंह करेंगे।

## सीएनजी महंगी: दिल्ली में कैब और ऑटो चालकों ने दी हड़ताल की धमकी, किराया संशोधन की मांग

नई दिल्ली। सीएनजी की कीमतों में तेज बढ़ोतरी के साथ ऑटो, कैब और टैक्सी चालकों की मुश्किलें खड़ी हो गई है। इसी बीच दिल्ली में चालकों ने धमकी दी है कि अगर सरकार ने ईंधन पर सब्सिडी नहीं दी या किराया नहीं बढ़ाया तो 18 अप्रैल से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाएंगे। ऑटो, कैब और टैक्सी चालकों के संघ शुक्रवार को जंतर मंतर पर और 11 अप्रैल को दिल्ली सचिवालय में सीएनजी की कीमतों में वृद्धि के खिलाफ केंद्र और दिल्ली सरकार के खिलाफ विरोध प्रदर्शन करेंगे। सर्वोदय ड्राइवर वेलफेयर एसोसिएशन के अध्यक्ष रवि राठौर ने कहा कि अगर सीएनजी की कीमतें कम करने या किराए में वृद्धि की उनकी मांग पूरी नहीं हुई तो उनका एसोसिएशन अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाएगा। हम सीएनजी दरों में कमी की मांग कर रहे हैं और अगर कीमतों में कमी नहीं की जा सकती है तो कीमतों में वृद्धि से निपटने के लिए किराया बढ़ाया जाना चाहिए। उन्होंने कहा कि पिछले 7-8 साल से ओला और उबर के किराए में कोई संशोधन नहीं किया गया है। कल विरोध प्रदर्शन में हम अनिश्चितकालीन हड़ताल का भी आह्वान करेंगे। दिल्ली ऑटो रिक्शा संघ के महासचिव राजेंद्र सोनी ने कहा कि सीएनजी की कीमतों में बढ़ोतरी अभूतपूर्व है। इससे टैक्सी, कैब और ऑटो चालकों के लिए जीवित रहना मुश्किल हो रहा है। उन्होंने कहा कि उनकी एसोसिएशन ने सीएम अरविंद केजरीवाल को पत्र लिखकर सीएनजी पर 35 रुपये प्रति किलो की सब्सिडी देने को कहा है। राजेंद्र सोनी ने पीटीआई को बताया कि अगर हमारी मांग नहीं मानी गई तो हम 18 अप्रैल से अनिश्चितकालीन हड़ताल पर जाएंगे।

## संपादकीय

### .... जारी है लवजेहाद का सिलसिला !

उत्तरप्रदेश में योगी सरकार 2.0 में भी लव जिहाद का मामला सामने आया है। ताजा मामला बरेली का है, जहां एक मुस्लिम समुदाय के युवक पर आरोप है कि उसने मजहब छुपाकर एक लड़की को अपने प्रेम जाल में फंसाया और फिर खुद को हिन्दू बताते हुए ढोंग कर एक मंदिर में जाकर हिन्दू लड़की से शादी भी की। युवती ने युवक पर धर्म परिवर्तन के लिए दबाव बनाए जाने का भी आरोप लगाया है ।जानकारी के मुताबिक आरोपी युवक एक प्राइवेट में बैंक में काम करता है। आरोपितर फत अहमद कादरी ने छद्म नाम अंकित बताकर युवती को प्रेमजाल में फंसाया था।

शादी के बाद जब युवती को लड़के के दोस्तों से पता चला कि वह हिंदू नहीं बल्कि मुस्लिम समुदाय से तालुक रखता है तो उसके पैरों तले जमीन खिसक गई और लवजेहाद का शिकार बन जाने का अहसास हुआ लेकिन अब तक काफी देर हो चुकी थी। जब युवती ने इसकी शिकायत अपने पति से की कि उसने उससे झूठ क्यों बोला कि वह हिंदू है? इस पर अंकित बने रफत खान ने उसके साथ मारपीट करना शुरू कर दिया उस का जेहादी चेहरा सामने आ गया और फिर रफत युवती पर धर्म परिवर्तन करने का दबाव बनाने लगा। आए दिन के उत्पीड़न के सिलसिले से जब पानी सिर के ऊपर गुजरने लगा तो महिला ने इसका विरोध शुरू कर दिया। पीड़ित युवती ने बीते मंगलवार को मामले की शिकायत एसएसपी ऑफिस में की ।युवती का आरोप है कि बैंक कर्मी रफत खान ने धोखा देने की नीयत से अंकित बनकर अपने प्रेमजाल में फंसाया और फिर मंदिर में ले जाकर झूठमूठ की उससे शादी कर ली जबकि ऐसी शादी स्पेशल मैरिज एक्ट के अंतर्गत होती है ।पीड़ित युवती ने बताया कि रफत उर्फ अंकित एक निजी में जॉब करता है। वो हाथ में कलावा बांधता और मंदिर में भी जाता था। उसे लगा कि वो हिंदू ही है ।इसके बाद वह मंदिर में उसे अपने साथ ले गया और फिर उसकी भगवान के सामने मांग भर दी और उससे जिंदगी भर साथ निभाने का वादा किया। इस दौरान युवक हिंदुओं की तरह पूजा पाठ करता रहा। शादी के बाद युवती महानगर कॉलोनी में जालसाज युवक के साथ किराए के मकान में रहने लगी. जहां युवक की पोल खुलने पर उसने अपनी पत्नी पर धर्म परिवर्तन करने का दबाव बनाना शुरू कर दिया लेकिन वह किसी भी कीमत पर अपना धर्म नहीं बदलना चाहती थी। युवती का कहना है कि जब उसने धर्म परिवर्तन करने से इनकार कर दिया तो उसे ट्रक के आगे फेंक दिया, जिससे उसके शरीर पर कई जगहों पर चोटें भी आईं। इस मामले में सबसे चौकाने वाली बात यह है कि आरोपी युवक रफत पहले से शादीशुदा है। जब युवती ने एक दिन मौका मिलने पर आरोपी के मोबाइल को देखा तो उसमें उसकी पत्नी के साथ फोटो लगा था युवती ठगी सीरह गई उसनें सख्त लहजे में पूछा तोर फत ने कहा कि वह मुसलमानहैं । इस का मजहब उसे कई शादी करने की इजाजत देता है। यह सारी जानकारी देते हुए पीड़ित युवती ने सनसनीखेज आरोप लगाया है कि युवक ने उससे छुपाया की वह पहले से शादीशुदा था। उसने अपनी शादी की बात भी छिपाई। रोज-रोज की मारपीट तंग आकर युवती ने इस मामले की शिकायत करणी सेना के लोगों से की और मंगलवार को एसएसपी बरेली रोहित सिंह सजवाण से एफआईआर की मांग की। उसके साथ करणी सेना के तमाम कार्यकर्ता भी पहुंचे। उन्होंने भी एसएसपी से आरोपी के खिलाफ सख्त कार्रवाई की मांग की। युवती की शिकायत सुनकर एसएसपी रोहित सिंह सजवाण ने सुभाषनगर थाना पुलिस को धोखेबाज और धर्म परिवर्तन के आरोपी के खिलाफ एफआईआर लिखने के आदेश दिए। एसएसपी के अनुसार युवती ने बताया है कि एक युवक ने उसे अपने प्रेमजाल में फंसाया और उस पर धर्म परिवर्तन का दबाव बनाया ।अब युवती पुलिस से इंसाफ की मांग कर रही है। ज्ञातहो कियोगी सरकार लव जिहाद के मामलों में काफी सख्त है इस सिलसिले में प्रदेश में लव जिहाद की घटनाओं को रोकने के लिए पृथक से कानून भी लागू किया गया है लेकिन इसके बावजूद इस तरह की घटनाओं पर नियंत्रण नहीं हो पा रहा है बरेली सहारनपुर मुजफ्फरनगर मेरठ आगरा मुरादाबाद समेत प्रदेश के कई जनपदों से लव जिहादियों द्वारा हिंदू लड़कियों को अपना शिकार बनाने की घटनाएं लगातार सामने आती रही है इस संबंध में समाज को जागरूक होना होगा तथा लड़कियों को लव जिहाद के खतरों से आधा करते हुए बिना माता-पिता अभिभावकों की जानकारी के किसी अपरिचित व्यक्ति के साथ आकर्षण के वशीभूत होकर हाथ बढ़ाने से रोकना होगा।

## आखिर क्यों विवादित बयान देने पर आमादा रहता है मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड

**अजय कुमार**

इस्लामिक विद्वान मौलाना सज्जाद नोमानी भी बोर्ड के महासचिव के बयान से असहमत हैं। हालांकि वह यह भी कहते हैं कि जबसे केंद्र में भाजपा की सरकार बनी, तबसे देश की धर्मनिरपेक्षता और संप्रभुता को खोखला करने का प्रयास किया जा रहा है।

केन्द्र में मोदी और यूपी में योगी सरकार का होना चंद लोगों को रास नहीं आता है। इसमें नेता से लेकर कथित इतिहासकार, बुद्धिजीवी, समाजसेवी, लेखक, कलाकार, धर्मगुरुओं सहित तमाम जानी-अनजानी हस्तियां शामिल हैं। यह वह शख्सियतें हैं जो लोकतंत्र की बात तो करती हैं, लेकिन लोकतांत्रिक तौर पर चुनी हुई सरकार के खिलाफ कुचक्र और साजिश भी रचती रहती हैं। यहां तक कि अदालतों के फैसलों पर भी उंगली उठाती रहती हैं। यह फिरकापरस्त ताकतें वर्षों से अपनी मनमानी कर रही हैं, इन्हीं ताकतों के चलते देश में तमाम समाज सुधार के कार्य अधर में लटके हुए थे। यह वह ताकतें हैं जिनके सामने अक्सर कई राज्यों की ही नहीं देश की सरकारों को भी नतमस्तक होते देखा जा चुका है। अपनी सियासत चमकाने के लिए नेता जिनकी चौखट पर नाक रगड़ते नजर आते थे। तुष्टिकरण जिनकी रग-रग में बसा था। यह इतने ताकतवर लोग हुआ करते थे कि इनकी जिद्द के चलते कई कानून दशकों तक ठंडे बस्ते में पड़े रहे। कौन भूल सकता है कि राजीव गांधी सरकार ने ऐसे ही कठमुल्लाओं के दबाव में आकर एक मुस्लिम महिला शाहबानो को उसके पति से गुजारा भत्ता दिलाए जाने के सुप्रीम कोर्ट के आदेश को कानून बनाकर पलट दिया था। इन्हीं कट्टरपंथियों के चलते देश में समान नागरिक संहिता और परिवार नियंत्रण कार्यक्रम अमली जामा नहीं पहन सका है। यह लोग अयोध्या पर कोर्ट के फैसले पर उंगली उठाते हैं तो हिजाब पर कर्नाटक हाईकोर्ट का फैसले पर भी सियासी रंग चढ़ा देते हैं। यही लोग सीएए और एनआरसी के खिलाफ लोगों को बरगलाते हैं। हाल ही में हिजाब को लेकर बवाल भी ऐसी सोच वालों की ही देन थी। केन्द्र में बीजेपी की सरकार आने के बाद एक नया ट्रैंड बन गया है, बार-बार मुसलमानों के मन में भय पैदा किया जाता है कि मोदी-योगी राज में मुसलमानों पर बेहद अत्याचार हो रहा है। दुख तो तब होता है जब उप-राष्ट्रपति रह चुके हामिद अंसारी जैसे लोग कहते हैं कि हिन्दुस्तान मुलसमानों के लिए सुरक्षित नहीं रह गया है। खैर, देश में बीजेपी का प्रभाव बढ़ने के बाद वह दौर थम-सा गया है, लेकिन ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल ला बोर्ड (एआइएमपीएलबी) जैसी संस्थाओं के रहनुमा अभी भी बदलने को तैयार नजर नहीं आ रहे हैं। इसी लिए तो पर्सनल लॉ बोर्ड के महासचिव मौलाना खालिद सैफुल्लाह रहमानी और ऑल इंडिया मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के महासचिव मौलाना खालिद सैफुल्लाह रहमानी यह कहने की हिमाकत करने से बाज नहीं आते हैं कि देश के मुसलमान अपने धार्मिक रीति-रिवाजों के मामले में वर्ष 1857 और 1947 से भी ज्यादा मुश्किल हालात से गुजर रहे हैं। उन्होंने मुसलमानों, खासकर मुस्लिम महिलाओं से गुजारिश की है कि वे मुस्लिम पर्सनल लॉ बोर्ड के खिलाफ किए जा रहे दुष्प्रचार के प्रभाव में न आएं। मौलाना रहमानी ने अपने फेसबुक पेज पर वीडियो संदेश जारी कर आरोप लगाया है कि फिरकापरस्त ताकतें चाहती हैं कि हमें बरगलाएं, उकसाएं और हमारे नौजवानों को सड़क पर ले आएं। ऐसे ही मामलों में एक हिजाब का मसला भी है जो अभी कर्नाटक में मुसलमानों के लिए एक बड़ी आजमाइश का सबब बना हुआ है।

# चीन में कोरोना कैसे तोड़ रहा है सारे रिकॉर्ड, पाबंदियों में छूट के बीच क्या ये है भारत के लिए खतरे की घंटी?

**अभिनय आकाश**

**भारत में कोरोना के मामलों में लगातार गिरावट जारी है। इन सब के बीच देश में मॉस गैदरिंग, मास्क की अनिवार्यता जैसी पाबंदियों को हटा दिया गया है। लेकिन भारत से इतर विश्व के कई देश ऐसे भी हैं जहां कोरोना अपनी रफ्तार बढ़ा रहा है।**

शंघाई और शेनजेंग चीन के दो बड़े शहर हैं जिसके बंद होने से 64 बिलियन डॉलर प्रति माह का चीन को नुकसान होता है। लेकिन आज बात पैसे की नहीं बल्कि जिंदगी की करेंगे। 6 अप्रैल को चीन में 20 हजार कोरोना के केस रिपोर्ट किए गए हैं। ये महामारी की शुरुआत से लेकर अबतक का सबसे बड़ा आंकड़ा है। अधिकारियों का कहना है कि चीन में कोरोना के ओमिक्रॉन वेरिएंट का एक म्यूटेशन पाया गया है। देश के 80 प्रतिशत केस शंघाई से हैं जो देश का सबसे बड़ा शहर है। हालांकि इनमें से अधिकतर केस एसिंटोमैटिक हैं। स्टेट ब्रॉडकास्टर टीम ने रिपोर्ट किया है कि शंघाई के सभी लोगों के नये सिरे से कोविड जांच का आदेश हैं। इन बढ़ते केस के चलते चीन की जीरो कोविड पॉलिसी की भी खूब आलोचना हो रही है।, भोजन की भी भारी कमी चीन के कई इलाकों में दिखाई पड़ रही है। ऐसे में बताते हैं कि आखिर चीन में कोरोना के केस अचानक क्यों बढ़ने लगे? आखिर चीन की जीरो कोविड पॉलिसी क्यों धराशायी हो गई? लाखों लोगों पर क्यों छा गया भोजन संकट और सबसे महत्वपूर्ण बंदिशों में छूट के बाद भारत को डरने की कितना डरने की जरूरत है?

### पहली लहर के बाद सबसे बुरी स्थिति

कोरोना की शुरुआत में चीन ही नहीं बल्कि दुनिया के कई देश इसके चपेट में आए थे। लेकिन इसके तीन साल बाद ही स्थिति फिर से बदतर होने लगी है। चीन के सबसे बड़े शहर शंघाई की आबादी करीब 2.6 करोड़ की है। बीते कुछ दिनों में कोरोना के सबसे ज्यादा केस यहीं से मिले हैं। स्थिति को नियंत्रित करने के लिए सरकार ने यहां लॉकडाउन लगा दिया है। लेकिन इससे भी कुछ खास असर दिखता नजर नहीं आ रहा है। मरीजों की संख्या बढ़ रही है। मीडिया रिपोर्ट के अनुसार शंघाई में रोजाना मिलने वाले पॉजिटिव केस चीन में 2019 के अंत में कोरोना के पहले चरण की पीक वाले केस के बाद सबसे अधिक हैं। शंघाई में स्थिति का अंदाजा इस बात से लगाया जा सकता है कि यहां के सभी अस्पताल फुल हो गए हैं। किसी भी अस्पताल में संक्रमित मरीजों के भर्ती के लिए जगह नहीं बची है। लेकिन फिर भी चीन दावा कर रहा है कि शंघाई में कोरोना से अभी तक किसी की मौत नहीं हुई है।

### अजीबो-गरीब पाबंदियों से शहरवासियों का जीना दूभर



स्वास्थ्यकर्मी सड़कों पर माइक पर लोगों को आगाह कर रहे हैं कि रात को जोड़ा साथ में न सोएं, हो सके तो किस करने से बचें और खाना भी अलग-अलग ही खाएं। सरकार की ओर इन अजीबो-गरीब पाबंदियों से शहरवासियों का जीना दूभर होने लगा है। लोगों से कमरे की खिड़की न खोलने, गाना न गाने और घर के अंदर ही रहने की सख्त हिदायद दी गई है। सके तहत रात को जोड़ों को अलग सोने, एक-दूसरे को किस न करने और गले न लगाने के आदेश दिए गए हैं। इस तरह के वीडियो सोशल मीडिया पर तेजी से वायरल भी हो रहे हैं।

### सेना को मैदान में उतरना पड़ा

चीन ने जांच का बड़ा अभियान छेड़ दिया है। जांच के लिए सेना के जवानों व डॉक्यरों को बड़ी संख्या में मैदान में उतारा गया है। चीन की सेना पीपुल्स लिबरेशन आर्मी के 2 हजार से अधिक डॉक्टरों को शंघाई भेजा गया। जिससे वो कोरोना जांच में नागरिक प्रशासन की मदद कर सके। जियांग्सू, जेजियांग और बीजिंग समेत कई प्रांतों से भी डॉक्टरों व चिकित्साकर्मियों को वहां भेजा गया है। इस तरह करीब 10 हजार से ज्यादा लोगों की टीम जांच अभियान में जुटी है।

### चीन में भोजन की कमी क्यों हो रही है?

ओमिक्रॉन के मामलों की शुरुआत एक महीने पहले शंघाई में जब सामने आई तो शहर के केवल कुछ इलाकों को ही क्वारंटाइन किया गया था। फिर जैसे ही वायरस का प्रसार तेजी से होने लगा तो अधिकारियों ने पिछले हफ्ते अचानक से लॉकडाउन लगाने का फैसला कर दिया। सोमवार को ढाई करोड़ की आबादी वाले पूरे शहर को कवर करने के लिए लॉकडाउन को अनिश्चितकाल के लिए बढ़ा दिया गया। सख्त नियमों का मतलब है कि ज्यादातर लोगों को भोजन और पानी का ऑर्डर देना पड़ रहा है व सब्जियों, मांस और अंडों के सरकारी ड्रॉप-ऑफ का इंतजार करना पड़ रहा है। लेकिन लॉकडाउन के विस्तार ने डिलीवरी सेवाओं, किराने की दुकान की वेबसाइटों और यहां तक कि सरकारी आपूर्ति के वितरण को भी प्रभावित किया है। कई डिलीवरी कर्मी भी लॉक-डाउन क्षेत्रों में हैं, जिससे डिलीवरी क्षमता में कमी आई है। शहर के कुछ इलाकों में स्थानीय लोगों का कहना है कि वे सभी मूलभूत सुविधाओं से पूरी तरह से कट गए हैं। एक उपयोगकर्ता ने शहर के अधिकारियों के वीडियो संदेश के जवाब में सोशल मीडिया साइट वीबो पर लिखा कृपया अपर्याप्त वितरण क्षमता की समस्या को जल्द से जल्द हल करें। एक अन्य व्यक्ति ने लिखा कि यह मेरे जीवन में पहली बार था कि मैं भूखा रह गया। लेकिन बुजुर्ग या टेक्नॉलाजी से अच्छी तरह से फ्रेंडली नहीं होने वाले लोगों को तो और भी परेशानी हो रही है। शहर के अधिकारियों ने खाने-पीने के संकट को स्वीकार करते हुए कहा कि शंघाई में चावल, नूडल्स, अनाज, तेल और मांस की पर्याप्त आपूर्ति थी लेकिन उन्हें वितरित करने में देरी हुई। शंघाई म्युनिसिपल कमिशन ऑफ कॉमर्स के उप निदेशक लियू मिन ने कहा, यह सच है कि दैनिक आवश्यकताओं की आपूर्ति सुनिश्चित करने में कुछ कठिनाइयां हो रही हैं। शंघाई के उप महापौर ने कहा कि शहर कुछ थोक बाजारों और खाद्य भंडारों को फिर से खोलने की कोशिश की जाएगी।

### भारत को कितना डरने की जरूरत

भारत में कोरोना के मामलों में लगातार गिरावट जारी है। इन सब के बीच देश में मॉस गैदरिंग, मास्क की अनिवार्यता जैसी पाबंदियों को हटा दिया गया है। लेकिन भारत से इतर विश्व के कई देश ऐसे भी हैं जहां कोरोना अपनी रफ्तार बढ़ा रहा है। फ्रांस, इटली, जर्मनी,साउथ कोरिया, अमेरिका, इंग्लैंड, डेनमार्क, रूस आदि देशओं में हजारों की संख्या में रोजाना संक्रमण के केस आ रहे हैं। ये सभी केस ओमिक्रॉन के साथ ही डेल्टा वेरिएंट के भी हैं और दोनों वायरल के मिलकर बने वेरिएंट भी हैं। विश्व में चारो ओर कोरोना के बढ़ते प्रकोप के बाद स्वास्थ्य विशेषज्ञों का कहना है कि फिलहाल भारत के लिए डरने की कोई जरूरत नहीं है लेकिन अगर चीन में कोरोना के मामले बढ़ते हैं तो भारत के लिए चिंताजनक स्थिति बन सकती है। चीन में हुआ आउटब्रेक भारत को भी अफेक्ट कर सकता है।

विशेषज्ञों का कहना है कि इसलिए कम से कम एक से दो महीने तक कोविड से निपटने के लिए चीन की नीति पर बारीक नजर रखने की जरूरत है।

हालांकि ओमिक्रोन की तीसरी लहर में लोगों का ज्यादा से ज्यादा संख्या में संक्रमित होने की वजह से भारत के लोगों में हाइब्रिड इम्यूनिटी विकसित होने की वजह से भारत पर इसके प्रभाव को लेकर ज्यादा असर नहीं होने की बात कही जा रही है।

## पुतिन का यही रुख जारी रहा तो भारत-चीन को भी अपना मुंह खोलना पड़ जायेगा

इसी तरह का काम अमेरिका ने अफगानिस्तान, लीबिया, इराक, वियतनाम और कोरिया में किया था। यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने सुरक्षा परिषद को संबोधित करते हुए कहा है कि संयुक्त राष्ट्र यूक्रेन की सुरक्षा नहीं कर पाए तो उसको भंग क्यों नहीं कर दिया जाना चाहिए।

संयुक्त राष्ट्र सुरक्षा परिषद में हमारे प्रतिनिधि टी.एस. तिरुमूर्ति ने यूक्रेन के बारे में जो बयान दिया है, वह विश्व राजनीति में भारत की छवि को तो बेहतर बनाएगा ही, वह रूस को भी अपनी पशुता से बाज आने के लिए शायद प्रेरित कर दे। तिरुमूर्ति ने यूक्रेन के शहर बूचा में हुए नर-संहार की दो-टूक शब्दों में भर्त्सना की है। उन्होंने मांग की है कि इस नरसंहार की जांच की जानी चाहिए और इसे तुरंत रोका जाना चाहिए। उन्होंने नरसंहार करने वाले रूस का नाम नहीं लिया। यह सावधानी उन्होंने जरूर बरती लेकिन यह स्पष्ट है कि उन्होंने रूसी फौज के अत्याचार की उतनी ही सख्त आलोचना की है, जितनी अमेरिका और यूरोपीय देश कर रहे हैं।

भारत की इस आलोचना का शायद रूस पर कोई असर नहीं पड़े लेकिन भारत की तटस्थता को अब दुनिया के राष्ट्र भारत का गूंगापन नहीं समझेंगे। हालांकि कई अंतरराष्ट्रीय मंचों पर जब भी रूस का विरोध हुआ, भारत ने उसके समर्थन में मतदान नहीं किया लेकिन उसने हर बार यह कहा कि प्रत्येक राष्ट्र को संयुक्त राष्ट्र घोषणा पत्र का सम्मान करना चाहिए, हर देश की सुरक्षा और संप्रभुता की रक्षा करनी चाहिए और अपने विवादों को युद्ध से नहीं, बातचीत से हल करना चाहिए। तिरुमूर्ति ने यही बात बूचा के नरसंहार पर बोलते ही दोहराई है। मुझे लगता है कि भारत के इस ताजा तेवर से अमेरिका के घाव पर थोड़ा मरहम जरूर लगा होगा, क्योंकि अमेरिका के नेता और अफसर बार-बार भारत से आग्रह कर रहे हैं कि वह रूस-विरोधी तेवर अपनाए और रूस के विरुद्ध घोषित पश्चिमी प्रतिबंधों को भी लागू करे। पश्चिमी राष्ट्रों के ये दोनों आग्रह निरर्थक हैं। वे दुनिया के सबसे शक्तिशाली और मालदार देश हैं। उनके द्वारा की गई भर्त्सना का क्या असर हो रहा है?

इसी तरह का काम अमेरिका ने अफगानिस्तान, लीबिया, इराक, वियतनाम और कोरिया में किया था। यूक्रेनी राष्ट्रपति जेलेंस्की ने सुरक्षा परिषद को संबोधित करते हुए कहा है कि संयुक्त राष्ट्र यूक्रेन की सुरक्षा नहीं कर पाए तो उसको भंग क्यों नहीं कर दिया जाना चाहिए। जहां तक प्रतिबंधों का सवाल है, यह भी शुद्ध ढोंग है, क्योंकि रूसी तेल और गैस अब भी यूरोपीय राष्ट्र धड़ल्ले से खरीद रहे हैं। लेकिन यूक्रेन के विभिन्न शहरों को पुतिन का रूस जिस तरह तबाह कर रहा है, वैसा तो मुसोलिनी की इटली और हिटलर के जर्मनी ने भी नहीं किया था। यूक्रेन के शहर बूचा में 300 शव पाए गए हैं।

उन्हें टीवी चैनलों पर देखकर रोंगटे खड़े हो जाते हैं। मकानों, दुकानों और दफ्तरों को भस्मीभूत कर दिया गया है। पुतिन के प्रवक्ता का कहना है कि ये सब किस्से मनगढ़ंत हैं। बूचा को रूसी फौजों ने खाली कर दिया, उसके एक हफ्ते बाद के ये फर्जी चित्र हैं। रूसी प्रवक्ता की इस मूर्खता पर किसे क्रोध नहीं आएगा?




## आपराधिक प्रक्रिया संहिता संशोधन बिल 2022 संसद के दोनों सदनों में पास अब कानून बनेगा



**थर्ड डिग्री समाप्त कर वैज्ञानिक प्रमाण जुटाने, फॉरेंसिक क्षमता बढ़ाने, दोषी सिद्ध की दर बढ़ाने में संशोधित आपराधिक प्रक्रिया संहिता बिल 2022 की महत्वपूर्ण भूमिका**

**आपराधिक प्रक्रिया संहिता में अपराधों के मामले में पुलिस प्रशासन तथा न्यायालयों द्वारा प्रक्रिया अपनाई जाती है उसमें संशोधन से दोष सिद्धि प्रतिशत बढ़ने की संभावना - एड किशन भावनानी**

वैश्विक स्तरपर अपराध प्राय हर देश में होता है शायद ही ऐसा कोई देश होगा जहां अपराध दर जीरो हो अगर हम वैश्विक आपराधिक इंडेक्स देखें तो अपराध की किसी देश में दर अधिक, तो किसी देश में कम है पर जीरो नहीं। बड़े बुजुर्गों के अनुसार जिस देश में अपराध की दर जीरो हो वहां के निवासी सतयुग, स्वर्गलोक और सज्जन मुल्कों के निवासी बड़े भाग्यशाली होंगे जहां विश्व का हर मनीषी जीव रहना पसंद करेगा।

साथियों बात अगर हम अपराध की करें तो यह राई के दाने से लेकर बहुत बड़े पहाड़ रूपी तक हो सकता है परंतु दोनों तो अपराधी ही होंगे और जिसने अपराध किया है वह चाहे गरीबी के अंतिम पंक्ति का अंतिम व्यक्ति हो या देश के सर्वोच्च शिखर पर बैठा व्यक्ति हो दोनों जब न्याय प्रक्रिया में दोषी करार दिए गए हो तो अपराधी ही कहलाएंगे।

साथियों बात अगर हम अपराध के बाद प्रक्रिया की करें तो मेरा मानना है यहां से दो प्रक्रिया शुरू होती है, सामान्यत, खोजी चरण पुलिस द्वारा संचालित एक जिज्ञासु प्रक्रिया है और न्यायिक चरण न्यायाधीशों और वकीलों द्वारा संचालित एक प्रतिकूल प्रक्रिया है ।कभीकभी अभियोजक जांच में अग्रणी भूमिका निभाते हैं।

साथियों बात अगर हम आपराधिक प्रक्रिया संहिता (सीआरपीसी) संशोधन बिल 2022 की करें तो इसे 4 अप्रैल 2022 को लोकसभा और 6 अप्रैल 2022 को राज्यसभा में पारित किया गया है अत: यह दिल राष्ट्रपति के पास हस्ताक्षर के लिए जाएगा और फिर इसे कानून का दर्जा मिल जाएगा ।यह अपील थर्ड डिग्री समाप्त कर, वैज्ञानिक प्रमाण जुटाने, फॉरेंसिक क्षमता बढ़ाने, दोष सिद्ध की दर बढ़ाने में महत्वपूर्ण भूमिका अदा कर सकता है। इलेक्ट्रॉनिक मीडिया के अनुसार संसद में केंद्रीय गृह मंत्री ने बिल पर चर्चा के जवाब में कहा,बिल लाने का मकसद एक ही कानून व्यवस्था का राज स्थापित किया जाये मानवाधिकार कभी एकतरफा नहीं हो सकता है। स्वतंत्रता का उपयोग दूसरे के स्वतंत्रता का हनन करके नहीं होना चाहिए, जो लोग कानून के भरोसे अपना जीवन जीना चाहते हैं, वर्तमान दौर में पुराना कानून पर्याप्त नहीं है। इसलिए विधि आयोग की तरफ से इसकी सिफारिश की गई थी। उन्होंने कहा कि विधेयक का उद्देश्य 100 साल पुराने कानून में तकनीकी प्रगति को शामिल करके जांच प्रक्रिया को मजबूत करना है। मौजूदा कानून, जो ब्रिटिश काल के दौरान बनाया गया था, आधुनिक समय में पर्याप्त नहीं है। प्रस्तावित कानून का उद्देश्य अपराधियों की सजा दर को बढ़ाना है।

उन्होंने कहा कि दोषसिद्धि की दर बढ़ाना, फॉरेंसिक क्षमता बढ़ाना, थर्ड डिग्री खत्म कर वैज्ञानिक प्रमाण जुटाना, डाटा को निश्चित प्रक्रिया के तहत इस्तेमाल करना इस बिल का चार उद्देश्य हैं। आपराधिक प्रक्रिया पहचान विधेयक पर गृह मंत्री ने कहा कि हमारा कानून अन्य देशों की तुलना में सख्ती के मामले में कुछ नहीं है। दक्षिण अफ्रीका, ब्रिटेन, ऑस्ट्रेलिया, कनाडा, अमेरिका जैसे देशों में अधिक कड़े कानून हैं, यही वजह है कि उनकी सजा की दर बेहतर है।

उन्होंने कहा कि क्या हम आगे नहीं बढ़ना चाहते ?इस बिल में गंभीर अपराधों में शामिल आरोपियों के बायोमेट्रिक इंप्रेशन लेने का अधिकार पुलिस को दिया गया है। इस बिल की जरूरत इस वजह से है क्योंकि हमारे देश में आधे से ज्यादा गंभीर मामलों में अपराधी सिर्फ इस वजह से छूट जाते हैं, क्योंकि सबूतों में कहीं ना कहीं कमी रह जाती है और यह कानून बनने के बाद पुलिस को अपनी जांच को और सबूतों को और पुख्ता करने में मदद मिलेगी । यह बिल हर मामले के लिए नहीं लाया गया, बल्कि उन मामलों के लिए लाया गया है जहां पर धाराएं गंभीर होती हैं। इस बिल को लाने का मकसद दोषियों को सजा दिलवाने का है ना कि किसी बेगुनाह इंसान को परेशान करने का। उन्होंने कहा कि आज के समय में ऐसा लगता है कि पुराना कानून पर्याप्त नहीं है, इस बिल को संसद में पेश करने से पहले विधि आयोग ने इसकी संतुति भी दी है। उन्होंने कहा कि यह संशोधन इस वजह से किया जा रहा है कि गंभीर अपराधों में शामिल लोग सबूतों के अभाव में बरी ना हो जाएं। हत्या के मामले में निचली अदालत में महज 44 फीसदी लोगों को सजा मिल पाती है, बाल अपराध के मामलों में 37 फ़ीसदी मामलों में ही सज़ा हो पाती है ।अलग अलग देशों का जिक्र करते हुए शाह ने बताया कि कैसे वहां पर कानून सख्त हैं और उसकी वजह से दोषियों को सजा मिलती है। वहीं इस बिल पर बोलते हुए विपक्ष के वरिष्ठ नेता ने कहा कि मुझे दुख है ये बिल संविधान को तोड़ रहा है। इस बिल को लाने से पहले कोई सुझाव नहीं लिया गया है, उन्होंने कहा कि मेरे सहयोगी लगातार इस बिल को सेलेक्ट कमेटी में भेजने की बात कर रहे हैं और मेरे हिसाब से इसमें कुछ गलत नहीं है।

साथियों बात अगर हम इस बिल के इतिहास की करें तो यह 1973 में अधिनियमित किया गया था और 1 अप्रैल 1974 को लागू हुआ था। इस कानून में अपराधों के मामलों में पुलिस प्रसाशन तथा न्यायालयों के द्वारा जो प्रक्रिया अपनायी जाती है उसके बारे में बताया गया है। इसी कानून में बताया गया है की अपराध के विचारण से सम्बंधित कौन कौन से कोर्ट होंगे। पुलिस किसी आपराधिक मामले में किसे गिरफ्तार कर सकती है ? कैसे गिरफ्तार करेगी? किस तरह से गिरफ्तार करेगी ?अगर अपराधी या गवाह न्यायलय के बुलावे के बाद भी कोर्ट न पहुंचे तो क्या प्रक्रिया अपनायी जाएगी ? किस अपराध के सम्बन्ध में एफआईआर दायर की जा सकती है और किस मामले में नहीं ? न्यायलयों में ट्रायल कैसे होगा ? कोर्ट फैसला जब देगा तो उसमे क्या क्या होगा और क्या प्रक्रिया अपनायी जाती है। अपील में किस कोर्ट में और कितने दिन में जाना होगा ? अगर गिरफ्तार हो गए हैं और जेल में हैं तो जमानत आदि की प्रकिया आदि इसी कानून में दिए गए हैं। अत: अगर हम उपरोक्त पूरे विवरण का अध्ययन कर उसका विश्लेषण करें तो हम पाएंगे कि आपराधिक प्रक्रिया संहिता संशोधन बिल 2022 संसद के दोनों सदनों में पास, अब कानून बनेगा।

## फिर भी परेशान !



ग़लत किया ना काम ।
फिर भी परेशान ।।
हुई जबरदस्ती ।
गिर गया सम्मान ।।
ग़लत को ग़लत ।
सबको था बताया ।।
मिली उसकी सज़ा ।
तंत्र ने सताया ।।
छानबीन कर के ।
होगा करना न्याय ।।
दोषियों को सज़ा ।
शायद यही उपाय ।।
लीपापोती ठीक नहीं ।
समय की पुकार ।।
हैं बैठे सब आस में ।
कब होगा उपचार ?

**कृष्णेन्द्र राय**

## शार्ट न्यूज

### सपा विधायक शहजिल के पेट्रोल पंप पर चला बुलडोजर

**बरेली।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ के बारे में आपत्तिजनक टिप्पणी करने के आरोपी समाजवादी पार्टी (सपा) के विधायक और पूर्व मंत्री शहजिल इस्लाम के बरेली स्थित पेट्रोल पंप का नक्शा पास नहीं होने के आधार पर गुरुवार को बुलडोजर से ध्वस्त कर दिया गया। बरेली विकास प्राधिकरण की ओर से प्राप्त जानकारी के अनुसार भोजीपुरा विधानसभा क्षेत्र से सपा विधायक शहजिल के पेट्रोल पंप पर गुरुवार को सुबह 11 बजे बुलडोजर से ध्वस्त करने की कार्रवाई की गयी। सपा विधायक का यह पेट्रोल पंप बरेली-दिल्ली हाइवे पर परसाखेड़ा में भारत पेट्रोलियम कंपनी का एसईआरएस फिलिंग स्टेशन के नाम से संचालित हो रहा था। इस कार्रवाई के पीछे प्राधिकरण की दलील है कि यह पेट्रोल पंप नक्शा पास कराये बिना बनाया गया था। इसके लिए पहले ही नोटिस जारी किया गया था। मगर नोटिस का कोई जवाब नहीं मिलने पर यह कार्रवाई की गयी। प्राधिकरण के उपाध्यक्ष जोगिन्दर सिंह के मुताबिक, पेट्रोल पंप के लिए एनओसी भी जारी नहीं है, लेकिन नोटिस का जबाव नहीं आने के बाद ध्वस्तीकरण की कार्रवाई की गई।

### उत्तर प्रदेश में हुआ अपराध का बोलबाला : अखिलेश



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के पूर्व मुख्यमंत्री एवं समाजवादी पार्टी (सपा) के अध्यक्ष अखिलेश यादव ने प्रदेश में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) की अगुवाई वाली योगी सरकार के दूसरे कार्यकाल में भी अपराध का बोलबाला होने का आरोप लगाया है। अखिलेश ने प्रदेश में आपराधिक घटनाओं से संबंधित मीडिया रिपोर्टों के हवाले से गुरुवार को सोशल मीडिया पर कहा, "भाजपा 2.0 के राज में, यूपी डूबा अपराध में। आज का अपराधनामा।" अखिलेश ने बदायूं में पुलिस थाने के सामने एक व्यापारी की हत्या किये जाने संबंधी मीडिया रिपोर्ट को ट्विटर पर अपने इस संदेश के साथ साझा करते हुए प्रदेश में अपराध बढ़ने पर चिंता जाहिर की है। गौरतलब है कि पिछले दिनों बदायूं में एक गल्ला व्यापारी की सनसनीखेज हत्या का मामला सामने आया। इसमें सूदखोरों द्वारा व्यापारी से वसूली किये जाने के दौरान रकम न चुकाने पर पुलिस थाने के सामने ही उसकी हत्या कर दी गयी।

### लखनऊ में वित्त मंत्री सुरेश खन्ना ने जारी की वित्तीय डिटेल; बोले- पिछले साल के मुकाबले 25,226.62 करोड़ बढ़ा राजस्व



**लखनऊ।** यूपी के वित्तमंत्री सुरेश ने खन्ना ने गुरुवार को राजस्व प्राप्तियों का ब्योरा दिया। इस मौके पर उन्होंने कहा कि प्रदेश सरकार का राजस्व 2020-21 के मुकाबले 2021-22 में 25,226.62 करोड़ बढ़ा है। वित्तमंत्री ने बताया कि पिछले वित्तीय वर्ष 2021-22 में 1 लाख 47 हजार 843 करोड़ रुपए का राजस्व मिला है। यह 2020-21 के मुकाबले 25 हजार 226 करोड़ ज्यादा है। इसके पहले 2020-21 में 1 लाख 22 हजार 226 करोड़ का राजस्व मिला था।

**संसाधनों पर पहला हक गरीबों का : सुरेश खन्ना**

वित्तमंत्री सुरेश खन्ना ने कहा कि राज्य के संसाधनों पर पहला हक गरीबों का है। भाजपा अपने संकल्प-पत्र के प्रत्येक वादे को पूरा करने के साथ वित्तीय प्रबंधन पर पूरा नजर रखेगी। सरकार ऐसा कोई कदम नहीं उठाएगी जिससे लगे कि खजाना लुटाया जा रहा है।

**सबसे ज्यादा आबकारी से मिला राजस्व**

राज्य को त्रस्ज्ञ के मद में 9649 करोड़, वैट में 4945.24 करोड़ अधिक, आबकारी में 6260.79 करोड़ ज्यादा राजस्व मिला है। परिवहन के अंतर्गत मार्च 2022 तक 7159.38 करोड़ राजस्व मिला, जबकि मार्च 2021 तक 5905.95 करोड़ मिला था। भू-तत्व तथा खनिकर्म के अंतर्गत मार्च 2022 तक 2664.59 करोड़ आया जबकि मार्च 2021 तक 3120.97 करोड़ आया था। त्रस्ज्ञ के अंतर्गत मार्च 2022 तक 54,594.13 करोड़ राजस्व मिला, जबकि मार्च 2021 तक 44,944.44 करोड़ मिला था।

**जनता से किए वादों को पूरा करेंगे- सुरेश खन्ना**

सुरेश खन्ना ने कहा कि सरकार द्वारा ऐसा कुछ नहीं होगा, जिससे वित्तीय प्रबंधन पर नकारात्मक प्रभाव पड़े। चुनाव में कुछ दलों ने बिना सोच-विचार के जिस तरह वादे किए और एजेंडा दिया, वह बड़ी चुनौती थे। जनता ने उन पर भरोसा नहीं किया। मंत्री ने कहा कि जनता ने भाजपा के संकल्प पत्र पर भरोसा किया है। सरकार संकल्प पत्र को लागू करेगी और वित्तीय प्रबंधन पर भी नजर रखेगी।

# राम मंदिर निर्माण के साथ ही अयोध्या का हवाईअड्डा भी शुरू हो : योगी



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण कार्य 2023 में पूरा होने के समय तक नगर का हवाईअड्डा भी शुरु करने का लक्ष्य तय करके काम करने की जरूरत पर बल दिया है। योगी ने गुरुवार को अयोध्या अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के लिए नागरिक उड्डयन विभाग और भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण के बीच जमीन के लीज एग्रीमेंट पर हस्ताक्षर होने के मौके पर यह बात कही। उन्होंने कहा कि 2023 में जब अयोध्या में राम मंदिर का निर्माण कार्य पूरा हो चुका होगा और रामलला विराजमान हो चुके होंगे, तब तक मंदिर निर्माण के साथ ही अयोध्या में एयरपोर्ट को भी शुरु करने की तैयारी करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि इसके लिए राज्य सरकार पूरी तरह से मदद करेगी। यह अर्थव्यवस्था को नयी ऊंचाई तक पहुंचाने का महत्वपूर्ण माध्यम बनेगा।

योगी ने कहा कि वर्तमान में उप्र में 10 नए एयरपोर्ट बनाने के लिए कार्रवाई चल रही है। प्रदेश में अभी तीन अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट क्रियाशील हैं। जेवर में एशिया के सबसे बड़े एयरपोर्ट को बनाने का काम युद्धस्तर पर प्रारम्भ हुआ है। साथ ही जब अयोध्या में अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट क्रियाशील हो जाएगा तब उत्तर प्रदेश 05 अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट वाला पहला राज्य होगा और जब 10 नए एयरपोर्ट शुरु होंगे तो 19 एयरपोर्ट वाला उत्तर प्रदेश देश पहला राज्य होगा।

उन्होंने कहा कि यह रोजगार सृजन और विकास की संभावनाओं को तेजी से बढ़ाने का माध्यम है ही, साथ ही लोगों की यात्रा को सरल, सुलभ और सहज बनाने का कार्य भी करेगी।

इस मौके पर मुख्यमंत्री योगी ने कहा कि आज हमारे लिए महत्वपूर्ण दिन है, जब अयोध्या को वायुसेवा से जोड़ने के लिए भूमि लीज एग्रीमेंट राज्य सरकार और भारतीय विमान पत्तन प्राधिकरण के बीच संपन्न हुआ है। आज नवरात्र का भी पावन दिन है। नवरात्र के आयोजन को ऊर्जा के संचार की तिथि माना जाता है। ऊर्जा सकारात्मक विकास का प्रतीक भी है और जब विकास का यह प्रतीक अयोध्या से जुड़ा हो तो पूरी दुनिया को प्रफुल्तित करता है।

उन्होंने कहा कि अयोध्या में अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के निर्माण की प्रक्रिया की शुरूआत हुई है। इसके लिए राज्य सरकार और भारतीय विमान पत्तन प्राधिकरण के बीच भूमि एग्रीमेंट होना महत्पूर्ण पहल है। देश के अंदर पांच वर्ष में बेहतरीन वायुसेवा की कनेक्टिविटी के लिए किसी राज्य ने अच्छी प्रगति की है तो उसमें उत्तर प्रदेश एक है।

मुख्यमंत्री ने कहा कि प्रधानमंत्री जी ने विकास के लिए एयर कनेक्टिविटी को महत्वपूर्ण माना है। प्रधानमंत्री जी का कहना है कि वायुसेवा हवाई चप्पल पहने वाले के लिए उपलब्ध होनी चाहिए। इसी का परिणाम है कि 2017 में केवल दो एयरपोर्ट लखनऊ और काशी पूरी तरह से क्रियाशील थे, आज वर्तमान में 9 एयरपोर्ट क्रियाशील हैं। जहां 2017 तक 25 गंतव्यों तक वायुसेवा दे पा रहे थे, वहीं आज 75 गंतव्य के लिए के लिए वायुसेवा उपलब्ध है।

उन्होंने कहा कि अयोध्या में पहले चरण के लिए जिनती भूमि की आवश्यकता है, उतनी भूमि उपलब्ध करा दी गई है। अंतरराष्ट्रीय एयरपोर्ट के लिए मात्र 86 एकड़ भूमि बाकी है, इसे भी हम दो तीन महीने में इसके लिए कार्य को आगे बढ़ाएंगे। अयोध्या में एयरपोर्ट निर्माण के लिए भूमि के लिए धनराशि जिला प्रशासन को उपलब्ध करा दी गई है। जितनी भूमि की आवश्यकता होगी उसे उपलब्ध कराएंगे।

मुख्यमंत्री ने कहा कि वायुसेवा की बेहतरीन कनेक्टिविटी विकास के लिए कई द्वार खोलती है। तेजी के साथ प्रदेश में वायुसेवा का विकास हो रहा है। अयोध्या को देश की सुंदरतम नगरी के रूप में स्थापित किया जायेगा।

## शिवपाल के भाजपा में शामिल होने की अटकलों पर अखिलेश ने तोड़ी चुप्पी, कहा- लोकतंत्र की भाजपा सीरियल किलर



**कन्नौज।** एमएलसी चुनाव में पार्टी प्रत्याशी को जीत दिलाने के लिए कार्यकर्ताओं में दम भरने आए सपा अध्यक्ष व पूर्व सीएम अखिलेश यादव ने योगी सरकार पर जुबानी हमला बोला है। उन्होंने कहा कि भाजपा लोकतंत्र की सीरियल किलर है। महंगाई, भ्रष्टाचार और लूटपाट बढ़ रही है।

जनता बैंकों में जाकर अपने-अपने लॉकर्स चेक करे, वहां खूब लूट हो रही है। बलिया में पेपर लीक करने की सूचना सार्वजनिक करने और खबर छपने वाले पत्रकारों को सरकार ने जेल भेज दिया। सरकारी अपनी नाकामी छिपाने के लिए पत्रकारों की आवाज बंद कर रही है।

बुधवार को पूर्व सीएम आखिलेश यादव तिर्वा-कन्नौज मार्ग स्थित सपा कार्यालय पहुंचे थे। यहां उन्होंने पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं के अलावा एमएलसी चुनाव में मतदाता जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक की। अखिलेश यादव ने एमएलसी प्रत्याशी हरीश कुमार के पक्ष में मतदान कर चुनाव जिताने की अपील की।

इस दौरान चाचा शिवपाल सिंह यादव की नाराजगी का कारण पूछने पर कुछ देर तक चुप्पी साधने के बाद कहा कि लोकतंत्र की भाजपा सीरियल किलर है। पारिवारिक सवालों के जवाब देने का अभी समय नहीं है। अस्पतालों में सरकारी दवाएं नहीं है। दुष्कर्म, लूटपाट की घटनाएं बढ़ रही हैं।

सपा के राष्ट्रीय अध्यक्ष अखिलेश यादव ने नेताओं और पदाधिकारियों के कैडर के हिसाब से कार्यालय में बैठक की। अखिलेश के सामने कई नेता विधानसभा चुनाव में मिली हार का ठीकरा एक दूसरे पर फोड़ने लगे। कई नेताओं के बीच खूब नोकझोंक हुई। नेताओं को शांत कराते हुए अखिलेश ने कहा कि ईद के बाद वे आकर तीनों विधानसभा सीटों की बूथवार समीक्षा करेंगे।

बुधवार को अखिलेश यादव की बैठक को लेकर सुबह से पार्टी कार्यालय पर नेताओं की भीड़ जुटने लगी। सुरक्षाकर्मियों ने तलाशी लेकर नेताओं, पदाधिकारियों और कार्यकर्ताओं को अंदर जाने दिया। नेताओं और पदाधिकारियों के पार्टी में कद के हिसाब से अलग-अलग करीब 50 से 60 लोगों की दोपहर एक बजे शाम पांच बजे तक बैठक की।

विधान सभा चुनावों में मिली हार को लेकर कई नेताओं ने एक-दूसरे पर ठीकरा फोड़ते हुए अपना कद बढ़ाने का एहसास कराया। इस दौरान कई नेताओं के बीच जमकर नोकझोंक हुई। कार्यकर्ताओं ने जिले की कार्यकारिणी भंग करते हुए योग्य और कर्मठ लोगों को पदाधिकारी बनाए जाने की मांग की।

सभासदों और नेताओं ने किया हंगामा बैठक में शामिल होने वाले नेताओं और एमएलसी चुनाव के मतदाताओं की सूची तैयार की गई थी। सूची में अंकित नाम वाले व्यक्तियों को प्रवेश दिया गया। कुछ सभासदों और सपा नेताओं का सूची में नाम न होने पर सुरक्षाकर्मियों ने उन्हें रोक लिया। इससे आक्रोशित लोगों ने हंगामा शुरू कर दिया। पूर्व विधायक कलियान सिंह दोहरे ने रुठे लोगों को समझा कर अपने साथ अंदर ले गए।

## उप्र में जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाने की बड़ी तैयारी

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश सरकार ने स्वच्छता मिशन की तर्ज पर जल संरक्षण को भी जन अंदोलन बनाने की तैयारी कर ली है। इस कार्य में जनसहभागिता को बढ़ाने के लिए कई अनूठे कदम उठाने जा रहे हैं।

मुख्यमंत्री कार्यालय की ओर से गुरुवार को जारी विज्ञप्ति के अनुसार राज्य की योगी सरकार ने अटल भूजल योजना के तहत प्रदेश में चयनित 10 जनपदों के 26 विकासखंडों की 550 ग्राम पंचायतों में बैठकें और प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित करने के निर्देश जारी किये हैं।

सरकार ने एक बार फिर भूजल संरक्षण की योजनाओं को तेजी से प्रदेश में विस्तार देने की तैयारी की है। नमामि गंगे और ग्रामीण जलापूर्ति विभाग को इसकी जिम्मेदारी सौंपी गई है। तय किया गया है कि युद्ध स्तर पर गांव-गांव जल संरक्षण की योजनाओं को पूरा कराने और लोगों को जागरूक करने के लिए कार्यक्रमों में तेजी लाई जाएगी। भूजल को बचाना और दोबार उसे उपयोग में लाये जाने के तरीकों के बारे में भी लोगों को जागरूक किया जाएगा।

प्रदेश सरकार विभिन्न जिलों में जल संरक्षण के साथ शुद्ध पेयजल की उपलब्धता सुनिश्चित करा रही है। खेत ताल योजना के तहत खेत का पानी खेत में और छत का पानी धरती में वापस जा सके, उस पर भी तेजी से काम किया जा रहा है।

बता दें कि पिछले कार्यकाल में सरकार के प्रयासों और जल जीवन मिशन की योजनओं से गांव-गांव में चल रहे प्रयास रंग लाने लगे हैं। स्वच्छता मिशन की तरह जल संरक्षण को जन आंदोलन बनाने की तैयारी की जा रही है। गांव-गांव में जल संरक्षण की योजनाओं का काम तेजी से पूरा कराया जा रहा है। जल समितियों का गठन और पाइपलाइनों से लीक होने वाले पानी के संरक्षण और रेन वॉटर हारवेस्टिंग पिट के निर्माण को भी युद्ध स्तर पर किये जाने की तैयारी है। जिससे बारिश के पानी का संरक्षण हो सके और संरक्षित पानी का दोबारा इस्तेमाल किया जा सके।

## मुर्तज़ा का कथित वीडियो वायरल, सच्चाई का पता लगा रही है उत्तर प्रदेश पुलिस

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में प्रसिद्ध गोरखनाथ मंदिर में हमले के आरोपी मुर्तज़ा अब्बासी का कथित रूप से एक वीडियो वायरल हुआ है जिसमें वह कह रहा कि उसने नागरिकता (संशोधन) अधिनियम (सीएए) और राष्ट्रीय नागरिकता रजिस्टर (एनआरसी) तथा अल्पसंख्यकों के साथ अन्याय की घटनाओं से क्रुद्ध होकर रविवार को यह हमला किया था।

गौरतलब है कि मुर्तजा को उसी समय पकड़ कर पुलिस के हवाले कर दिया गया था। राज्य की पुलिस का आतंक निरोधक दस्ता (एटीएस) मुर्तज़ा से पूछताछ कर रही है।

इस कथित वीडियो में मुर्तज़ा यह कह रहा था, "मेरे दिमाग में बस यही जस्टिफ़िकेशन (तर्क-वितर्क) चल रहा था, कोई काम करने के पहले आदमी उसका जस्टिफ़िकेशन भी तो खोजता है। कर्नाटक में भी मुसलमानों के साथ गलत हो रहा है। किसी को तो कुछ करना होगा मगर कोई कुछ नहीं कर रहा है। तो हमने सोचा अब कर ही दो।"

उत्तर प्रदेश पुलिस के अतिरिक्त महानिदेशक (विधि व्यवस्था) प्रशांत कुमार ने इस वीडियो के बारे में पूछे जाने पर कहा, "जैसा कि पहले ही बताया जा चुका है कि यह घटना एक बड़ी साजिश का हिस्सा है। इसके सभी पहलुओं पर विचार किया जा रहा है।" कुमार ने कहा, "वीडियो की जांच की जा रही है। पूछताछ के बाद तथ्यों का प्रमाणीकरण किया जायेगा। पुलिस हिरासत में जो अभियुक्त है उससे आतंकवाद निरोधक दस्ता (एटीएस) की टीम लगातार पूछताछ कर रही है।" अभियुक्त के विदेश यात्रा के संबंध में पूछे जान पर उन्होंने कहा, "इस तरह की बातें सबके सामने है। उसकी आधिकारिक पुष्टि तथ्यों तथा सबुतों के आधार पर की जा रही है।"

उन्होंने कहा अभियुक्त से जुड़े सभी तथ्यों को संज्ञान में लिया जा रहा है तथा सबुत जुटाकर कार्रवाई की जाएगी।

इस बीच राज्य के गृह विभाग के उच्च पदस्थ सूत्रों ने बताया कि मुर्तज़ा क़बूल किया है कि उसने गोरखनाथ मंदिर में हमले को अंजाम देने के इरादे से प्रवेश किया था।

सूत्रों ने बताया, "उसने कुबूल किया कि देश में मुसलमानों के साथ गलत हो रहा है, सीएए और एनआरसी भी गलत हो रहा है। बस इसी गुस्से में उसने यह कदम उठाया है।" उसने पूछताछ में बताया कि वह टैंपो से गोरखनाथ मंदिर गया था।

## पुलिस मुठभेड़ में गोली लगने से 25 हजार का इनामी बदमाश घायल, दो फरार



**जौनपुर।** उत्तरप्रदेश के जौनपुर जिले में अपराधियों के खिलाफ प्रशासन की सख्त कार्रवाई का दौर जारी रखते हुए पुलिस ने बुधवार की रात एक मुठभेड़ के बाद 25 हजार रुपये के इनामी को गिरफ्तार कर लिया।

जौनपुर के अपर पुलिस अधीक्षक (एएसपी) ग्रामीण शैलेंद्र कुमार सिंह ने गुरुवार को बताया कि मुठभेड़ में गोली लगने से इनामी बदमाश घायल हो गया। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर लिया जबकि दो अन्य बदमाश मौके से फरार होने में सफल रहे।


सिंह ने बताया कि जिले में बक्सा, बदलापुर और खुटहन में बुधवार की रात्रि गश्त के दौरान पुलिस को मुखबिर से सूचना मिली कि तीन शातिर लुटेरे वारदात को अंजाम देने के लिए बदलापुर की ओर जा रहे हैं। सूचना के आधार पर पुलिस टीम ने सुजियामऊ के पास हाईवे पर घेराबंदी की।

जौनपुर की तरफ से आ रही एक मोटर साइकिल को रुकने का इशारा किया गया इस पर बाइक सवार ने मोटर साइकिल की गति और तेज कर दी। साथ ही बाइक सवार ने पुलिस टीम पर गोली भी चलाई। थानाध्यक्ष बक्सा एवं थानाध्यक्ष खुटहन द्वारा की गई जवाबी फायरिंग में बाइक सवार बदमाश के पैर में गोली लगी और वह गिर गया। दो अन्य बदमाश अंधेरे का फायदा उठाकर भागने में सफल रहे।

उन्होंने बताया कि घायल बदमाश को पुलिस ने जौनपुर जिला अस्पताल पहुंचाया। जहां से उसे बीएचयू ट्रॉमा सेंटर रेफर कर दिया गया। घायल बदमाश बृजेश गौतम पुत्र दूधनाथ गौतम गोंठवा थाना महाराजगंज का रहने वाला है। उसके कब्जे से तमंचा-कारतूस, चोरी की बाइक और कैश बरामद हुआ है। बदमाशों की ओर से चली गोली स्वाट टीम प्रभारी की बुलेट प्रूफ जैकेट में जा धंसी।

उन्होंने कहा कि लूट के कई मामलों में शामिल बृजेश पर 25 हजार रुपये का इनाम घोषित है। उसके खिलाफ खुटहन, बक्शा और बदलापुर थाने में छह मुकदमे दर्ज हैं। एएसपी ग्रामीण ने बताया कि फरार बदमाशों में से एक की पहचान हो गई है। पुलिस उनकी भी तलाश कर रही है।

## अंबेडकरनगर में बाबा के बुलडोजर की धमक, भागे-भागे सरेंडर करने थाने पहुंचे दुष्कर्म के पांच आरोपित



**अंबेडकरनगर।** बुलडोजर का खौफ अपराधियों के मन में गहरे तक बैठा है। पुलिस अब हथियारों के बजाय सीधी कार्रवाई के लिए बुलडोजर लेकर निकल रही है। गुरुवार को भी ऐसा ही हुआ। सामूहिक दुष्कर्म के आरोपित हाथ नहीं आ रहे थे तो पुलिस उनके घर बुलडोजर लेकर पहुंच गई। फिर क्या था, एक-एक कर पांचों आरोपित भागते हुए आत्मसमर्पण करने थाने पहुंच गए। इस तरह का जिले में यह पहला मामला है।

जैतपुर थाने के एक गांव में बीते 29 मार्च की रात इंटर की छात्रा पढ़ाई कर रही थी। रात करीब 11 बजे वह घर से नित्यक्रिया के लिए निकली तो बाहर घात लगाए बैठे दो युवक उसे पकड़ कर बाग में उठा ले गए। यहां अन्य युवकों ने मिलकर सामूहिक दुष्कर्म करने के बाद इसका वीडियो भी बना लिया। घर पहुंचकर युवती ने परिवार वालों को आपबीती सुनाई।

युवती और आरोपितों के एक ही बिरादरी के होने के नाते प्रधान के घर पंचायत होने के बाद मामले को पुलिस में न ले जाने का निर्णय हुआ और इसे रफा-दफा कर दिया गया। इसी बीच आरोपितों ने दुष्कर्म का वीडियो इंटरनेट मीडिया पर वायरल कर दिया। मामला सार्वजनिक होने पर पीड़ित छात्रा ने थाने में तहरीर दे दी। बुधवार को पुलिस ने आरोपित जयहिंद यादव, रविप्रकाश यादव, कमलेश यादव, रमेश यादव, शुभम, विजय कुमार के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर एक आरोपित रविप्रकाश यादव को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया था।

गुरुवार को पुलिस अधीक्षक के निर्देश पर पुलिस आरोपितों के घर बुलडोजर लेकर पहुंच गई। आनन-फानन में परिवारजन के फोन घनघनाने शुरू हो गए। घर ढहाए जाने के डर से महज आठ घंटे के भीतर आरोपित कमलेश, शुभम शुक्ल, रमेश, विजय कुमार और जयहिंद ने थाने पहुंचकर आत्मसमर्पण कर दिया। एसपी आलोक प्रियदर्शी ने बताया कि बुलडोजर के भय से फरार आरोपितों ने खुद को पुलिस के हवाले कर दिया। सभी को जेल भेज दिया गया है।

## उत्तर प्रदेश सरकार का राजस्व 25,226 करोड़ बढ़ा, इस बार खनन से कम हुई कमाई

**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश में कोरोना संक्रमण कुछ कम होने के बाद से ही सरकार आर्थिक मोर्चे पर काफी राहत मिली है। उत्तर प्रदेश सरकार का राजस्व भी बढ़ा है, भले ही खनन से इस बार कम कमाई हुई है। प्रदेश सरकार को 2021-22 में 1,47,843.1 करोड़ रुपये मिले जबकि 2020-21 में सरकार को 1,22,616.48 करोड़ रुपये की आमदनी हुई थी। इस दौरान भी भूतत्व एवं खनिकर्म में 456 करोड़ की कमी आई है, लेकिन राजस्व की सभी मुख्य मदों में ज्यादा प्राप्तियां होने से कमाई भी बढ़ी है।

कोरोना महामारी की विभीषिका कम होने से राज्य सरकार को आर्थिक मोर्चे पर राहत मिली है। योगी आदित्यनाथ सरकार ने वित्तीय वर्ष 2020-21 की तुलना में 2021-22 में कर और करेतर राजस्व की मुख्य मदों में 25,226.62 करोड़ रुपये ज्यादा प्राप्त हुए हैं। कर राजस्व की सभी मुख्य मदों में 2020-21 की तुलना में सरकार की प्राप्तियां बढ़ी हैं लेकिन भूतत्व एवं खनिकर्म से होने वाली कमाई में 456.38 करोड़ रुपये की कमी आई है।

## एमएलसी चुनाव से पहले सपा को झटका : पूर्व सांसद राधेमोहन सिंह ने छोड़ी पार्टी, अखिलेश यादव के फैसलों पर जताई नाराजगी



**गाजीपुर।** एमएलसी चुनाव के पूर्व यूपी के गाजीपुर जिले में सियासी गर्माहट अपने चरम पर पहुंच गई है। पूर्व सांसद राधेमोहन सिंह ने बुधवार को समाजवादी पार्टी से त्यागपत्र दे दिया। 33 साल सपा में रहने के बाद पार्टी छोड़ना चर्चा का विषय बना हुआ है। प्रेस कॉन्फ्रेंस कर राधेमोहन सिंह ने सपा सुप्रीमो अखिलेश यादव को त्यागपत्र भेजने की बात कही और आरोप लगाए। त्यागपत्र में इस बात की चर्चा की है कि जिस गाजीपुर ने सपा को सात विधायक दिए हैं, वहां एमएलसी चुनाव को लेकर जिला नेतृत्व क्या कर रहा है इसकी जानकारी 12 अप्रैल को हो जाएगी। उन्होंने कहा कि मेरी पत्नी को गाजीपुर नेतृत्व ने जिला पंचायत का टिकट नहीं दिया था।

अगर आपने (अखिलेश यादव) इस मामले में कार्रवाई की होती तो शायद मैं भी बिना पद के पार्टी में रहता, लेकिन आपको जिस पर कार्रवाई करनी चाहिए थी, उन लोगों को सम्मानित करने का काम किया। राधेमोहन सिंह ने कहा कि शुरू से लेकर 2022 तक पार्टी को मां का दर्जा दिया और अब तक मेरा पूरा राजनैतिक जीवन समाजवादी पार्टी में व्यतीत हुआ और निष्कलंकित रहा है। साल 2014, 2017 और 2019 तक चुनावों में हमने पार्टी के लिए पूरी निष्ठा एवं ईमानदारी से काम किया। जिला पंचायत चुनाव में टिकट मांगने के बाद चुनाव के दौरान मुझे हराने के लिए ओम प्रकाश राजभर को लगाया गया। तेज बहादुर सिंह अस्पताल में थे।

## चुनावी रंजिश के चलते दो पक्षों में चले लाठी-डंडे, कई राउंड फायरिंग, बवाल में 13 लोग घायल



**अमरोहा।** अमरोहा के नौगांवा सादात में दो परिवारों के बीच चल रही पुरानी रंजिश विधानसभा चुनाव के बाद और बढ़ गई। गुरुवार की सुबह दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई। लाठी-डंडे चले और फायरिंग हुई। बवाल में दोनों पक्षों के 13 लोग लहूलुहान हो गए। मौके पर पहुंची पुलिस ने बिगड़ते हालात संभाले। घायलों को अस्पताल में भर्ती कराया गया। छर्रे लगने से घायल महिला समेत तीन लोगों की हालत गंभीर बनी हुई है। घटना में दोनों पक्षों की तरफ से तहरीर दे दी गई है। पुलिस घटना की जांच में जुट गई है।

यह घटना नौगांवा सादात थानाक्षेत्र के मजरा दौलतपुर उर्फ पृथीपुर गांव की है। यहां पर अनवार और जमीर हुसैन का परिवार रहता है। पेशे से किसान अनवार का बेटा शमशाद बीजेपी का बूथ अध्यक्ष है। जबकि जमीर हुसैन का बेटा मीर खान पूर्व प्रधान है। दोनों परिवारों के बीच पुराना जमीनी विवाद चल रहा है। एक महीने पहले भी मारपीट हुई थी, इस मामले में पुलिस ने दोनों पक्षों के खिलाफ शांतिभंग की कारवाई की थी। लेकिन विधानसभा चुनाव के बाद दोनों पक्षों में रंजिश और बढ़ गई।

दोनों पक्ष भाजपा और सपा के समर्थन में वोट करने को लेकर आमने-सामने आ गए थे। आरोप है कि गुरुवार की तड़के चार बजे सहरी के बाद दोनों पक्ष आमने-सामने आ गए। कहासुनी के बाद दोनों पक्षों में जमकर मारपीट हुई। लाठी-डंडे चले। दहशत फैलाने के लिए कई राउंड फायरिंग की गई। खूनी संघर्ष में शमशाद, दिलशाद, कामिनी, सहारून, रिहान और नवाजिश समेत दोनों पक्षों 13 लोग घायल हो गए। सूचना मिलते ही इंस्पेक्टर शैलेंद्र सिंह फोर्स के साथ मौके पर पहुंच गए।

बवाल कर रहे लोगों को खदेड़ कर बिगड़ते हालात संभाले। घायलों को अमरोहा शहर के सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में भर्ती कराया गया। इस दौरान दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर घर में घुसकर हमला करने का आरोप लगाया है। फिलहाल छर्रे लगने से घायल सहारून समेत तीन लोगों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

इंस्पेक्टर ने बताया कि दोनों पक्षों के बीच पुराना जमीनी विवाद चल रहा है। जिसे लेकर मारपीट हुई है। प्राथमिक जांच में फायरिंग होने और छर्रे लगने की बात सामने नहीं आई है। इस मामले में एक महीने पहले भी दोनों पक्षों के खिलाफ शांतिभंग की कार्रवाई की गई थी। अब तहरीर के आधार पर रिपोर्ट दर्ज कर आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## शार्ट न्यूज

### रुपया 19 पैसे लुढ़का

**मुंबई।** अमेरिकी फेड रिजर्व के ब्याज दरों में आक्रामक बढ़ोतरी करने के संकेत से दुनिया की प्रमुख मुद्राओं के मुकाबले डॉलर के दो साल के उच्चतम स्तर पर पहुंचने से अंतरबैंकिंग मुद्रा बाजार में रुपया लगातार दूसरे दिन गिरता हुआ आज 19 पैसे लुढ़ककर 76.03 रुपये प्रति डॉलर पर आ गया। पिछले कारोबारी दिवस रुपया 55 पैसे लुढ़ककर 75.84 रुपये प्रति डॉलर रहा था। लगातार दो दिनों में रुपया 74 पैसे टूटा है। शुरुआती कारोबार में रुपया चार पैसे फिसलकर 75.88 रुपये प्रति डॉलर पर खुला और लिवाली के दबाव में 76.03 रुपये प्रति डॉलर के निचले स्तर तक लुढ़क गया। बिकवाली होने से यह 75.78 रुपये प्रति डॉलर के उच्चतम स्तर पर भी रहा। अंत में पिछले सत्र के 75.84 रुपये प्रति डॉलर के मुकाबले 19 पैसे गिरकर 76 रुपये प्रति डॉलर के मनोवैज्ञानिक स्तर के पार 76.03 रुपये प्रति डॉलर पर आ गया। विश्लेषकों के अनुसार, अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व की अंतिम मौद्रिक नीति के जारी मिनट्स में आसमान छूती महंगाई को नियंत्रित करने के लिए ब्याज दरों में आक्रामक बढ़ोतरी करने के संकेत से डॉलर में तेजी आई, जिससे रुपया दबाव में आ गया। साथ ही शेयर बाजार में जारी गिरावट का असर भी रुपये पर रहा है।

### सोना, चांदी में मजबूती

**इंदौर।** स्थानीय सर्राफा बाजार में सोना तथा चांदी में मजबूती दर्ज की गई। आज सोना 200 तथा चांदी 500 रुपये ऊंची बिकी।
उल्लेखनीय है कि सोना- चांदी के भाव में देर रात तक फेरबदल होता रहता है।
विदेशी बाजार में सोना 1929 डॉलर तथा चांदी 2445 सेन्ट प्रति औंस बिकी।
सोना 52600 रुपये प्रति 10 ग्राम।
चांदी 67600 रुपये प्रति किलोग्राम।
चांदी सिक्का 750 रुपये प्रति नग।

### सरसों तेल सस्ता, उड़द दाल महंगी

**नई दिल्ली।** वैश्विक बाजार के मिलजुले संकेत के बीच स्थानीय स्तर पर उठाव कमजोर रहने से आज दिल्ली थोक जिंस बाजार में सरसों तेल और मूंगफली तेल के भाव गिर गए वहीं उड़द दाल महंगी हो गई। तेल-तिलहन -वैश्विक स्तर पर मलेशिया के बुरसा मलेशिया डेरिवेटिव एक्सचेंज में पाम ऑयल का अप्रैल वायदा छह रिंगिट की मामूली गिरावट लेकर 6658 रिंगिट प्रति टन पर आ गया। वहीं, अमेरिकी सोया तेल वायदा 0.50 सेंट चढ़कर 72.33 सेंट प्रति पौंड बोला गया। स्थानीय स्तर पर सरसों तेल 147 रुपये और मूंगफली तेल 220 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हो गया। वहीं, सूरजमुखी तेल, सोया रिफाइंड, पाम ऑयल और वनस्पति तेल के भाव पिछले कारोबार दिवस के स्तर पर पड़े रहे। गुड़-चीनी: मीठे के बाजार में टिकाव रहा। इस दौरान चीनी और गुड़ के भाव टिके रहे। दाल-दलहन -दाल-दलहन के बाजार में भी लगभग स्थिरता रही। केवल उड़द दाल में 100 रुपये प्रति क्विंटल की तेजी रही जबकि चना दाल, चना, अरहर दाल, मसूर दाल और मूंग दाल के भाव में कोई बदलाव नहीं हुआ। अनाज - अनाज मंडी में मिलाजुला रुख रहा। इस दौरान चावल 50 रुपये प्रति क्विंटल सस्ता हो गया वहीं गेहूं के भाव स्थिर रहे।

### एअर इंडिया ने दिल्ली-मॉस्को फ्लाइट कैंसिल की, जंग की वजह से कंपनियां एयरक्राफ्ट के इंश्योरेंस को तैयार नहीं



**नई दिल्ली।** एअर इंडिया ने हफ्ते में दो बार ऑपरेट होने वाली अपनी दिल्ली-मास्को फ्लाइट कैंसिल कर दी है। जिन यात्रियों ने फ्लाइट की बुकिंग की थी उन्हें पूरा रिफंड दिया जाएगा। फ्लाइट कैंसिल करने की वजह रूस-यूक्रेन युद्ध के कारण एयरस्पेस में बढ़े खतरे को बताया जा रहा है। ऐसे में अब मॉस्को जाने के लिए यात्री ट्रांजिट रूट का इस्तेमाल कर सकते हैं। यात्री ताशकंद, इस्तांबुल, दुबई, अबू धाबी, दोहा और अन्य देशों के रास्ते रूस पहुंच सकते हैं। मीडिया रिपोर्ट के मुताबिक एअर इंडिया उन एयरलाइन्स में से है जो यूक्रेन पर रूस के हमले के बाद भी रशियन एयरस्पेस का इस्तेमाल कर रही है। एअर इंडिया की सभी फ्लाइट्स का इंश्योरेंस इंटरनेशनल एजेंसीज करती है, लेकिन रशियन एयरस्पेस में बढ़े खतरे की वजह से इंटरनेशनल इंश्योरेंस कंपनियों ने एयरक्राफ्ट पर इंश्योरेंस देने से मना कर दिया है। हालांकि एअर इंडिया का कोई आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है।
इससे पहले बुधवार को, रूसी दूतावास ने कहा था कि एअर इंडिया ने दिल्ली-मॉस्को-दिल्ली मार्ग पर टिकट बेचना बंद कर दिया है। इस एयरलाइन की रूस के लिए उड़ानें फिर से शुरू करने की संभावनाएं फिलहाल अनिश्चित हैं। एविएशन इंश्योरेंस में तीन चीजों को कवर किया जाता है।

# ऑस्ट्रेलिया में एक व्यापार संवर्धन कार्यालय खोलेगा भारत : गोयल

एजेंसी



**नयी दिल्ली।** वाणिज्य एवं उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने आस्ट्रेलिया में चिकिस्ता और अन्य क्षेत्रों में उच्च कोटि के अनुसंधान को भारत के बड़े बाजार और प्रतिभाओं के बड़े पूल से जोड़ने का सुझाव दिया है। उन्होंने कहा कि है कि इससे बड़े पैमाने के उत्पादन का लभ उठा तीसरे देशों को भी उचित दर के उत्पाद सुलभ कराए जा सकते हैं।
आस्ट्रेलिया की यात्रा पर गए श्री गोयल ने वहां गुरुवार को विभिन्न कार्यक्रमों को संबोधित किया। वाणिज्य मंत्री ने कहा कि भारत आस्ट्रेलिया आर्थिक सहयोग एवं व्यापार व्यापार समझौते (इंडऑस एकता) की संभावनाओं को सार्थक करने के लिए भारत इन्वेस्ट इंडिया कार्यालय की स्थापना करेगा और कुछ ही महीनों में इंडऑस ईसीटीए की क्षमता का एहसास करने के लिए ऑस्ट्रेलिया में एक व्यापार संवर्धन कार्यालय खोलेगा।
गोयल ने सिडनी में न्यू साउथ वेल्स के छात्र-छात्राओं के मंच यूएनएसडब्ल्यू के साथ बातचीत के दौरान कहा, "शोधकर्ता बहुत से अच्छे काम करते हैं, उन्हें उस तरह का पैमाना नहीं मिलता है, उस तरह का मौका मिलता जिसमें उस काम का व्यावहारिक उपायोग हो सकता है।"
गोयल ने उदाहरण दिया कि चिकित्सा और विनिर्माण प्रौद्योगिकी के क्षेत्र में भारत और अस्ट्रेलिया के बीच सहयोग से अनुसंधानकार्ताओं के अच्छे काम को बड़े पैमाने पर परिचालन में का अवसर मिल सकता है और इससे वैश्विक अर्थव्यवस्था के लिए सस्ते में अच्छे उत्पादों की आपूर्ति की जा सकती है। उन्होंने कहा, "उस पैमाने के साथ हम चिकित्सा सेवा को और अधिक किफायती बना सकते हैं, उस पैमाने के साथ हम दोनों देशों में हमारे पास मौजूद प्रतिभा का उपयोग करके बड़ी संख्या में लोगों की सेवा करने के लिए प्रौद्योगिकी बना सकते हैं।"
उन्होंने कहा कि इस बात की अच्छी संभावना है कि ऑस्ट्रेलिया में प्रतिभाएं पासा पलटने वाले अनुसंधान करें, भारत में प्रतिभाएं इसे बड़े पैमाने पर विनिर्मित करने में मदद करें। विनिर्माण के उस बड़े पैमाने का उपयोग बड़े दुनिया में समाज के बड़े वर्गों की सेवा में हो और वहां से वह दुनिया के बाकी हिस्सों में ले जाया जाय। गोयल ने कहा, "इस तरह की साझेदारियां दुनिया के लिए महत्वपूर्ण हैं।"
बाद में ऑस्ट्रेलिया की व्यवसायी परिषद द्वारा आयोजित उद्यमियों की बैठक में भी श्री गोयल ने कहा, ''आप वास्तव में अपनी उन प्रौद्योगिकियों, और अद्भुत नवाचारों को लेकर भारत के विशाल बाजार में जा सकते हैं जो आप अपनी प्रयोगशालाओं, अनुसंधान संस्थानों या विश्वविद्यालयों में तैयार कर रहे हैं। वहां आप मेक इन इंडिया के तहत भारतीयों की प्रतिभा और कौशल का उपयोग कर दुनिया के लिए - मेक इन इंडिया फॉर द वर्ल्ड, उत्पादन कर सकते हैं।"
गोयल ने कहा कि इंडऑस एकता समझौता हमें अगले 5-6 वर्षों में हमारे द्विपक्षीय व्यापार को दोगुना करने में मदद करेगा और 2030 तक हमें 100 अरब डॉलर के द्विपक्षीय व्यापार लक्ष्य की आकांक्षा करनी चाहिए।

### आज नहीं बढ़े पेट्रोल-डीजले के दाम

**नयी दिल्ली।** देश में तेल विपणन करने वाली कंपनियों ने गुरुवार को पेट्रोल-डीजल की कीमतों में वृद्धि नहीं की जिससे एक अप्रैल के बाद से आज पेट्रोल-डीजल की कीमतों में कोई परिवर्तन नहीं हुआ। इससे पहले राष्ट्रीय राजधानी दिल्ली में बुधवार को पेट्रोल-डीजल के दामों में 80-80 पैसे प्रति लीटर की बढ़ोत्तरी की गयी थी। इस वृद्धि के बाद दिल्ली में पेट्रोल 105.41 रुपये प्रति लीटर और डीजल के 96.67 रुपये प्रति लीटर बिक रहा है। वहीं, मुंबई में बीते दिन हुयी 84 पैसे प्रति लीटर की वृद्धि के बाद पेट्रोल की कीमत 120.51 रुपए प्रति लीटर और डीजल के दाम 85 पैसे से बढ़कर 104.77 रुपये प्रति लीटर पर है।

## Forbes के टॉप अमीरों में Gautam Adani 9वें पायदान पर खिसके

एजेंसी



**नई दिल्ली।** Adani Group के चेयरमैन Gautam Adani दुनिया की टॉप 10 अमीरों की लिस्ट में पिछड़ गए हैं। बुधवार को उनकी और परिवार की नेट वर्थ 116.3 बिलियन डॉलर थी, जिससे वह टॉप टेन अमीरों में छठे पायदान पर पहुंच गए थे। वहीं गुरुवार को उनकी नेटवर्थ घटकर 109.8 बिलियन डॉलर पर आ गई। इससे उनकी रैंकिंग घटकर 9वें स्थान पर आ गई।
बुधवार को नेट वर्थ में आए बड़े उछाल से Gautam Adani ने Oracle के Larry Ellison और Google के Sergey Brin व Larry Page को पछाड़ दिया था। Forbes Real-Time Billionaires list के मुताबिक बीते हफ्ते Gautam Adani और परिवार की नेट वर्थ 100 बिलियन डॉलर को पार कर गई थी। ऐसा पहली बार नहीं था कि Adani अमीरों की टॉप टेन लिस्ट में आए हों। लेकिन छठे पायदान पर पहुंचना पहली बार था।

## महंगाई की मार : CNG 4 दिन में ही 7.50 रुपए महंगी हुई




एजेंसी

**नई दिल्ली।** देश में पेट्रोल-डीजल के साथ ही ष्टहृत्र की कीमतों में भी इजाफा हो रहा है। कल के मुकाबले दिल्ली में आज CNG की कीमतों में ढाई रुपये प्रति किलो की बढ़ोतरी देखने को मिली है। दिल्ली में आज CNG 69.11 रुपए प्रति किलो मिल रहा है। वहीं नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद में 71.67 रुपए प्रति किलो ष्टहृत्र मिल रहा है। दिल्ली में इंद्रप्रस्थ गैस लिमटेड (IGL) की तरफ से पिछले कुछ दिनों में ष्टहृत्र की कीमतों में बढ़ोतरी देखने को मिली है। दिल्ली से सटे नोएडा और गाजियाबाद में 4 दिनों में ही CNG कीमत में 7.50 रुपए की बढ़ोतरी की गई है।
देश में बीते 17 दिन 14 बार पेट्रोल-डीजल की कीमत में बढ़ोतरी की गई है। दिल्ली में पेट्रोल-डीजल की कीमत 105.41 रुपए/लीटर और डीजल 96.67 रुपए/लीटर हो गई है। देश में 17 दिनों में पेट्रोल-डीजल की कीमत 9.96 रुपए बढ़ी है।

### प्रमुख शहरों में CNG का भाव

- दिल्ली - 69.11 रुपए प्रति किलो
- नोएडा, ग्रेटर नोएडा और गाजियाबाद - 71.67 रुपए प्रति किलो
- मुजफ्फरनगर, मेरठ और शामली - 76.34 रुपए प्रति किलो
- गुरुग्राम- 77.44 रुपए प्रति किलो
- रेवाड़ी - 79.57 रुपए प्रति किलो
- करनाल, कैथल - 77.77 रुपए प्रति किलो
- कानपुर - 80.90 रुपए प्रति किलो
- अजमेर, पाली - Rs.79.38 रुपए प्रति किलो

## Flipkart की अमेरिकी शेयर बाजार में लिस्टिंग की योजना का खुलासा!

एजेंसी





**नई दिल्ली।** वॉलमार्ट की भारतीय ई-कॉमर्स कंपनी फ्लिपकार्ट ने आंतरिक रूप से अपने आईपीओ मूल्यांकन लक्ष्य को लगभग एक तिहाई बढ़ाकर 60-70 बिलियन डॉलर कर दिया है। इसके साथ ही, अब कंपनी ने इस साल के बजाय, 2023 में अमेरिकी शेयर बाजार में लिस्टिंग की योजना बनाई है। समाचार एजेंसी रॉयटर्स ने कंपनी की योजना के बारे में जानकारी रखने वाले दो सूत्रों के हवाले से यह रिपोर्ट किया है। एजेंसी के अनुसार, फ्लिपकार्ट ने पहले 50 बिलियन डॉलर का आईपीओ मूल्यांकन लक्ष्य निर्धारित किया था। बता दें कि भारत के तेजी से बढ़ते ई-कॉमर्स स्पेस में फ्लिपकार्ट का मुकाबला अमेजन के साथ रहता है।
सूत्रों ने कहा कि आईपीओ के लिए देरी करने का मुख्य कारण फ्लिपकार्ट की आंतरिक योजना है। कंपनी अपने दो अपेक्षाकृत नए व्यवसायों- ऑनलाइन स्वास्थ्य सेवाओं और यात्रा बुकिंग पर ध्यान केंद्रित करके अपने मूल्यांकन को और बढ़ाना चाहती है। फ्लिपकार्ट की योजनाओं से परिचित दो अलग-अलग सूत्रों ने कहा कि रूस-यूक्रेन संकट से चल रही वैश्विक बाजार में उथल-पुथल ने भी भारतीय कंपनी को अपनी समयरेखा पर पुनर्विचार करने के लिए मजबूर किया है।
फ्लिपकार्ट ने 2021 में भारतीय यात्रा बुकिंग वेबसाइट क्लियरट्रिप का अधिग्रहण किया था और इस सप्ताह दवाओं के साथ-साथ अन्य स्वास्थ्य उत्पादों तथा सेवाओं की पेशकश करने के लिए एक "हेल्थ+" ऐप लॉन्च किया है। एक सूत्र ने कहा, "यात्रा व्यवसाय ने उनके लिए पहले से ही अच्छे संकेत दिखाने शुरू कर दिए हैं।" ऐसे में एक सूत्र ने कहा कि आईपीओ मूल्यांकन लक्ष्य 70 अरब डॉलर तक हो सकता है जबकि दूसरे ने कहा कि यह 60-65 अरब डॉलर के बीच हो सकता है। हालांकि, फ्लिपकार्ट ने इस पर टिप्पणी करने अनुरोध का कोई जवाब नहीं दिया। बता दें कि वॉलमार्ट ने 2018 में फ्लिपकार्ट में लगभग 16 बिलियन डॉलर में करीब 77त्न हिस्सेदारी खरीदी थी।

## गर्मी में नींबू पानी पीना भी महंगा

### 70 से 400 रुपए किलो पर पहुंचा नींबू, बेमौसम बारिश से बिगड़ा खेल

एजेंसी



**नई दिल्ली।** नींबू की बढ़ती कीमतों ने आम आदमी की रसोई का बजट बिगाड़ दिया है। एक महीने में ही नींबू 70 रुपए से नींबू 400 रुपए तक पहुंच गया है। सब्जी बेचने वाले 10 रुपए में 1 नींबू दे रहे हैं। एक्सपर्ट्स के अनुसार आने वालों दिनों में इसकी कीमत कम होने के आसार नहीं दिख रहे हैं।

#### कम फसल के अलावा महंगा ट्रांसपोर्ट वजह...

बताया जा रहा है कि इस बार फसल कम होने के साथ ही आंध्र प्रदेश और तेलंगाना से आने वाले नींबू की महंगाई के लिए डीजल के भाव भी काफी हद तक जिम्मेदार हैं। डीजल की कीमतों में बढ़ोतरी से माल भाड़े में भी 15त्न की बढ़ोतरी हो गई है। इससे नींबू की कीमत पर दोगुना असर हुआ है।

#### सेब, अंगूर व अनार से भी महंगा बिक रहा नींबू...

नींबू के दाम बढने से अब घरों के अलावा होटल व ढाबों से भी नींबू गायब हो गया है। स्थिति ये है कि घर, होटल व ढाबों पर भी सलाद से नींबू (जायका) कम हो गया है। होटल व ढाबा संचालक भी सलाद में नींबू का इस्तेमाल कम ही कर रहे हैं। वहीं गन्ने के रस, शिंकजी व सब्जियों में भी नींबू का उपयोग कम मात्रा में कर रहे हैं। इन दिनों नींबू सेब, अंगूर व अनार से भी महंगा बिक रहा है।

## शेयर बाजार का गिरना जारी, सेंसेक्स 575 और निफ्टी ने 168 अंक का लगाया गोता

एजेंसी




**मुंबई।** फेड रिजर्व के ब्याज दरों में आक्रामक बढ़ोतरी के संकेत से वैश्विक शेयर बाजार में आई गिरावट के दबाव में घरेलू शेयर बाजार का गिरना आज लगातार तीसरे दिन भी जारी रहा और सेंसेक्स और निफ्टी करीब एक प्रतिशत उतरकर बंद हुए। बीएसई का तीस शेयरों वाला संवेदी सूचकांक सेंसेक्स 575.46 अंक लुढ़ककर 59034.95 अंक और नेशनल स्टॉक एक्सचेंज (एनएसई) का निफ्टी 168.10 अंक गिरकर 17639.55 अंक पर रहा। दिग्गज कंपनियों की तरह छोटी और मझौली कंपनियों में भी बिकवाली हुई। बीएसई का मिडकैप 0.42 प्रतिशत फिसलकर 25,069.81 अंक और स्मॉलकैप 0.75 प्रतिशत टूटकर 29,474.70 अंक पर आ गया।
अमेरिकी केंद्रीय बैंक फेडरल रिजर्व की अंतिम मौद्रिक नीति के जारी मिनट्स में ब्याज दरों में आक्रामक बढ़ोतरी करने के संकेत से वैश्विक बाजार में गिरावट रही, जिसका असर घरेलू शेयर बाजार पर भी पड़ा। इस दौरान ब्रिटेन का एफटीएसई 0.02, जापान का निक्केई 1.69, हांगकांग का हैंगसैंग 1.23 और चीन का शंघाई कंपोजिट 1.42 प्रतिशत उतर गया। हालांकि जर्मनी का डैक्स 0.56 प्रतिशत की बढ़त पर रहा।
वैश्विक शेयर बाजार की नरमी के दबाव में स्थानीय स्तर पर बीएसई के 19 में से पंद्रह समूहों में बिकवाली हुई। इस दौरान बेसिक मैटेरियल्स 0.94, सीडीजीएस 0.68, ऊर्जा 2.28, वित्त 0.58, इंडस्ट्रियल्स 1.03, आईटी 1.02, दूरसंचार 0.37, यूटिलिटीज 1.54, ऑटो 0.82, कैपिटल गुड्स 0.44, कंज्यूमर ड्यूरेबल्स 1.98, धातु 1.46 , पावर 1.47, टेक 1.11 और तेल एवं गैस समूह के शेयर 2.59 प्रतिशत टूटे।
शुरुआती कारोबार में सेंसेक्स करीब 208 अंक की गिरावट लेकर 59,402.61 अंक पर खुला लेकिन लिवाली होने से दोपहर बाद यह 59,504.92 अंक उच्चतम स्तर पर पहुंचा। बिकवाली के दबाव में यह कारोबार के अंतिम चरण में 58,977.35 अंक के निचले स्तर तक उतर गया। अंत में पिछले दिवस के 59,610.41 अंक की तुलना में 0.97 प्रतिशत का गोता लगाकर 59,034.95 अंक पर रहा। इस दौरान बीएसई में कुल 3514 कंपनियों के शेयरों में कारोबार हुआ, जिनमें से 1714 में गिरावट जबकि 1694 में तेजी रही वहीं 106 शेयर के भाव स्थिर रहे।
निफ्टी भी करीब 84 अंक फिसलकर 17,723.30 अंक पर खुला और सत्र के दौरान 17,787.50 अंक के उच्चतम जबकि 17,623.70 अंक के न्यूनतम स्तर पर रहा। अंत में पिछले सत्र के 17,807.65 अंक के मुकाबले 0.94 प्रतिशत टूटकर 17,639.55 अंक पर आ गया। इस दौरान एनएसई की 28 कंपनियों के शेयर में गिरावट जबकि 22 में तेजी रही।
इस दौरान सेंसेक्स की 17 कंपनियों ने नुकसान उठाया वहीं 13 कंपनियों के शेयर तेजी पर रहे। टाइटन के शेयर सबसे अधिक 3.24 प्रतिशत गिरे जबकि एक्सिस बैंकके शेयर 2.38 प्रतिशत की बढ़त पर रहे।

## एनएबीसीबी से केंद्रीय विद्युत अनुसंधान संस्थान को मिली मान्यता

एजेंसी

**नयी दिल्ली।** विद्युत मंत्रालय की स्वायत्त संस्था केंद्रीय विद्युत अनुसंधान संस्थान (सीपीआरआई) को आईएसओ/ आईईसी 17065 के अनुसार विद्युत उपकरणों के प्रमाणीकरण के लिए राष्ट्रीय प्रमाणन बोर्ड (एनएबीसीबी) से मान्यता प्राप्त हो गयी है।
विद्युत मंत्रालय ने गुरुवार को जारी विज्ञप्ति में कहा कि इससे सीपीआरआई से परीक्षण प्रमाण पत्र प्राप्त कर चुके निर्माताओं को देश के बाहर किसी अन्य निकाय द्वारा पुन; परीक्षण या प्रमाणीकरण की आवश्यकता के बिना ही अपने उत्पादों का निर्यात करने में सक्षम हो जायेंगे। यह प्रकिया देश में पहले से ही मजबूत स्वदेशी विकास और विद्युत उत्पादों के निर्माण को एक महत्वपूर्ण प्रोत्साहन देगी और इस तरह 'आत्मनिर्भर भारत' को मजबूती भी मिलेगी।
मंत्रालय ने कहा कि भारत में निर्मित विद्युत उत्पादों का निर्यात कई देशों में किया जाता है। सीपीआरआई ने ट्रांसफॉर्मर एवं रिएक्टर, केबल तथा केबल एक्सेसरीज, कैपेसिटर, स्विचगियर एवं कंट्रोल गियर, ट्रांसमिशन लाइन एक्सेसरीज और एनर्जी मीटर को कवर करने वाली अपनी टेस्ट रिपोर्ट के लिए प्रमाणन प्राप्त किया है।
सीपीआरआई के पास अब यह मान्यता होने की वजह से भारतीय निर्यातकों को अपने उत्पादों को परीक्षण के लिए विदेश भेजने की आवश्यकता नहीं होगी।
आईएसओ/आईईसी 17065 प्रमाणन वैश्विक स्तर पर बाजार और नियामकों को प्रदर्शित करता है कि एजेंसियों ने एक सक्षम, सुसंगत तथा निष्पक्ष तरीके से प्रमाणन योजनाओं के संचालन के लिए सभी आवश्यकताओं को पूरा किया है।

## टाटा मोटर्स से 1300 वाणिज्यिक वाहन खरीदेगी वीआरएल लॉजिस्टिक्स

एजेंसी




**नयी दिल्ली।** देश की सबसे बड़े वाणिज्यिक वाहन विनिर्माता कंपनी टाटा मोटर्स ने आज गुरुवार को कहा कि लॉजिस्टिक्स सेवा कंपनी वीआरएल लॉजिस्टिक्स लिमिटेड उससे 1300 वाणिज्यिक वाहन खरीदेगी। वीआरएल अपने वाहनों के बेड़े का विस्तार कर रही है।
टाटा मोटर्स ने एक विज्ञप्ति में कहा कि इस सौदे के तहत वह वीआरएल को मध्यम एवं भारी क्षमता के साथ-साथ हल्के वाणिज्यिक वाहनों की भी आपूर्ती करेगी जो उसकी परिचालन की जरूरतों के लिए उपयुक्त हैं। इन वाहनों का चयन चालन की उन्नत योग्यता, ईंधन बचाने की उच्च क्षमता और स्वामित्व के कम कुल खर्च के आधार पर हुआ है।
टाटा मोटर्स के वाणिज्यिक वाहन व्यवसाय इकाई में बिक्री एवं विपणन के उपाध्यक्ष राजेश कौल ने इस सौदे पर खुशी जताते हुए कहा, "मुझे विश्वास है कि हमारे वाहन उनके परिचालन में बड़ा महत्व लेकर आएंगे। टाटा मोटर्स में हम स्वामित्व की सबसे कम कुल लागत की पेशकश करने के लिये अपने वाहनों को बनाने का प्रयास करते हैं और हमारा सबसे व्यापक सर्विस नेटवर्क देश के सभी हिस्सों में उद्योग की सर्वश्रेष्ठ सर्विस सेवा सुनिश्चित करेगा।"
भारत के सबसे बड़े वाणिज्यिक वाहन निर्माता टाटा मोटर्स को भारत में सरफेस लॉजिस्टिक्स के अग्रणी वीआरएल लॉजिस्टिक्स लिमिटेड से 1300 वाणिज्यिक वाहनों का ठेका (ऑर्डर) मिला है। इससे देश में वीआरएल के लॉजिस्टिक्स वाले वाणिज्यिक वाहनों के बेड़े का पोर्टफोलियो बढ़ेगा। इस ठेके में टाटा मोटर्स के मध्यम एवं भारी वाणिज्यिक वाहन और इंटरमीडियेट तथा हल ?के वाणिज्यिक वाहनों की श्रृंखला शामिल है, जो भारत में कंपनी के लॉजिस्टिक्स परिचालन के लिये उपयुक्त है। इन वाहनों का चयन ड्राइविंग की उन्नत योग्यता, ईंधन बचाने की उच्च क्षमता और स्वामित्व के कम कुल खर्च के आधार पर हुआ है, जिससे वीआरएल लॉजिस्टिक्स लिमिटेड अपने बेड़े की क्षमता बढ़ा सकेगी।
इस अवसर पर अपनी बात रखते हुए, टाटा मोटर्स की वाणिज्यिक वाहन व्वसाय इकाई में बिक्री एवं विपणन के वाइस प्रेसिडेंट राजेश कौल ने कहा, "हम वीआरएल लॉजिस्टिक्स लिमिटेड से 1300 वाहनों का सम्मानजनक ऑर्डर मिलने पर बहुत खुश हैं। मुझे विश्वास है कि हमारे वाहन उनके परिचालन में बड़ा महत ?व लेकर आएंगे। टाटा मोटर्स में हम स्वामित्व कीसबसे कम कुल लागत की पेशकश करने के लिये अपने वाहनों को बनाने का प्रयास करते हैं और हमारा सबसे व्यापक सर्विस नेटवर्क देश के सभी कोनों में उद्योग का सर्वश्रेष्ठ सर्विस सपोर्ट सुनिश्चित करेगा। हमें वीआरएल लॉजिस्टिक्स लिमिटेड के साथ एक फायदेमंद भागीदारी की आशा है और हम उनके सुगम परिचालन के लिये सर्वश्रेष्ठ सहयोग की पेशकश करेंगे।"
टाटा मोटर्स के वाणिज्यिक वाहन 'पावर ऑफ 6' फिलोसॉफी पर डिजाइन और इंजीनियर किये जाते हैं, जिससे श्रेणी में सर्वश्रेष्ठ ड्राइविंग की योग्यता, परिचालन की कुल लागत, आराम और सुविधा तथा कनेक्टिविटी मिलती है। इस श्रृंखला में फ्लीट एज का स्टैण्डर्ड फिटमेंट आता है, जो फ्लीट के इष्टतम प्रबंधन के लिये टाटा मोटर्स का अगली पीढ़ी वाला डिजिटल समाधान है, जिससे अपटाइम और भी बढ़ता है और स्वामित्व का कुल खर्च कम होता है। टाटा मोटर्स अपनी प्रमुख पहल 'संपूर्ण सेवा' की पेशकश भी करती है, जो सर्विस की पेशकशों का एक समूह है और जिसमें रिपेयर टाइम एश्योरेन्स, ब्रेकडाउन असिस्टेन्स, बीमा और एक्सीडेंटल रिपेयर टाइम, ज्यादा वारंटी, और वाहन के रखरखाव तथा मरम्मत के लिये अन्य ऐड- ऑन सेवाएं शामिल हैं।

## शार्ट न्यूज

### भारतीय महिला हॉकी टीम नीदरलैंड की चुनौती के लिए तैयार

भुवनेश्वर। भारतीय महिला हॉकी टीम 2021-22 महिला एफआईएच हॉकी प्रो लीग मैचों के अपने अगले सेट में दुनिया की नंबर एक टीम नीदरलैंड से भिड़ने के लिए तैयार है। दोनों टीमें यहां कलिंग हॉकी स्टेडियम में आठ और नौ अप्रैल को दो मैच खेलेंगी। भारतीय महिला टीम की कप्तान सविता पुनिया ने मैच की पूर्वसंध्या पर गुरुवार को वर्चुअल संवाददाता सम्मेलन में डबल-हेडर मुकाबलों में ओलंपिक चैंपियंस नीदरलैंड्स का सामना करने को लेकर उत्साह जताया। उन्होंने कहा, हमारी टीम सच में नीदरलैंड का सामना करने के लिए उत्साहित है। यह मायने नहीं रखता कि विपक्षी टीम अनुभवी खिलाड़ियों के बिना आई है, क्योंकि इससे उनके खेलने का तरीका नहीं बदलेगा। नीदरलैंड एक युवा टीम के साथ आया है, लेकिन इसका मतलब यह नहीं है कि वह चीजों को लापरवाही से लेगा। उनके युवा खिलाड़ियों को मौका दिया गया है, इसलिए मुझे लगता है कि वे निश्चित रूप से अपना सर्वश्रेष्ठ देंगे। हमारा दृष्टिकोण हमेशा की तरह ही रहेगा और हम खुद पर ध्यान देंगे। उल्लेखनीय है कि पिछली बार दोनों टीमों का सामना टोक्यो ओलंपिक खेलों 2020 के दौरान ग्रुप स्टेज मैच में हुआ था, जहां भारत 1-5 से हार गया था और नीदरलैंड ने ओलंपिक स्वर्ण पदक जीता था।

### इंग्लिस को सीए का केंद्रीय अनुबंध, रिचर्डसन, वेड चूके

मेलबोर्न। विकेटकीपर बल्लेबाज जोश इंग्लिस को पहली बार क्रिकेट ऑस्ट्रेलिया की ओर से राष्ट्रीय अनुबंध मिला है। उन्होंने वर्ष 2022-23 के लिए अनुबंधित 20 पुरुष क्रिकेटरों की सूची में जगह बनाई है। मिचेल मार्श, स्कॉट बोलैंड, ट्रैविस हेड, उस्मान ख्वाजा, मार्कस स्टॉयनिस और मिचेल स्वेपसन, जिन्हें 2021-22 में श्रेणी में अपग्रेड किया गया था, ने राष्ट्रीय अनुबंध बरकरार रखा है। 27 वर्षीय इंग्लिस ने फरवरी 2022 में श्रीलंका के खिलाफ मेलबोर्न क्रिकेट ग्राउंड (एससीजी) पर टी-20 मैच से अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट में पदार्पण किया था। इस बीच मार्कस हैरिस, मोइसेस हेनरिक्स, बेन मैकडरमाट, झाई रिचर्डसन, केन रिचर्डसन, एश्टन टर्नर और मैथ्यू वेड केंद्रीय अनुबंध से चूक गए हैं। राष्ट्रीय पुरुष टीम के चयनकर्ता अध्यक्ष जॉर्ज बेली ने इस बारे में कहा, मिचेल मार्श, उस्मान, ट्रैविस, स्कॉट, मार्कस और मिचेल स्वेपसन के प्रदर्शन ने टीम की काफी सफलताओं को सुनिश्चित करने में मदद की और हमें खुशी है कि उन्होंने पिछले सीजन में अपग्रेड के साथ पुरस्कृत होने के बाद आगामी वर्ष के लिए अपने अनुबंध को बरकरार रखा है।

### आर सी मीणा ने शूटिंग चैंपियनशिप में राष्ट्रीय स्तर पर जीता रजत

राजकोट। पश्चिम रेलवे में गुजरात के राजकोट डिविजन के वरिष्ठ मंडल परिचालन प्रबंधक (सीनियर डीओएम) आर सी मीणा ने शूटिंग चैंपियनशिप में राष्ट्रीय स्तर पर रजत पदक जीता है। सीनियर डीसीएम अभिनव जेफ ने कहा कि महाराष्ट्र के पुणे में हाल ही में आयोजित 55वीं अखिल भारतीय शूटिंग चैंपियनशिप में 25 मीटर पिस्टल शूटिंग वर्ग (कैटेगरी) में सटीक निशाना लगाते हुए आर सी मीणा ने रजत पदक जीता है। वह इससे पहले भी 54वीं अखिल भारतीय राष्ट्रीय शूटिंग चैंपियनशिप मे 2019-20 में 10 मीटर पिस्टल शूटिंग केटेगरी में कांस्ल पदक जीत कर पश्चिम रेलवे का गौरव बढ़ा चुके है। वह 2017 एवं 2019 में आयोजित राष्ट्रिय शूटिंग चैम्पियनशिप में भी गुजरात का प्रतिनिधत्व कर चुके हैं। इस शानदार सफलता के लिए राजकोट मंडल रेल प्रबंधक अनिल कुमार जैन ने मीणा को बधाई एवं शुभकामनाएं देते हुए कहा कि मीणा ने शूटिंग चैंपियनशिप में राष्ट्रीय स्तर पर खिताब जीतकर राजकोट डिविजन का नाम रोशन किया है।

### पंजाब किंग्स के शीर्ष क्रम का सबसे बड़ा सिरदर्द राशिद

मुम्बई। पंजाब किंग्स और गुजरात टाइटंस के बीच शुक्रवार को मुंबई के ब्रेबोर्न स्टेडियम में आईपीएल मुक़ाबला खेला जाएगा। इस सीज़न में गुजरात टाइटंस ने अब तक हार का स्वाद नहीं चखा है। जबकि पंजाब किंग्स ने अपने तीन मुक़ाबलों में से दो में जीत दर्ज की है। पंजाब के शीर्ष क्रम के लिए चुनौती राशिद: पंजाब किंग्स के शीर्ष क्रम का गुजरात टाइटंस के स्पिन गेंदबाज़ राशिद ख़ान के ख़िलाफ़ रिकॉर्ड बेहद ख़राब रहा है। आंकड़े कहते हैं राशिद ख़ान के सामने पंजाब किंग्स के शीर्ष क्रम के बल्लेबाज़ों का बल्ला बोल नहीं पाता। राशिद ने शिखर धवन और लियम लिविंगस्टन को तीन-तीन बार आउट किया है। जबकि मयंक अग्रवाल चार मैचों में एक बार राशिद की गेंद पर आउट हुए हैं। इस दौरान मयंक ने सिर्फ़ 100 की स्ट्राइक रेट से रन बनाए हैं। पंजाब के ख़िलाफ़ राशिद के सर्वाधिक विकेट-राशिद ने अपने आईपीएल इतिहास में सबसे ज़्यादा विकेट अगर किसी टीम के ख़िलाफ़ लिए हैं, तो वह पंजाब किंग्स ही है। राशिद ने पंजाब के ख़िलाफ़ 10 मैचों में 18 विकेट झटके हैं। राशिद से निपटने के लिए पंजाब किंग्स जॉनी बेयरस्टो की मदद ले सकती है, जिन्होंने सनराइज़र्स हैदराबाद के लिए खेलते हुए राशिद की गेंदों पर विकेटों के पीछे रहकर राशिद के मिश्रण को अनुभव किया है।

### अफगान क्रिकेटर राशिद खान ने अपना नया मेन्स फैशन ब्रांड आरके 19 लॉन्च किया

नयी दिल्ली। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट टीम की कप्तानी करने वाले सबसे कम उम्र के खिलाड़ी राशिद खान अपना एक नया ब्रांड आरके 19 लॉन्च कर रहे हैं। आरके 19 राशिद खान का मर्चेंडाइजिंग ब्रांड हैं। आरके 19 में स्पोर्ट्स वियर, जिम वियर और मेन्स ग्रूमिंग प्रॉडक्ट्स देखने को मिलेंगे। आरके 19 के इस प्रीमियम कलेक्शन में ट्रैक पैंट, शॉर्ट्स, मास्क, कैप और कई अन्य सामान शामिल हैं। राशिद खान द्वारा डिजाइन किए गए, प्रोडक्ट उनकी पर्सनल स्टाइल पर आधारित हैं। राशिद खान ने कहा कि बेची गई प्रत्येक बिक्री के साथ, आरके 19 के लाभ का 5त्न राशिद खान फाउंडेशन को जाएगा। राशिद खान फाउंडेशन एक एनजीओ है जो समाज को बेहतर बनाने के लिए ज्यादा प्रयास कर रहा है। राशिद खान द्वारा स्थापित फाउंडेशन का उद्देश्य अफगानिस्तान में अनाथ और गरीब बच्चों को स्वास्थ्य देखभाल, स्वच्छ पानी और शिक्षा प्रदान करना है। मेल कलेक्शन से शुरुआत करते हुए, वह जल्द ही फीमेल वियर को लॉन्च करने की योजना बना रहे हैं।

### पंजाब किंग्स के खिलाफ मुकाबले में जीत की हैट्रिक के लिए उतरेगा गुजरात

मुम्बई। लगातार दो मुकाबले जीत चुका गुजरात टाइटंस शुक्रवार को पंजाब किंग्स के खिलाफ होने वाले आईपीएल मैच में जीत की हैट्रिक बनाने के उद्देश्य के साथ उतरेगा। हार्दिक पांड्या की कप्तानी में गुजरात ने अपने पहले मैच में लखनऊ सुपरजायंट्स को पांच विकेट से और दूसरे मैच में दिल्ली कैपिटल्स को 14 रन से हराया था। दूसरी तरफ पंजाब किंग्स ने तीन में से दो मैच जीते हैं और एक हारा है। गुजरात 10 टीमों की तालिका में तीसरे और पंजाब चौथे स्थान पर है। राहुल तेवतिया (40), डेविड मिलर (30) और अभिनव मनोहर (15) की तूफानी पारियों की बदौलत गुजरात टाइटंस ने लखनऊ सुपर जायंट्स को पांच विकेट से हरा कर अपने आईपीएल अभियान की शुरुआत जीत के साथ की। लखनऊ ने पहले बल्लेबाजी करते हुए दीपक हुड्डा और आयुष बदोनी के अर्धशतकों से 20 ओवर में छह विकेट पर 158 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया। जवाब में गुजरात ने तेवतिया, मिलर और मनोहर की आतिशी पारियों की बदौलत 19.4 ओवर में पांच विकेट पर 161 रन बना कर मैच जीत लिया। दूसरे मैच में गुजरात के खिलाफ मुकाबले में दिल्ली कैपिटल्स के बल्लेबाजों ने निराशाजनक प्रदर्शन किया जिसके कारण दिल्ली को 14 रन से हार का सामना करना पड़ा। गुजरात ने शुभमन गिल (84) की सर्वश्रेष्ठ पारी से 20 ओवर में छह विकेट पर 171 रन का चुनौतीपूर्ण स्कोर बनाया और शानदार गेंदबाजी के बूते दिल्ली को 9 विकेट पर 157 रन पर रोक दिया।

# कमिंस की विस्फोटक पारी ने जैसे सबको सम्मोहित कर दिया

**मुंबई।** ऑस्ट्रेलिया के तेज गेंदबाज पैट कमिंस की मुंबई इंडियंस के खिलाफ आंधी तूफ़ान जैसी नाबाद 56 की पारी ने जैसे सबको सम्मोहित कर दिया। प्लेयर ऑफ द मैच बने कमिंस की इस पारी से इस मुक़ाबले को कमिंस की आंधी के तौर पर याद रखा जाएगा। कमिंस की पारी ने मैच को काफ़ी पहले ही समाप्त कर दिया। आईपीएल में अब तक मुंबई इंडियंस का केकेआर पर पलड़ा भारी रहा है। लेकिन इस पूरे मैच को कमिंस ने एकतरफा बना दिया।

कमिंस ने मैच के बाद कहा कि वह अपने प्रदर्शन से खुश होने के साथ-साथ चकित भी हैं।वाकई यह कमाल की पारी थी, कोई भी 14 गेंद का




अर्धशतक कमाल की पारी ही होगा। एक ऐसी रात जब सारे बल्लेबाज़ असहज उछाल से परेशान थे। कुल मिलाकर इस मैच में 48 अनियंत्रित रन विकेट के पीछे बने, जो पिछले छह आईपीएल सीज़न के एक अकेले मुक़ाबले में सबसे ज़्यादा थे।

वेंकटेश अय्यर अपने हनीमून सीज़न से बाहर आ रहे हैं, वह खुद की फ़ॉर्म से लड़ रहे हैं। उन्होंने शुरुआत में 21 गेंद में 19 रन बनाए लेकिन अंत में उन्होंने 41 गेंद में 50 रन की पारी खेली। वह जानते थे कि उनकी टीम को भरोसा है कि वे अंत तक वहां टिके रहेंगे। उनका प्लान यही था कि अलग परिस्थितियों में भी वह पूरी तरह से कुशल हों, लेकिन सुनिश्चित करें कि वह बल्लेबाज़ी करें और जितना हो सके मौक़े बनाने में देरी करें।

इसके बाद आते हैं टेस्ट क्रिकेट के संयुक्त रूप से सर्वश्रेष्ठ तेज़ गेंदबाज़ पैट कमिंस और सीमित ओवर क्रिकेट के सामान्य तेज़ गेंदबाज़ डेनियल सैम्स पर। लेकिन ध्यान रहे इससे पहले उन्होंने टेस्ट क्रिकेट के दूसरे संयुक्त सर्वश्रेष्ठ गेंदबाज़ और सीमित ओवर क्रिकेट के भी बेहतरीन गेंदबाज़ जसप्रीत बुमराह पर एक छक्का और चौका लगाया था। बुमराह पर यह दो शॉट खेलने के बाद उन्होंने सैम्स के एक ओवर में 35 रन निकाल दिए। यह दूसरे बल्लेबाज़ों का मजाक था, जो कठिन परिस्थितियों में कड़ा मुक़ाबला खेलने की कोशिश कर रहे थे।

शायद यह उचित है कि इस पारी का सबसे सटीक विवरण ऐसे व्यक्ति ने किया है जो क्रिकेट प्रतिभा और फ़िटनेस के मामले में असाधारण है। पैट कमिंस बताते हैं, मैंने बस हर गेंद पर चौका या छक्का मारने की कोशिश की।

# आईसीसी अध्यक्ष के चुनाव को लेकर सरगर्मी तेज

दुबई। अंतरराष्ट्रीय क्रिकेट समिति (आईसीसी) के अध्यक्ष पद के चुनाव को लेकर सरगर्मियां तेज हो गईं हैं। क्रिकबज की रिपोर्ट के मुताबिक आईसीसी बोर्ड इस सप्ताहांत दुबई में होने वाली बैठक में समिति के अध्यक्ष के चुनाव और पुन-चुनाव की प्रक्रिया को अंतिम रूप देगा।

इस बात को लेकर अभी अस्पष्टता बनी हुई है कि क्या मौजूदा अध्यक्ष ग्रेग बार्कले अध्यक्ष के रूप में भूमिका जारी रखेंगे या किसी और को अध्यक्ष चुना जाएगा। इस बीच रिपोर्ट के मुताबिक भारतीय क्रिकेट कंट्रोल बोर्ड (बीसीसीआई) अध्यक्ष पद के लिए अनुराग ठाकुर के नाम का प्रस्ताव कर सकता है। बार्कले आईसीसी अध्यक्ष की भूमिका में बने रहेंगे या नहीं, इस पर परस्पर विरोधी रिपोर्टें आई हैं, हालांकि आईसीसी के संविधान के अनुसार वह दो बार और चुनाव लड़ने के योग्य हैं। वहीं बीसीसीआई के पूर्व अध्यक्ष एवं आईसीसी के पूर्व निदेशक ठाकुर भी शरद पवार से लेकर एन श्रीनिवासन तक कई अन्य पूर्व अध्यक्षों की तरह चुनाव लड़ने के पात्र हैं। इसके अलावा बीसीसीआई के मौजूदा अध्यक्ष सौरव गांगुली और सचिव जय शाह भी इसके पात्र हैं। विशेष रूप से शाह, जिन्होंने पिछले साल आईसीसी बोर्ड की बैठक में भाग लिया था और अब उनके पास आवश्यक योग्यता है। समझा जाता है कि इस मामले पर बीसीसीआई की आंतरिक चर्चा में कई बार ठाकुर का नाम आया है। केंद्र सरकार में मंत्री होने के नाते वह लोढ़ा सुधारों के अनुसार बीसीसीआई में एक पद धारण करने के लिए योग्य नहीं है।

# बोर्गोहेन ने राष्ट्रीय रिकॉर्ड बनाया, सेबल ने पदार्पण पर तोड़ा 5000 मीटर मीट रिकॉर्ड

**कोझीकोड।** असम के युवा एथलीट अमलान बोर्गोहेन ने यहां सी एच मोहम्मद कोया स्टेडियम में 25वीं एएफआई नेशनल फेडरेशन कप सीनियर एथलेटिक्स चैंपियनशिप में बारिश से प्रभावित अंतिम दिन बुधवार को शानदार प्रदर्शन करते हुए पुरुषों की 200 मीटर दौड़ में स्वर्ण पदक जीता।

अमलान ने 20.52 सेकेंड में 200 मीटर की दूरी पूरी कर मोहम्मद अनस याहिया का नेशनल रिकॉर्ड तोड़ दिया। इस दौड़ में आकाश कुमार (20.89 सेकेंड) और मोहम्मद अजमल (20.92 सेकेंड) ने भी 21 सेकेंड से कम समय लिया, लेकिन बोर्गोहेन इकलौते ऐसे एथलीट रहे, जिन्होंने एथलेटिक्स फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा एशियाई खेलों के लिए निर्धारित क्वालीफाइंग मानक को प्राप्त किया।



इस बीच ओलंपियन एथलीट अविनाश साबले ने शानदार प्रदर्शन की बदौलत पुरुषों की स्टीपलचेज 5000 मीटर दौड़ में 13.39.43 सेकेंड के समय के साथ नया मीट रिकॉर्ड बनाया, जो 27 जून 1992 से पूर्व धावक बहादुर प्रसाद के नाम था।

इस स्पर्धा में उत्तर प्रदेश के अभिषेक पाल सहित शीर्ष तीन धावकों ने एएफआई द्वारा निर्धारित एशियाई खेलों के क्वालीफिकेशन मानदंडों को हासिल किया। राष्ट्रीय स्तर पर इतनी दूरी की अपनी पहली प्रतिस्पर्धी दौड़ में साबले 12-1/2-लैप दौड़ में चौथे सबसे तेज भारतीय धावक बन गए। यह घरेलू धरती पर किसी भी भारतीय धावक द्वारा 5000 मीटर की दूरी पूरी करने के लिए लिया गया सबसे कम समय था।

त्रिकूद में केरल के एल्धोस पॉल ने 16.99 मीटर की छलांग लगाकर स्वर्ण पदक के साथ 10 साल पुराने मीट रिकॉर्ड को अपने नाम किया। इसमें तमिलनाडु के प्रवीण चित्रवेल और केरल के कार्तिक उन्नीकृष्णन ने भी राष्ट्रमंडल खेलों और एशियाई खेलों के लिए क्वालीफिकेशन हासिल किया।

दो 31 वर्षीय हैमर थ्रोअर सरिता रोमित सिंह (उत्तर प्रदेश) और मंजू बाला सिंह(राजस्थान)ने रोमांचक स्पर्धा दिखाई।

# हिरोशिमा करेगा पैरा वर्ल्ड सेलिंग चैंपियनशिप की मेजबानी

एजेंसी

टोक्यो। जापान 20 से 23 अक्टूबर तक हिरोशिमा कन्नन मरीना में 2022 हंसा क्लास एशिया पैसिफिक चैंपियनशिप और पैरा वर्ल्ड सेलिंग (नौकायान) चैंपियनशिप की मेजबानी करेगा।

यह कदम एशिया में एक बड़ा कीर्तिमान है, क्योंकि यह पहली बार है जब सक्षम और पैरा नाविकों के लिए ये चैंपियनशिप एक साथ आयोजित की जाएंगी।

जापान के प्रधानमंत्री फुमियो किशिदा ने इन संयुक्त आयोजनों को लेकर गुरुवार को एक संदेश में कहा, हमें यह घोषणा करते हुए खुशी हो रही है कि हंसा क्लास एशिया पैसिफिक चैंपियनशिप और पैरा वर्ल्ड सेलिंग चैंपियनशिप हंसा क्लास 2022 अक्टूबर में हिरोशिमा में एक साथ आयोजित की जाएगी। मुझे उम्मीद है कि यह प्रतियोगिता हमें एक ऐसे समाज की ओर ले जाएगी, जहां विविधता का सम्मान किया जाता है।

इसके अलावा वर्ल्ड सेलिंग के सीईओ डेविड ग्राहम इसे उस वर्ष में पैरा सेलिंग के विकास के लिए एक आधारशिला के रूप में देखते हैं, जिसमें वैश्विक नौकायन का शासकीय निकाय पैरालंपिक खेलों में पैरा सेलिंग की बहाली के लिए बोली लगाएगा।

2022 पैरा सेलिंग के लिए एक महत्वपूर्ण वर्ष है, क्योंकि हम अपने खेल की बहाली के लिए लॉस एंजिल्स 2028 पैरालंपिक खेलों को लक्षित करेंगे।

ग्राहम ने कहा, हमारे पैरा सेलिंग एथलीट दुनिया के सबसे कुशल नाविकों में से एक हैं, जो शारीरिक और बौद्धिक क्षमताओं की व्यापक रेंज में से एक का प्रतिनिधित्व करते हैं, जिन्हें हमने कभी वैश्विक खेल में देखा है और अगली पीढ़ी को प्रेरित किया है।

इस बीच पैरालंपिक नाविक चीन के नाविक जू जिंगकुन अपने पड़ोसी देश में होने वाले इवेंट्स को लेकर उत्साहित हैं।

उन्होंने कहा, मैं बहुत खुश हूं कि पैरा वर्ल्ड सेलिंग चैंपियनशिप हंसा क्लास 2022 हिरोशिमा में आयोजित की जाएगी।

मुझे उम्मीद है कि अधिक से अधिक लोग इस ओर ध्यान देंगे और चैंपियनशिप में भाग लेंगे।

# फ्रांस में राष्ट्रपति चुनाव में मुकाबला कड़ा

पैरिस। फ्रांस के राष्ट्रपति चुनावों के करीब आते हुए इमैनुअल मैक्रों, मरिन ली पेन और जीन-ल्यूक मेलेंकों के बीच मुकाबला और कड़ा हो गया है। द टेलिग्राफ के अनुसार, पिछले कुछ हफ्तों में श्री मैक्रों के समर्थन में कमी आई है और अति-दक्षिणपंथी व अति-वामपंथी नेताओं का समर्थन बढ़ा है।

इस बार के राष्ट्रपति चुनाव की रैलियों में होलोग्राम का प्रयोग भी देखा जा रहा है।

मंगलवार को श्री मेलेंको ने लिली में मंच संभाला जबकि 11 अन्य शहरों में उनके होलोग्राम ने जनता को संबोधित किया। राष्ट्रपति चुनाव दो



चरणों में होंगे। पहला चरण के मतदान 10 अप्रैल को होंगे। पहले चरण के दो शीर्ष उम्मीदवारों के बीच 24 अप्रैल को टक्कर होगी।

द टेलिग्राफ के अनुसार श्री मैक्रों की पुरानी प्रतिद्वंदी और अति-दक्षिणपंथी पार्टी नेशनल रैली की सदस्य मरिन ली पेन राष्ट्रपति की दौड़ में फिलहाल दूसरे स्थान पर हैं। 2017 के चुनाव में भी वह शीर्ष दो उम्मीदवारों में थीं और श्री मैक्रों ने उन्हें चुनाव के दूसरे चरण में 66 प्रतिशत वोट पाकर हरा दिया था।

ली पेन के कुछ पीछे ही मेलेंकों हैं। यह भी 2017 के चुनावों में उम्मीदवार थे। श्री मैक्रों का जादू जनता पर से उतरने लगा है और पिछले कुछ दिनों में उनकी लोकप्रियता कम हुई है, हालांकि उन्होंने यूक्रेन युद्ध को भुनाने की पूरी कोशिश की है।

इसी बीच यह माना जा रहा है कि श्री मेलेंकों विकिलीक्स के संस्थापक जुलियन असांजे को राजनीतिक आश्रय दे सकते हैं क्योंकि वह मेलेंको के इंटर्व्यू के दौरान कई बार देखे गए थे।

### कई देशों ने श्रीलंका के लिए यात्रा चेतावनी की जारी

कोलंबो। अमेरिका, ब्रिटेन और ऑस्ट्रेलिया सहित कई देशों ने श्रीलंका में जारी विरोध-प्रदर्शन और गंभीर आर्थिक स्थिति के परिणामस्वरूप यात्रा चेतावनी जारी की है। अमेरिका ने अपने नागरिकों से श्रीलंका की यात्रा से पहले पुनर्विचार करने का आग्रह किया है, क्योंकि देश में आर्थिक संकट के कारण ईंधन और रसोई गैस के साथ-साथ दवाओं तथा आवश्यक खाद्य पदार्थों की कमी का सामना करना पड़ रहा है। अमेरिकी विदेश विभाग ने कहा, हाल ही में आर्थिक स्थिति और गैस स्टेशनों, किराने की दुकानों तथा कुछ फार्मेसियों के बाहर लंबी कतारों को लेकर विरोध प्रदर्शन हुए हैं। पूरे देश में विरोध प्रदर्शन हुए हैं और ज्यादातर शांतिपूर्ण रहे हैं। कुछ मामलों में, पुलिस ने प्रदर्शनकारियों को तितर-बितर करने के लिए पानी की बौछारें और आंसू गैस का इस्तेमाल किया है। पूरे द्वीप में दैनिक नियोजित बिजली कटौती के साथ-साथ कुछ अनियोजित बिजली कटौती भी हुई है, क्योंकि बैकअप जनरेटर के लिए ईंधन नहीं मिल पा रहा है। कुछ मामलों में सार्वजनिक परिवहन को सीमित या बंद कर दिया गया है। यात्रियों को मौजूदा स्थिति पर अपडेट के लिए स्थानीय मीडिया पर नजर रखनी चाहिए।

# अविश्वास प्रस्ताव पर फैसला संविधान का उल्लंघनः पाकिस्तान मुख्य न्यायाधीश

**इस्लामाबाद।** पाकिस्तान के मुख्य न्यायाधीश उम अता बांदियाल ने गुरुवार को कहा कि नेशनल एसेंबली में सरकार के खिलाफ लाये गये अविश्वास प्रस्ताव पर डिप्टी स्पीकर कासिम सूरी का फैसला संविधान का उल्लंघन है।

सूरी ने अविश्वास प्रस्ताव को संविधान के अनुच्छेद पांच के खिलाफ बताते हुए रविवार को खारिज कर दिया था। नेशनल एसेंबली की कार्यवाही से जुड़े मामले की सुनवाई लगातार पांच दिनों से मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति बांदियान की अध्यक्षता में न्यायमूर्ति मुनीब अख्तर, न्यायमूर्ति एजाजुल एहसान, न्यायमूर्ति मज़हर आलम और न्यायमूर्ति जमाल खान मांडोखेल की



पांच सदस्यीय खंडपीठ कर रही है। देश के संवैधानिक संकट को लेकर किये जा रहे दावों के बीच मुख्य न्यायाधीश बांदियाल ने कहा जब सब कुछ संविधान के अनुसार हो रहा है तो फिर देश में संवैधानिक संकट कैसे हुआ। पाकिस्तान में कोई संवैधानिक संकट नहीं है। इस बीच सुप्रीम कोर्ट नेशनल एसेंबली के डिप्टी स्पीकर के आदेश की वैधनिकता और उनके प्रभाव तथा प्रधानमंत्री और राष्ट्रपति के द्वारा जारी किये गये आदेशों और राष्ट्रपति द्वारा नेशनल एसेंबली को भंग किये जाने को लेकर चुनाव आयोग को लिखे गये पत्र के मामलों पर सुनवायी कर रही है। चुनाव आयोग के सूत्रों ने तीन माह के भीतर विभिन्न प्रक्रियागत दिक्कतों के मद्देनजर चुनाव कराये जाने में मंगलवार को असमर्थता जतायी थी।चुनाव आयोग ने बाद में हालांकि साफ किया कि उसकी ओर से चुनाव कराये जाने को लेकर कोई बयान जारी नहीं किया गया है लेकिन यह भी नहीं कहा जा रहा है कि आयोग तीन माह में देश में चुनाव कराये जाने को लेकर तैयार है।

### पाकिस्तान ने बैसाखी के लिए 2000 से अधिक भारतीय सिखों को वीजा दिया

इस्लामाबाद। पाकिस्तान उच्चायोग ने गुरुवार को कहा कि बैसाखी उत्सव में शामिल होने के लिए भारत से आने वाले 2200 से अधिक सिख तीर्थयात्रियों को वीजा जारी किए जा चुके हैं।

आयोग ने कहा,बैसाखी समारोह की पूर्व संध्या पर दिल्ली में पाकिस्तान उच्चायोग ने भारत के सिख तीर्थयात्रियों को 12-21 अप्रैल 2022 तक पाकिस्तान में होने वाले वार्षिक उत्सव में भाग लेने के लिए 2200 से अधिक वीजा जारी किए हैं। इस संबंध मामले के प्रभारी आफताब हसन खान ने तीर्थयात्रियों को हार्दिक बधाई दी और उनकी मंगलमय यात्रा की कामना की।

उन्होंने कहा कि पाकिस्तान पवित्र धार्मिक स्थलों को संरक्षित करने और आने वाले तीर्थयात्रियों को आवश्यक सुविधा प्रदान करने में बहुत गर्व महसूस कर रहा है। द एक्सप्रेस ट्रिब्यून के अनुसार तीर्थयात्री 12 अप्रैल को पाकिस्तान में प्रवेश करेंगे और पंजा साहिब, ननकाना साहिब और करतारपुर साहिब का दौरा करेंगे और 21 अप्रैल को भारत लौटेंगे।

उल्लेखनीय है कि बैसाखी भारत में वसंत की शुरुआत को चिह्नित करने के लिए मनाया जाता है और आमतौर पर यह फसल के मौसम के अंत का प्रतीक है।

### दक्षिण कोरिया में कोरोना के 2,24,820 नए मामले

सोल। दक्षिण कोरिया में पिछले 24 घंटों में कोरोना वायरस के 02, 24,820 नए मामले सामने आए हैं, जिससे संक्रमितों की कुल संख्या बढ़कर 01,47,78,405 हो गई है। स्वास्थ्य अधिकारियों ने गुरूवार को यह जानकारी दी। कोरिया रोग नियंत्रण एवं रोकथाम एजेंसी (केडीसीए) के अनुसार यहां पर एक दिन पूर्व कोविड-19 के 2, 86,294 मामले दर्ज किए गए थे। शिन्हुआ की रिपोर्ट के अनुसार सोल के मेट्रोपोलिटन इलाके में विशेष रूप से कोविड संक्रमण के बढ़े मामलों में तेजी से संक्रमण फैलाने वाले ओमिक्रॉन वेरिएंट और इसके सब वेरिएंट बीए 2 की प्रमुख भूमिका है। यहां पर गैर-महानगरीय क्षेत्र में भी वायरस फैल गया। गैर-राजधानी क्षेत्रों में नए संक्रमणों की संख्या 1,13,406 या कुल स्थानीय संक्रमण का 50.4 प्रतिशत है। देश में गंभीर स्थिति वाले मरीजों की संख्या पिछले दिन की तुलना में 12 कम होकर 1,116 रह गई है। वहीं यहां पर इस दौरान कोरोना से 348 मरीजों की मौत हुयी, जिसके बाद मृतकों की संख्या 18,381 हो गई। देश में मृत्यु दर 0.12 प्रतिशत है। दक्षिण कोरिया कोरोना के टीकों की दो खुराक प्राप्त करने वालों की संख्या 4, 45, 06,422 यानी देश की कुल आबादी का 86.7 प्रतिशत है। वहीं बूस्टर डोज प्राप्त करने वालों का आंकड़ा 3, 28, 57,630 है।

### बंगलादेशः ईश निंदा को लेकर शिक्षक को जेल

ढाका। बंगलादेश के मुंशीगंज में एक शिक्षक को कथित ईश निंदा के मामले में जेल में बंद कर दिया गया है। दैनिक समाचार पत्र 'ढाका ट्रिब्यून' के अनुसार हृदय चंद्र मंडल बिनोदपुर राम कुमार उच्च विद्यालय में पिछले 21 वर्षों से 10वीं कक्षा के विद्यार्थियों को गणित पढ़ा रहे थे। उन्होंने 20 मार्च को पैंगबर के खिलाफ कथित टिप्पणी की थी। उन पर आरोप है कि उन्होंने ईश निंदा की। शिक्षक ने कथित रूप से कहा था, पैगंबर एक चतुर इंसान था जिन्होंने अपने बारे में पवित्र ग्रंथ लिखा और उसका प्रचार प्रसार किया। इस्लाम के खिलाफ इस कथित अपमानजनक टिप्पणी करने पर उन्हें जेल जाना पड़ा। उनके परिजन डर के माहौल में जीवन बिता रहे हैं। इस बीच लेखिका तसलीमा नसरीन ने ट्वीट किया,कुरान विज्ञान पर आधारित है और मुहम्मद साहिब विश्व के एक महान वैज्ञानिक थे। स्कूल के कुछ छात्रों ने प्रधानाचार्य को लिखित में शिकायत की कि उनके शिक्षक ने इस्लाम को लेकर अपमानजनक टिप्पणी की है।इस दौरान कुछ छात्रों ने प्रदर्शन किया जिसके बाद शिक्षक को हिरासत में लिया गया। सुश्री नसरीन ने कहा,एक विज्ञान का शिक्षक जेल में है क्योंकि वह इस बात को स्वीकार नहीं करता है कि कुरान विज्ञान पर आधारित है और मुहम्मद विश्व के एक महान वैज्ञानिक थे। स्कूल के एक कर्मचारी मोहम्मद असद मिआ ने शिक्षक के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज कराते हुए कहा कि उन्होंने धर्म को नीचे दिखाया है।

### लॉकडाउन में खाने-पानी की किल्लत से जूझ रहा शंघाई

बीजिंग। चीन के शंघाई शहर में कोविड-19 अबतक के सबसे विकराल स्तर पर फैला है और अनिश्चितकालीन लॉकडाउन के बीच लोगों को आवश्यक कार्यों से भी बाहर नहीं निकले दिया जा रहा है जिससे लोग भोजन-पानी के संकट का सामना कर रहे हैं। शंघाई में बुधवार को कोरोना के रिकॉर्ड करीब 20,000 मामले दर्ज किये गये। अधिकारियों के अनुसार शहर के लोगों को मुश्किलों का सामना कर रहा है,हालांकि स्थिति सुधारने के प्रयास हो रहे हैं। बीबीसी ने बताया कि पिछले हफ्ते अधिकारियों ने शहर को दो क्षेत्रों में बांटते हुए लॉकडाउन लगाया था और दोंनो के लिए अलग-अलग दिशानिर्देश जारी किये थे। इस बीच सोमवार को 2.5 करोड़ की आबादी वाले इस शहर में लॉकडाउन अनिश्चितकाल तक के लिए लगा दिया गया।नए कोविड दिशानिर्देशों के अनुसार लोगों को खाना-पीने की चीजों को ऑर्डर करके मंगाना होगा। इस बीच, कई लोगों ने शिकायत की है कि कुछ इलाकों में खाने-पानी की वस्तुओं को ऑर्डर करके मंगाया नहीं जा सकता। सरकार इन चीजों को लोगों तक पहुंचा रही है लेकिन देरी से। एक नागरिक ने अधिकारियों को संबोधित करते हुए सोशल मीडिया वेबसाइट 'वीबो' पर लिखा, कृप्या अपर्याप्त डिलीवरी की समस्या का जल्द से जल्द समाधान निकालें।

स्वामी, मुद्रक, प्रकाशक, प्रवीण कुमार सिंह द्वारा आला प्रिंटिंग प्रेस 3636 कटारा दिना बेग लाल कुआं... से मुद्रित एवं , ब्लाक नं 23 मकान नं 399 त्रिलोक पुरी दिल्ली -91 से प्रकाशित
संपादकः प्रवीण कुमार सिंह, आरएनआई नं. -DELHIN/2011/38334, किसी भी विवाद के लिए पीआरबी एक्ट अंतर्गत उत्तरदायी, टेलीफोन नं.: 011-26700510/11 , ई-मेल : info@gauravshalibharat.com, समस्त विवादो का न्यायलय दिल्ली होगा

# राम चरण और जूनियर एनटीआर को लेकर आरआरआर का सीक्वल बनाएंगे एसएस राजामौली



**मुंबई।** दक्षिण भारतीय फिल्मों के जाने-माने निर्देशक एसएस राजामौली अपनी सुपरहिट फिल्म आरआरआर का सीक्वल बनाने जा रहे हैं।

एसएस राजामौली की फिल्म आरआरआर हाल ही में प्रदर्शित हुयी है। इस फिल्म में राम चरण और जूनियर एनटीआर की मुख्य भूमिका है। फिल्म आरआरआर बॉक्स ऑफिस पर ब्लॉकबस्टर साबित हुयी है। राजमौली फिल्म आआरआर की सफलता से बेहद खुश हैं। राजामौली ने बताया है कि वह राम चरण और जूनियर एनटीआर के साथ आरआरआर का इसका सीक्वल बनाएंगे लेकिन फिलहाल इसके लिए इंतजार करना होगा।

एसएस राजामौली ने बताया, हमने आआरआर 2020 में बनाई थी और अब 2022 चल रहा है। मैं अभी भी आरआरआर से पैदा हुई गर्मी से खुद को ठंडा रखने की कोशिश कर रहा हूं। पहले चीजों को ठंडा हो जाने दीजिए। मेरे लिए सीक्वल बनाना बहुत खुशी की बात होगी। सिर्फ इसलिए नहीं कि आरआरआर बॉक्स ऑफिस पर क्या हासिल करेगी, बल्कि मुझे अपने दो भाइयों (राम चरण और जूनियर एनटीआर) के साथ बिताने के लिए और समय मिलेगा। यह मेरे लिए ज्यादा एक्साइटिंग होगा। लेकिन समय बीतने दीजिए। देखते हैं क्या होता है।

गौरतलब है कि फिल्म आरआरआर दो भारतीय क्रांतिकारियों, अल्लूरी सीताराम राजू और कोमाराम भीम की कहानी है जो इमेजनरी स्टोरी है। फिल्म में ये दोनों क्रांतिकारी ब्रिटिश राज और हैदराबाद के निजाम के खिलाफ लड़ाई लड़ते दिखाई देंगे। यह फिल्म तमिल, तेलुगू, कन्नड़ और मलयालम के अलावा हिंदी में भी रिलीज हुयी है।

# रणबीर कपूर के साथ फिर काम करेंगी नीतू कपूर

एजेंसी



मुंबई। बॉलीवुड अभिनेत्री नीतू कपूर अपने पुत्र रणबीर कपूर के साथ फिर काम करती नजर आयेंगी।

नीतू कपूर ने वर्ष 2013 में प्रदर्शित फिल्म बेशर्म में अपने पुत्र रणबीर कपूर के साथ काम किया था। इस फिल्म में नीतू कपूर के पति दिवंगत ऋषि कपूर भी थे।

इसके बाद मां-बेटे की यह जोड़ी कभी भी साथ नहीं आई। नीतू कपूर ने अपने बेटे रणबीर कपूर के साथ पूरे नौ साल बाद किसी प्रोजेक्ट के लिए हाथ मिलाया है।

नीतू कपूर ने अपने इंस्टाग्राम अकाउंट पर एक पोस्ट शेयर करते जानकारी दी है कि वह अपने जिगर के टुकड़े रणबीर कपूर के साथ शूटिंग कर रही हैं।

नीतू कपूर ने सेट से अपनी एक तस्वीर शेयर की है, जिसमें वह अपने बेटे रणबीर कपूर के साथ नजर आ रही हैं। नीतू कपूर ने इसे शेयर करते हुए लिखा है, 'मैं अपने जिगर के टुकड़े के साथ एड शूट कर रही हूं।'

# सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ वेब सीरीज में काम करेगे विवेक ओबेरॉय

मुंबई। बॉलीवुड अभिनेता विवेक ओबेरॉय, सिद्धार्थ मल्होत्रा के साथ वेब सीरीज में काम करते नजर आयेंगे।

सिद्धार्थ मल्होत्रा इन दिनों रोहित शेट्टी के बैनर की वेब सीरीज की शूटिंग में व्यस्त हैं।

इस वेबसीरीज में विवेक ओबेरॉय की भी एंट्री हो गई है। दोनों के किरदार का मिशन पांच युवा टेररिस्टों का एनकाउंटर बताया जा रहा है। इसे बाटला हाउस एनकाउंटर से मिलते जुलते मिशन से प्रेरित बताया जा रहा है। इस वेब सीरीज में विवेक ओबेरॉय के अलावा निकेतन धीर और शिल्पा शेट्टी भी नजर आएंगी।

वेब सीरीज में खलनायक के रोल में मयंक टंडन को कास्ट किया गया है। विले पार्ले में टोबैको कंपनी की इमारत में दिल्ली के ओखला का सेट भी क्रिएट किया है।

सिद्धार्थ, विवेक और निकेतन धीर की तरह शिल्पा शेट्टी का भी कॉप कैरेक्टर आतंकियों से इंटेरोगेशन और उनका सफाया करता है। दिल्ली और गोवा का शूट कंप्लीट करने के बाद रोहित शेट्टी अपने टीवी शो खतरों के खिलाड़ी के अगले सीजन की शूटिंग शुरू करेंगे। टीवी शो के लिए उनका दो महीनों का शेड्यूल रहेगा। वहां से अक्टूबर में वापस आने के बाद सिद्धार्थ वाली वेब सीरीज का पैच वर्क पूरा करेंगे।



# उप्स मोमेंट का शिकार हो गईं राखी सावंत



**नई दिल्ली।** राखी सावंत जहां आती हैं वहां का माहौल अपने-आप काफी मजेदार हो जाता है। अब हाल ही में राखी फिल्म आरआरआर के सक्सेस बैश में नजर आईं। लेकिन इस बैश में वह उप्स मोमेंट का शिकार हो गईं। दरअसल, बुधवार को मुंबई में फिल्म के 1000 करोड़ कमाने पर पार्टी रखी गई। इस पार्टी में फिल्म के डायरेक्टर एस एस राजामौली, फिल्म के लीड एक्टर्स राम चरण और जूनियर एनटीआर के अलावा बॉलीवुड के कई स्टार्स शामिल हुए थे जिसमें आमिर खान, करण जौहर, हुमा कुरैशी और जॉनी लीवर भी थे। राखी सावंत भी इस बैश में नजर आईं। हालांकि इस दौरान वह पूरे अलग लुक में नजर आईं। रेड कलर के बोल्ड हाई स्लिट ड्रेस के साथ राखी ने ब्लोंड विग पहनी थी। राखी इस दौरान सभी से मिलीं। जैसे ही जॉनी लीवर आए, राखी ने उन्हें गले लगा लिया। इस दौरान राखी की स्कर्ट थोड़ी खिसक गई। जिसके बाद राखी ने उसे संभाला और फिर वह ड्रेस के स्लिट पोर्शन को पकड़े नजर आईं। वह फिर आमिर खान से भी मिलीं और उनके साथ फोटोज क्लिक करवाईं। आमिर ने उनका हाल-चाल पूछा और राखी इस दौरान काफी खुश नजर आ रही थीं।

इस दौरान का एक और वीडियो वायरल हो रहा है जिसमें राजामौली, आमिर खान के साथ बैठकर डिनर कर रहे होते हैं कि तभी राखी आ जाती हैं। वह फिर राजामौली से बात करती हैं और राजामौली भी हंसते हुए उनसे बात करते हैं। इसके बाद राखी, राजामौली और आमिर के साथ फोटोज क्लिक करवाती हैं और वहां से चली जाती हैं। राखी ने अयान मुखर्जी और करण जौहर के साथ भी फोटोज क्लिक करवाईं।

## छत्तीसगढ़ी फिल्म में मन कुरैशी के साथ काम करेंगी काजल राघवानी

मुंबई। भोजपुरी सिनेमा की सुपरस्टार काजल राघवानी छत्तीसगढ़ी फिल्मों के सुपरस्टार मन कुरैशी के साथ काम करती नजर आयेंगी। काजल राघवानी छत्तीसगढ़ी फिल्म इश्क कयामत में काम करने जा रही है। फ़िल्म इश्क कयामत का निर्माण यू9 फिल्म्स इंटरटेनमेंट के बैनर तले किया जा रहा है। फ़िल्म के निर्माता अमित कुमार सिंह हैं। इस फिल्म में काजल राघवानी, मन कुरैशी के साथ काम करती नजर आयेंगी। काजल राघवानी ने कहा, पहली बार मैं छत्तीसगढ़ी फ़िल्म में काम करूंगी। भोजपुरी दर्शको का प्यार पा कर अभिभूत हूँ, छत्तीसगढ़ के दर्शको का प्यार चाहिए। मन कुरैशी ने बताया, फ़िल्म का छत्तीसगढ़ी के साथ साथ भोजपुरी में भी होना मेरे लिए बेहतर मौका है। छत्तीसगढ़ के साथ साथ बिहार, यूपी के लोगो का प्यार भी मिलेगा । भोजपुरी बोलने और भोजपुरी गाने पर थिरकने के लिए मेरा मन अतिउत्साहित है। फ़िल्म निर्माता अमित कुमार ने बताया, फ़िल्म इश्क कयामत का निर्माण भव्य पैमाने पर किया जाएगा।

# हनी सिंह के साथ दिल्ली के क्लब में हुई बदसलूकी, शख्स बोला- भगा दिया हनी सिंह को

मुंबई। रैपर और सिंगर यो यो हनी सिंह अपनी प्रोफेशनल लाइफ के साथ ही साथ अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर भी अक्सर चर्चा में रहते हैं। ऐसे में एक बार फिर हनी सिंह सुर्खियों में हैं, जहां ऐसी खबरें सामने आ रही हैं कि दिल्ली के एक क्लब में हनी सिंह के साथ कुछ लोगों ने बदसलूकी की, जिसके बाद सिंगर ने एफआईआर दर्ज करवाई है। बताया जा रहा है कि ये पूरा मामला 27 मार्च का है और दिल्ली पुलिस ने एफआईआर दर्ज कर ली है।

### क्या है पूरा मामला

इंडियन एक्सप्रेस की एक रिपोर्ट के मुताबिक हनी सिंह के साथ 27 मार्च को साउथ दिल्ली के एक क्लब में चार से पांच अज्ञात लोगों ने बदसलूकी की और कथित तौर पर मारपीट भी हुई। जिसके बाद दिल्ली पुलिस ने हनी सिंह और उनके वकील ईशान मुखर्जी की 'उपद्रव, दुर्व्यवहार और धमकी' की शिकायत के बाद प्राथमिकी दर्ज की है। रिपोर्ट के मुताबिक घटना 27 मार्च को दिल्ली साउथ एक्सटेंशन-2 के स्कोल क्लब में हुई थी।



जानकारी के मुताबिक हनी सिंह, 26-27 मार्च की दरम्यानी रात को स्कोल क्लब में परफॉर्मेंस दे रहे थे, तभी 4-5 लोग स्टेज पर चढ़ गए और सिंगर के साथ ही बाकी कलाकारों संग बदसलूकी शुरू कर दी। आरोपियों ने स्टेज से ही बियर की बोतलें दिखाईं और शो को भी रोक दिया। रिपोर्ट के मुताबिक एफआईआर में बताया गया, चेक शर्ट में एक व्यक्ति ने मेरा (हनी सिंह) हाथ पकड़ा और मुझे आगे की ओर खींचने लगा। मैं इससे बचने की कोशिश कर रहा था लेकिन वह आदमी मुझे धमकाता रहा और चुनौती देता रहा। मैंने यह भी देखा कि इसके पास हथियार था। वहीं लाल शर्ट में एक अन्य आरोपी व्यक्ति वीडियो बना रहा था और कह रहा था- भगा दिया हनी सिंह को।

### बीच में रोक दिया गया शो

बता दें कि मामला बढ़ता देख हनी सिंह और उनकी टीम ने स्टेज को तुरंत छोड़ दिया और शो को बंद कर दिया। दिल्ली पुलिस ने जानबूझकर चोट पहुंचाने, आपराधिक धमकी देने सहित कुछ और धाराओं के तहत मामला दर्ज किया है। हालांकि इस पूरे मामले पर अभी तक हनी सिंह की ओर से भी कोई भी आधिकारिक बयान सामने नहीं आया है। गौरतलब है कि कुछ वक्त पहले हनी सिंह अपने ट्रांसफॉर्मेशन को लेकर चर्चा में थे।

# हेल्दी और फिट रहना है तो रोजाना सुबह करें ये 5 एक्सरसाइज, बीमारियां छू ही नहीं पाएंगी

प्रिया मिश्रा

**लोग खुद को फिट रखने के लिए जिम ज्वाइन तो कर लेते हैं लेकिन बिजी रूटीन के कारण जिम जा नहीं पाते हैं। ऐसे में आप घर पर ही कुछ एक्सरसाइज करके भी फिट रह सकते हैं। आज के इस लेख में हम आपको कुछ ऐसी एक्सरसाइज बताने जा रहे हैं जिनकी मदद से आप फिट और एनर्जेटिक रहेंगे।**



आजकल की भागदौड़ भरी और व्यस्त जीवनशैली में हर किसी के पास टाइम की कमी है। ऐसे में हम अन्य कामों के बीच अपनी सेहत को नजरअंदाज कर देते हैं। दिनभर कोई खास फिजिकल एक्टिविटी ना होने के कारण लोगों में कॉलेस्ट्रोल, बीपी और मोटापे जैसी बीमारियाँ बढ़ती जा रही हैं। लोग खुद को फिट रखने के लिए जिम ज्वाइन तो कर लेते हैं लेकिन बिजी रूटीन के कारण जिम जा नहीं पाते हैं। ऐसे में आप घर पर ही कुछ एक्सरसाइज करके भी फिट रह सकते हैं। आज के इस लेख में हम आपको कुछ ऐसी एक्सरसाइज बताने जा रहे हैं जिनकी मदद से आप फिट और एनर्जेटिक रहेंगे। अगर आपके पास टाइम की कमी है या आप जिम नहीं जाना चाहते हैं तो रोजाना सुबह ये एक्सरसाइज करें -

### स्ट्रेचिंग

सुबह एक्सरसाइज शुरू करने से पहले स्ट्रेचिंग जरूर करें। इससे शरीर का पोस्चर बेहतर होता है और शरीर लचीला और मजबूत बनता है। स्ट्रेचिंग करने से हार्टबीट, ब्लड सर्कुलेशन और मेटाबॉलिज्म बेहतर बनता है। इसके लिए अपने दोनों पैरों को थोड़ा फैलाकर सीधे खड़े हो जाएं। इसके बाद अपने दोनों हाथों को आपस में जोड़ते हुए, अपने पंजे के बल पर ऊपर की ओर उठाएं। अब 10 सेकेंड तक इस पोजीशन में रहें, फिर धीरे-धीरे सामान्य अवस्था में वापस आएं। इसके बाद अपने हाथों को साइड में फैलाएं और विपरीत दिशा में ले जाते हुए कमर को स्ट्रेच करें। इसके बाद अपने दोनों पैरों को थोड़ा फैलाकर सीधे खड़े हो जाएं। अब अपने हाथों को सामने की तरफ करके थोड़ा झुकें और 10 सेकंड तक होल्ड करके रखें। अब वापस सामान्य अवस्था में वापस आ जाएं। इस एक्सरसाइज को 10 बार रिपीट करें।

### जंपिंग जैक

आप अपने मॉर्निंग एक्सरसाइज रूटीन में जंपिंग जैक एक्सरसाइज को भी शामिल कर सकते हैं। इससे पूरी बॉडी में ब्लड सर्कुलेशन बढ़ता है और यह दिल की सेहत के लिए भी अच्छी कार्डियो एक्सरसाइज है। इससे मांसपेशियाँ मजबूत होती हैं और आपकी बॉडी टोन होती है। इसके लिए कूदते हुए अपने पैरों को एक-साथ दूर करें और अपने दोनों हाथों को ऊपर करें। फिर कूदते हुए अपने दोनों पैरों को पास-पास लाएं और हाथों को नीचे लाएं। आप एक बार में 50-100 जंपिंग जैक कर सकते हैं।

### स्क्वाट

बॉडी को फिट रखने के लिए स्क्वॉट एक फायदेमंद एक्सरसाइज है। इससे वजन कम करने में मदद मिलती है और साथ ही आपकी लोअर बैक टोन होती है। अगर आप पेट की बढ़ती चर्बी से परेशान हैं तो रोजाना स्क्वाट करने से आपको फायदा होगा। इस एक्सरसाइज को करने के लिए सबसे पहले सीधे खड़े होकर अपने हाथ सामने की ओर करें। अब अपनी बैक को स्ट्रेट रखते हुए पीछे की ओर बैठें, जैसे कि आप कुर्सी पर बैठते हैं। अपने पैरों को कंधे की चौड़ाई पर रखते हुए हाथ आगे करते हुए पीछे की ओर नीचे लगभग 90-100 डिग्री तक बैठें। इस पोजीशन में आधा सेकेंड रुकने के बाद फिर से ऊपर की ओर आ जाएं।

### ब्रिस्क वॉक

अगर आप फिट रहना चाहते हैं तो रोज़ सुबह ब्रिस्क वॉक करें। इससे वजन घटाने में मदद मिलती है और ब्लड प्रेशर, डायबिटीज और कोलेस्ट्रॉल में भी फायदा होता है। इसके लिए आप रोज सुबह उठने के बाद कम से कम 20 मिनट के लिए तेज कदमों से वॉक करें। इससे आपकी पूरी बॉडी की कसरत होती है और मेटाबोलिज्म बेहतर होता है।

### स्किपिंग रोप

अगर आप जिम में पसीना बहाए बिना फिट रहना चाहते हैं तो रस्सी कूदना आपके लिए बेस्ट एक्सरसाइज है। इससे आपके पूरे शरीर की कसरत होती है और आप कम समय में ज़्यादा कैलोरीज बर्न कर पाते हैं। एक रिसर्च में पाया गया कि अगर आप रोजाना 20 मिनट रस्सी कूदते हैं तो आपकी लगभग 200 कैलोरी बर्न होती हैं।

# बढ़े हुए कोलेस्ट्रॉल को कम करने के लिए जरूर खाएं ये सब्जियां, दिल की बीमारियों का खतरा होगा कम

प्रिया मिश्रा

एलडीएल कोलेस्ट्रॉल को बैड कोलेस्ट्रॉल भी कहा जाता है। यह रक्त धमनियों में बाधा उत्पन्न कर हृदय को नुकसान पहुँचाता है। जबकि एचडीएल कोलेस्ट्रॉल को गुड कोलेस्ट्रॉल कहा जाता है। यह दिल को स्वस्थ रखने का काम करता है। शरीर में कोलेस्ट्रॉल का स्तर ज़्यादा होने से हार्ट अटैक और किडनी फेलियर का खतरा बढ़ता है।

आजकल की बदलती जीवनशैली और खानपान की गलत आदतों की वजह से बड़ी तादाद में लोग दिल की बिमारियों से ग्रस्त हैं। हाई बीपी और कोलेस्ट्रॉल की बीमारी के कारण दिल की बिमारियों का जोखिम बढ़ता है। ज़्यादातर लोगों को कोलेस्ट्रॉल के बारे में जानकारी नहीं होती है। बता दें कि कोलेस्ट्रॉल एक तरह का फैट होता है जो खून में मौजूद होता है। कोलेस्ट्रॉल दो तरह के होते हैं - एलडीएल और एचडीएल। एलडीएल कोलेस्ट्रॉल को बैड कोलेस्ट्रॉल भी कहा जाता है। यह रक्त धमनियों में बाधा उत्पन्न कर हृदय को नुकसान पहुँचाता है। जबकि एचडीएल कोलेस्ट्रॉल को गुड कोलेस्ट्रॉल कहा जाता है। यह दिल को स्वस्थ रखने का काम करता है। शरीर में कोलेस्ट्रॉल का स्तर ज़्यादा होने से हार्ट अटैक और किडनी फेलियर का खतरा बढ़ता है। आज के इस लेख में हम आपको कोलेस्ट्रॉल को नियंत्रित करने के घरेलू नुस्खे बताने जा रहे हैं -



### बीन्स

जिन लोगों का कोलेस्ट्रॉल बढ़ा हुआ है उन्हें बीन्स का सेवन जरूर करना चाहिए। इसमें फाइबर, एंटीऑक्सिडेंट्स, विटामिन्स और मिनरल्स आदि पोषक तत्त्व मौजूद होते हैं, जो शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल के लेवल को कम करने में मदद करते हैं। इसके अलावा, बीन्स में सॉल्युबल फाइबर होता है, जो खून में गुड कोलेस्ट्रॉल को बढ़ाता है।

### भिंडी

ज़्यादातर लोगों को भिंडी की सब्जी खाना पसंद होता है। यह खाने में स्वादिष्ट होने के साथ-साथ सेहत के लिए भी फायदेमंद होती है। भिंडी के सेवन से शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल की मात्रा को कम करने में मदद मिलती है। भिंडी में जेल जैसे तत्त्व पाए जाते हैं, जो कोलेस्ट्रॉल को मल के साथ शरीर के बहार निकालने में मदद करते है। भिंडी के नियमित सेवन से कोलेस्ट्रॉल नियंत्रित रहता है।

### लहसुन

लहसुन के सेवन से शरीर में कोलेस्ट्रॉल के स्तर को नियंत्रित करने में मदद मिलती है। लहसुन में ऐसे तत्त्व पाए जाते हैं, जो बढे हुए कोलेस्ट्रॉल को तेजी से कम करने में सक्षम होते हैं। इसके साथ ही लहसुन का सेवन करने से हार्ट और ब्लड प्रेशर के मरीजों को भी लाभ होता है।

### बैंगन

बैंगन में आयरन, जिंक, फॉस्फोरस, पोटैशियम आदि जैसे कई पोषक तत्व मौजूद होते हैं। इसमें एंटीऑक्सीडेंट की भी भरपूर मात्रा मौजूद होती है जिससे कोलेस्ट्रॉल को कम करने में मदद मिलती है। बैंगन के सेवन से ऑक्सिडेटिव स्ट्रेस कम करने में मदद मिलती है और कोलेस्ट्रॉल भी नियंत्रित रहता है।

### टमाटर

टमाटर का इस्तेमाल कई सब्जियों में होता है। इसमें भरपूर मात्रा में पोटैशियम, विटामिन ए और सी होता है। इसके अलावा, टमाटर में एंटीऑक्सिडेंट लाइकोपीन भी पाया जाता है, जो शरीर में बैड कोलेस्ट्रॉल को कम करने में मदद करता है। अगर आप हाई कोलेस्ट्रॉल की समस्या से परेशान हैं तो अपने खाने में टमाटर का इस्तेमाल जरूर करें।

# फैटी लिवर की बीमारी से हैं पीड़ित तो आज ही आजमाएं यह घरेलू नुस्खे

एकता

आज के समय में हर पांच व्यक्ति में से एक व्यक्ति फैटी लिवर की से पीड़ित है। यह बीमारी अधिकतम लोगों को कोई शारीरिक हानि नहीं पहुँचाती पर विशेषज्ञों की मानें तो फैटी लिवर की बीमारी से पीड़ित 1 प्रतिशत लोगों का लिवर 15 से 20 साल बाद ख़राब होकर फैल हो सकता है।
इसलिए वक़्त रहते इस बीमारी को नियंत्रित करना बहुत जरुरी है।
आजकल अनहेल्दी लाइफस्टाइल, तनाव और खाने-पीने की गलत आदतों की वजह से ज्यादातर लोग कई बीमारियों से पीड़ित हैं। इन्हीं बीमारियों में से एक बीमारी है फैटी लिवर की। आज के समय में हर पांच व्यक्ति में से एक व्यक्ति फैटी लिवर की से पीड़ित है। इस बीमारी में लिवर में फैट जमा होने लगता है और लिवर सूज जाता है, जिससे पीड़ित व्यक्ति को कई परेशानियां झेलनी पड़ती है। यह बीमारी अधिकतम लोगों को कोई शारीरिक हानि नहीं पहुँचाती है पर विशेषज्ञों की मानें तो फैटी लिवर की बीमारी से पीड़ित 1 प्रतिशत लोगों का लिवर 15 से 20 साल बाद ख़राब होकर फैल हो सकता है। इसलिए वक़्त रहते इस बीमारी को नियंत्रित करना बहुत जरुरी है। आज के अपने इस लेख में फैटी लिवर की बीमारी से छुटकारा पाने के कुछ घरेलू नुस्खों के बारें में बताएँगे जो यकीनन आपके काम आएंगे।

### हल्दी

फैटी लिवर की बीमारी से राहत दिलाने के लिए हल्दी भी एक अच्छा उपाय है। हल्दी में एंटी-इंफ्लेमेटरी और एंटीऑक्सीडेंट गुण मौजूद होते हैं जो लिवर सेल्स को ख़राब होने से बचाते हैं। इसके अलावा हल्दी हमारे शरीर को हानिकारक पदार्थों से बचाने का भी काम करती है।

### एलोवेरा

एलोवेरा कई प्राकृतिक गुणों से भरपूर होती है। इसका सेवन करने से शरीर को डिटॉक्स करके उन सभी हानिकारक पदार्थों को बाहर निकालने में मदद मिलती है जो लिवर को नुकसान पहुंचा सकते हैं। एलोवेरा लीवर डिसऑर्डर, एनीमिया, पीलिया जैसी अन्य लिवर की बीमारियों में भी काफी फायदेमंद साबित हो सकती है।

### भूमि आंवला

फैटी लिवर की बीमारी में भूमि आंवला का सेवन करने से कई फायदे मिलते हैं। यह एंटीपीयरेटिक और एंटीमलेरिया गुणों से भरपूर होते हैं जो लिवर की काम करने की शक्ति को बढ़ाने में मदद करते हैं। इसके अलावा भूमि आंवला के सेवन से लिवर की सूजन और पीलिया जैसी समस्या भी ठीक हो जाती है।

### नट्स

नट्स का सेवन करने से भी फैटी लिवर की समस्या से बचाव हो सकता है।
कुछ अध्ययनों में पाया गया है कि नियमित रूप से नट्स का सेवन करने से लीवर एंजाइम के स्तर को बेहतर बनाने में मदद मिलती है। कुछ अध्ययनों में यह भी पता चला है कि अखरोट अमीनो एसिड, ग्लूटाथियोन और ओमेगा 3 फैटी एसिड से भरपूर होते हैं और लिवर के के कार्य में सुधार करते हैं।

### लहसुन

लहसुन एंटी बैक्टीरियल गुणों और सेलेनियम से भरपूर होता है।
इसका नियमित रूप से सेवन करने से लीवर के डिटॉक्स एंजाइम सक्रिय हो जाते हैं और प्राकृतिक रूप से हानिकारक पदार्थ बाहर निकलने लगते हैं। इसके अलावा लहसुन खाने से हमारे शरीर को और भी कई फायदे मिलते हैं।